e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 184
शुक्रवार
07.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
यदि आप ये सोचते रहे कि लोग क्या कहेंगे तो आप अपने जीवन की पहली परीक्षा में ही हार गये हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

## क्विक न्यूज

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 जुलाई को

**रांची:** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक रांची में मंगलवार 11 जुलाई 2023 को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं।

### पंचायत चुनाव से पहले बंगाल में जारी है हिंसा का दौर

**कोलकाता:** बंगाल में आठ जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी क्रम में गुरुवार शाम चुनाव प्रचार खत्म होने से पहले पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के अलग-अलग हिस्सों में चुनाव को केंद्र कर तीन और लोगों की मौतें हुई है। इसी के साथ पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से बीते 26 दिनों में चुनावी हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई। इनमें बीरभूम जिले के मोहम्मद बाजार इलाके के सेरेंडा से गुरुवार सुबह एक भाजपा नेता का संदिग्ध हालात में सड़क किनारे एक तालाब से शव मिला। भाजपा का दावा है कि धारदार हथियार से काटकर हत्या के बाद उनके शव को फेंक दिया गया। हिंगलो ग्राम पंचायत में भाजपा के बूथ उपाध्यक्ष दिलीप नाहरा (48) बुधवार रात से लापता थे। उनकी पत्नी चोबी नाहरा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। स्थानीय भाजपा नेताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध में हत्या बताते हुए इसके लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि तृणमूल ने आरोपों को खारिज किया है। दूसरी ओर मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में बुधवार देर रात देसी बम विस्फोट में एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता की मौत हो गई, जबकि दक्षिण 24 परगना के कुलपी में चुनाव प्रचार के दौरान कथित हमले में घायल कांग्रेस बूथ अध्यक्ष ने गुरुवार सुबह अस्पताल में दम तोड़ दिया। बता दें कि मंगलवार को ही राज्य के डीजीपी मनोज मालवीय ने हिंसा और झड़प की घटनाओं को छिटपुट बताया था। उन्होंने कहा था कि इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है।

### कोडरमा : वज्रपात से दो की मौत

**चंदवारा (कोडरमा)** : चंदवारा थाना क्षेत्र के खांडी में गुरुवार देर शाम वज्रपात से एक बच्चा व एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार खाड़ी निवासी 44 वर्षीय जोवल यादव पिता बिहारी यादव खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान वज्रपात के चपेट में गये वहीं एक तीन वर्षीय बच्चा कारू रविदास पिता विदेशी रविदास जो कि अपने घर के बाहर खेल रहा था,वह भी वज्रपात के चपेट में आ गया। घटना के बाद दोनो घायलों को परिजनों के द्वारा कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है।

### भाजपा की सांगठनिक बैठक में शामिल हुए झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सहित कई नेता

**रांची/असम** : भाजपा पूर्वी क्षेत्र के राज्यों बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा की गुवाहाटी में गुरुवार को सांगठनिक बैठक हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल हुए। बैठक को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, सह संगठन महामंत्री प्रकाश का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की हुई अहम बैठक

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में मनरेगा का अहम रोल : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राज्य सरकार का ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर है। इस लिहाज से मनरेगा से जुड़ी योजनाएं झारखंड के लिए काफी मायने रखती है। इन योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इसकी मजबूत निगरानी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये बातें कही। उन्होंने उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना परिषद की बैठक हर तीन माह में आयोजित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया, ताकि तमाम योजनाओं की नियमित और विस्तार से समीक्षा हो सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए लाभुकों की भी अकाउंटेबिलिटी तय होनी चाहिए। इससे योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने में भी मदद मिलेगी और लाभुकों को बिचौलियों से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत राज्य सरकार द्वारा भी कई योजनाएं चलाई जा रही है। ऐसे में श्रमिकों के कार्य की कोई कमी नहीं है।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप इन योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दें और उन्हें इन योजनाओं से जोड़ने की दिशा में पहल करें। इससे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी और गांव का भी तेजी विकास होगा।मुख्यमंत्री ने डीआरडीए का पंचायती राज विभाग में विलय के आलोक में मनरेगा के अंतर्गत जिला कार्यक्रम समन्वयक की जिम्मेदारी जिलों के उपायुक्तों को देने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी।



मनरेगा के तहत जिला कार्यक्रम समन्वयक की जिम्मेदारी उपायुक्त को देने के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने दी सहमति

### सामाजिक अंकेक्षण को क्रियाशील करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत पंचायतों में चल रही योजनाओं का सोशल ऑडिट रेगुलर होना चाहिए। इससे योजनाओं में गड़बड़ी और लापरवाही पर अंकुश लगेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य विशेषकर पहाड़ी इलाकों में अनेकों चुआं और छोटे-छोटे झरने हैं। इन सभी का जियो मैपिंग कराने की परियोजना बनाएं ताकि इसकी पानी की क्षमता को बढ़ाकर समुचित इस्तेमाल किया जा सके उन्होंने संवर्धन योजना के तहत बनने वाले कुओं का भी जियो मैपिंग कराने को कहा।

### खेल मैदानों के चारों ओर वृक्षारोपण हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जो खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं, उसके चारों और वृक्षारोपण कराएं। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को वन पट्टा मिल सके, इसके लिए मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश अधिकारियों को दिया । उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा फलदार पेड़ लगाने की मुहिम को तेज करने को भी कहा। इसके तहत गांव में खाली जमीनों पर फलदार पेड़ लगाएं, ताकि लाभुकों के आय में इजाफा के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिले।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद के उपाध्यक्ष एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और सदस्य के तौर पर कृषि मंत्री श्री बादल, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल,अपर मुख्य सचिव एल खियांगते, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह,मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अबु बकर सिद्दीक, सचिव डॉ मनीष रंजन, सचिव श्री प्रशांत कुमार, सचिव चंद्रशेखर, मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, सभी पांच प्रमंडलों के आयुक्त, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के प्रतिनिधि, चतरा, लातेहार, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम और पाकुड़ के उप विकास आयुक्त और विशेषज्ञ के रूप में प्रो रमेश शरण एवं श्री जॉनसन टोपनो मौजूद थे।

वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद बोले शरद पवार

# मैं ही हूं एनसीपी का अध्यक्ष : शरद पवार



### अजित ने मीटिंग को बताया गैरकानूनी

एजेंसी

**नई दिल्ली** : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में बगावत के बाद अब बयानबाजी और बैठकों का दौर जारी है. एक तरफ शरद पवार ने गुरुवार को अपने वफादारों के साथ दिल्ली में एनसीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक ली.उन्होंने बैठक में कहा कि मैं ही एनसीपी का अध्यक्ष हूं.किसी और के अध्यक्ष बनने की बात गलत है. वहीं दूसरी तरफ उनके भतीजे और एनसीपी बागी गुट के नेता अजित पवार ने इस बैठक को ही गैरकानूनी करार दे दिया. अजित पवार की तरफ से जारी बयान में कहा गया,%शरद पवार ने जो बैठक बुलाई है, वह गैरकानूनी है. एनसीपी के प्रतिनिधित्व को लेकर विवाद चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में है.इसलिए पार्टी के अंदर किसी भी व्यक्ति को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाने का अधिकार नहीं है. बैठक में लिया गए फैसला मानने के लिए कानूनी तौर पर कोई भी बाध्य नहीं है.दिल्ली में स्थित शरद पवार के आवास पर हुई एनसीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में शरद पवार के साथ सुप्रिया सुले, सांसद फौजिया खान, वंदना चव्हाण, पीसी चाको (केरल अध्यक्ष), योगानंद शास्त्री, जितेंद्र आव्हाड, विरेंद्र वर्मा (हरियाणा अध्यक्ष) भी शामिल रहे. बता दें कि शरद पवार ने आज राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अलावा राष्ट्रीय कार्यसमिति, राष्ट्रीय पदाधिकारियों और राज्य पार्टी अध्यक्षों की बैठक बुलाई थी.शरद पवार की दिल्ली में हुई बैठक के बाद पार्टी के केरल अध्यक्ष पीसी चाको ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि एनसीपी ने नई कार्यकारिणी समिता का चुनाव कर लिया है. पार्टी की सभी 27 यूनिट कमेटी शरद पवार के साथ हैं.

महाराष्ट्र में पार्टी की एक भी कमेटी उनके (अजित पवार) साथ नहीं है. राज्य की 5 इकाइयों के अध्यक्ष ने लिखित पत्र भेजकर अपनी सहमति जाहिर की. जबकि, बाकी कमेटियों के चीफ बैठक में मौजूद रहे. इस मीटिंग में 8 प्रस्ताव पारित हुए. सभी ने शरद पवार के नेतृतव पर भरोसा जताया. 9 विधायकों के निष्कासन के फैसले पर भी सभी ने सहमति जारहिर की.

# सबसे ज्यादा युवाओं को रोजगार देने वाला राज्य बना गुजरात

* रोजगार का अवसर मुहैया कराकर वर्ष 2002 से लगातार टॉप पर रह रहा गुजरात



एजेंसी

**अहमदाबाद।** रोजगार कार्यालयों द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के मामले में गुजरात वर्ष 2002 से लगातार देश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। गुजरात ने इस परिपाटी को इस वर्ष भी बरकरार रखा है। राज्य के श्रम एवं रोजगार मंत्री बलवंत सिंह राजपूत ने केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से प्रतिवर्ष जारी की जाने वाली रिपोर्ट के हवाले से कहा कि गुजरात के लिए यह गर्व की बात है कि 'रोजगार विनिमय सांख्यिकी-2023' की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 के दौरान रोजगार कार्यालयों के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान करने के मामले में गुजरात ने एक बार फिर प्रथम स्थान अर्जित किया है।मंत्री बलवंत सिंह राजपूत ने कहा कि वर्ष 2018-19 से 2022-23 के दौरान 5 वर्षों की अवधि में रोजगार कार्यालयों द्वारा 15 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान किया गया है। इस अवधि में 7 हजार से अधिक भर्ती मेलों के आयोजन से ही राज्य के लगभग 8 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ है।उन्होंने कहा कि गुजरात के युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने तथा ऑनलाइन व्यवस्था के माध्यम से नियोक्ताओं को उनकी जरूरत के मुताबिक मानव बल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने एक अभिनव पहल के अंतर्गत 'अनुबंधम' वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप विकसित किया है। आज यह वेब पोर्टल नियोक्ताओं और रोजगार के इच्छुक युवाओं के बीच एक पुल की भूमिका अदा कर रहा है।रोजगार विनिमय सांख्यिकी-2023' की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में देश के सभी राज्यों द्वारा कुल 6,44,600 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जबकि अकेले गुजरात ने इसका 43 फीसदी यानी 2,74,800 युवाओं को रोजगार मुहैया कराया है। देश में 13,67,600 अधिसूचित रिक्तियां पंजीकृत की गईं।

# राजस्थान में एकजुट होकर चुनाव लड़ने पर बनी सहमति : कांग्रेस



एजेंसी

**नई दिल्ली-जयपुर :** नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत पार्टी के तीस नेताओं ने राजस्थान के आगामी चुनावों में सभी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर एक बार फिर सरकार बनाने के सभी प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की। करीब चार घंटे चली बैठक में सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री गहलोत बैठक में वर्चुअली जुड़े थे। सभी नेताओं ने राजस्थान से जुड़े मामले पर फैसले हाईकमान पर छोड़ दिया है। हाईकमान जो फैसला करेगा,वह सबको मान्य होगा। सचिन पायलट का रोल तय करने पर भी हाईकमान फैसला करेगा। बैठक में राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजस्थान के नेताओं को एकजुट होकर चुनाव लड़ने को कहा है। नेताओं से कहा गया है कि चुनावों में एकजुट होकर मैदान में उतरे। अब किसी तरह के मतभेद की बात सामने नहीं आनी चाहिए। बैठक में नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ने का भरोसा दिलाया। कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने बैठक के बीच में ट्वीट कर कहा कि राजस्थान का किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं और समाज का हर एक वर्ग कांग्रेस में अपनी आस्था व्यक्त कर रहा है। हम सबकी आकांक्षाओं का ख्याल रखेंगे। राजस्थान का वर्तमान और भविष्य दोनों कांग्रेस के हाथों में सुरक्षित है। इस बार इतिहास बदलेगा। बैठक के बाद संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पत्रकारों से कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से एकजुट होकर चुनाव लड़ने का फैसला किया गया है। सभी नेता कॉनफिडेंट थे कि हम राजस्थान फिर से जीतेंगे और हम एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस के सभी नेता एक हैं। वेणुगोपाल ने पायलट समेत अब कोई भी मुद्दा पेंडिंग नहीं होने का दावा किया और कहा कि पायलट आज की बैठक में पार्टी एकता को लेकर बहुत अच्छा बोले और उन्होंने विश्वास जताया कि हम दोबारा सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि गहलोत चोट लगने के कारण आ नहीं सके, लेकिन वीसी से पूरे चार घंटे बैठक से जुड़े रहे। अब नेताओं के बीच कोई इश्यू नहीं है, सभी इश्यूज सुलझ चुके हैं और पार्टी चुनावों के लिए तैयार है। वेणुगोपाल ने कहा कि बैठक में उम्मीदवारों के चयन को लेकर भी फैसला हुआ है। जीतने की क्षमता सबसे बड़ा फैक्टर होगा। हम केवल जिताऊ उम्मीदवारों को मैदान में उतारेंगे और यही टिकट का सबसे बड़ा मापदंड होगा। हम सितम्बर के प्रथम सप्ताह तक उम्मीदवार तय कर लेंगे और कर्नाटक की तरह यहां भी हम बहुत पहले उम्मीदवारों की घोषणा कर देंगे।

# नीति आयोग 12 जुलाई को रांची में करेगी बैठक

एजेंसी

**रांची।** नीति आयोग की टीम 11 जुलाई को झारखंड के दौरे पर आएगी और राज्य में चल रही केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करेगी। नीति आयोग के सदस्य डॉ विनोद कुमार पॉल के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम 12 जुलाई को प्रोजेक्ट भवन सभागार में राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इस टीम में वरीय सलाहकार नीरज सिन्हा, डॉ अशोक, ए सोनू सोनकुसरे, डॉ थ्यागराजू, नमन अग्रवाल और एसजी शिंदे शामिल हैं। दो दिवसीय इस दौरे में नीति आयोग की टीम के द्वारा केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय और योजनाओं को लेकर मंथन होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी नीति आयोग की टीम के मिलने की संभावना है। जानकारी के अनुसार नीति आयोग की टीम 11 जुलाई को शाम 7.30 बजे दिल्ली से रांची पहुंचेगी। राज्य सरकार ने झारखंड भवन पर आ रहे डॉ विनोद कुमार पाल सहित सभी नीति आयोग के सदस्यों को राजकीय अतिथि घोषित किया है। झारखंड मंत्रालय में 12 जुलाई को 12-30 बजे होने वाली समीक्षा बैठक के दौरान राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह सहित सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में राज्य में चल रहे हर घर नल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, केंद्रीय मद से बन रही सड़क, स्वास्थ्य एवं रेल हवाई मार्ग के लिए जमीन अधिग्रहण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। नीति आयोग के टीम के झारखंड दौरे को लेकर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों ने तैयारियां शुरू कर दी है। केंद्रीय योजनाओं की अद्यतन स्थिति से संबंधित रिपोर्ट सभी विभागों से मुख्य सचिव कार्यालय में मंगाया जा रहा है, जिससे समेकित रिपोर्ट राज्य की ओर से नीति आयोग को दी जाए।उल्लेखनीय है कि 27 मई को केंद्रीय नीति आयोग की बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार के सामने कई प्रस्ताव रखे थे। उन्होंने एमएसएमई निदेशालय की स्थापना और जिला उद्योग केंद्रों को विकसित करने की मांग को भी रखा था। साथ ही एमएसएमई में अस्थाई पूंजी की सब्सिडी को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर अधिकतम 40 फीसदी करने के मुद्दे पर भी कई सुझाव दिए थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नीति आयोग की बैठक में कहा था कि झारखंड ने विगत तीन वर्षों में विकास की गति को काफी तेजी से पकड़ा है। झारखंड में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निवेश की असीम संभावनाएं हैं। इसको लेकर के मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि केंद्र और राज्य के मिलकर काम करने से झारखंड तेजी से विकास कर सके।

### केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय और योजनाओं को लेकर नीति आयोग करेगा मंथन




# झारखंड में अब तक 38 प्रतिशत कम हुई मानसून की बारिश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में अभी भी मानसून की बारिश में भारी कमी है। अब तक 38 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई है। राज्य में एक जून से लेकर चार जुलाई तक 147.2 मिमी बारिश हुई है, जो कि सामान्य बारिश 236.1 मिमी के मुकाबले 38 फीसदी कम है।मौसम विभाग के अनुसार नार्दर्न लिमिट ऑफ मानसून टर्फ फिलहाल गंगानगर, दिल्ली, अलीगढ़, हमीरपुर, प्रयागराज, डाल्टनगंज, बालासोर से दक्षिण दिशा होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रहा है। इससे आगे झारखंड में बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की जबकि कहीं- कहीं भारी वर्षा हुई। राज्य में मानसून गतिविधि सामान्य रही। सबसे अधिक वर्षा 95.0 एमएम बोकारो के नवाडीह में दर्ज की गयी। सबसे अधिक तापमान 36.4 डिग्री चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री रांची में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार चतरा, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह गुमला, हजारीबाग, कोडरमा लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रांची, पश्चिम सिंहभूम जिले के कुछ भागों में अगले 24 घंटे में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना है।

# भाजपाइयों ने मनाई डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी पलामू की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री विजय नंद पाठक ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज कुमार सिंह जी उपस्थित रहे। व विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अमित कुमार सिंह प्रदेश प्रवक्ता भी उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा किया गया तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जन्मदिवस भी मनाया गया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवन पर विशिष्ट जनों ने अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया।विषय प्रवेश कराते हुए जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद जी का जन्म आज ही के दिन सन 1901 में हुआ था। यह दिन अपने आप में महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि हम सभी के प्रेरणा स्रोत व प्रकाश पुंज डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी हैं ,उन्होंने अपने जीवन काल में कभी किसी के साथ समझौता नहीं किया।यहां तक कि पंडित जवाहरलाल नेहरु की कैबिनेट से इस्तीफा देने वाले पहले व्यक्ति वही थे ।जिन्होंने एक देश एक निशान एक विधान का नारा दिया और धारा 370 का विरोध किया था। आज पार्टी उन्हीं के नक्शे कदम पर चलते हुए कश्मीर से धारा 370 को हटाने का काम की है।वहीं प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि पलामू जिले का कार्य बहुत ही सराहनीय है यहां के कार्यों को प्रदेश कार्यालय में बहुत ही सम्मानजनक तरीके से देखा जाता है।आज हम सभी ने जो महा संपर्क अभियान के तहत कार्य किया उसकी प्रशंसा चतुर्दिक हो रही है बूथ सशक्तिकरण अभियान को तेज करके अपने कर्तव्य का निर्वहन करें जिससे पार्टी और मजबूत हो और आने वाले समय में चुनाव में इसका प्रत्यक्ष लाभ पार्टी को मिलेगा।वहीं प्रदेश प्रवक्ता अमित सिंह ने कहा कि पलामू का महा संपर्क अभियान बहुत जबरदस्त चला इसकी प्रशंसा चाहूँओर होती है , इसके लिए यहां के जिला अध्यक्ष जिले के प्रभारी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी नेता कार्यकर्ता सभी को तहे दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद।

## चैनपुर गांवों में पहुंच विधायक ने विकास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने गुरुवार को चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। विधायक ने हर तरह की समस्या का समाधान का आश्वासन दिया। विधायक ने चैनपुर क्षेत्र से दौरे की शुरुआत की। चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव चांदो दुबा भुइया राजा अलगडीहा पिड़हे तेतरीया दामर दौरा कर अपने लोगो के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया। ग्रामीणों ने मुख्य पथ से सड़क और नाली गांव तक बनाने की मांग की। चांदो गांव में ही विधायक ने तेतरीया, दामर गांव के लोगों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों का कहना है की गांव के मुहल्ले में बरसात के मौसम में चलना काफी मुश्किल हो जाता है। कई वृद्ध व विधवा महिलाओं ने पेंशन नही मिलने की शिकायत की। विधायक ने बीडीओ को इसपर विशेष ध्यान देने को कहा। विधायक ने कहा आपकी समस्या व व्यथा देखने व सुनने आपके द्वार तक पहुंचा हूं। आपकी हर समस्याओं का हर संभव समाधान किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं से कहा कोई भी समस्या हो मुझे तुरंत सूचना दें। इस मौके पर कई लाभुको जनप्रतिनिधि,कई गन्नेवान सभी क्षेत्र के मुखिया और वार्ड पार्षद समेत भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों पार्टी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## कुटमू में निशुल्क चिकित्सा शिविर का हुवा आयोजन



**पांडू, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत कुटमू पंचायत के उत्कर्मित उच्च विद्यालय में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. बताते चले की यह आयोजन लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के द्वारा किया गया है जिसमें 142 विभिन्न प्रकार के मरीजों का निशुल्क चिकित्सा दवाई और जाँच किया गया। मौके पर उपस्थित पांडू भाजपा मंडल के महामंत्री शंकर गुप्ता ने कहा की ग्रामिण क्षेत्र में इस तरह के शिविर लगाए जाने से गरीबों को काफी लाभ मिल रहा है.मौके पर डॉ सुर्य प्रकाश सैनी, डॉ अजय कुमार, नर्स बरसा कुमारी, खुश्बू कुमारी, फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र कुमार, लैब टेक्नीशियन अक्षय कुमार, आश्विनी कुमार, जूनियर मैनेजर खुर्शीद आलम, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कामेश्वर चौधरी, आशीष कुमार गुप्ता, विद्यालय अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, आशीष कुमार मौजूद रहे।

## जितेंद्र सिंह के अंतिम संस्कार में विधायक आलोक चौरसिया सहित दर्जनों लोग हुए शामिल



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के चांदो गांव निवासी जितेंद्र सिंह के निर्धन में पहुंचे विधायक आलोक कुमार चौरसिया को खबर मिलने पर अपने कार्यकर्ता की दाह संस्कार अंतिम यात्रा में हुए शामिल। डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक आलोक कुमार चौरसिया चैनपुर प्रखंड अंतर्गत चांदो गांव पहुंचे जहां वह अपने कार्यकर्ता जितेंद्र सिंह के आकाश्मिक निर्धन होने पर उनके परिजनों से मिलकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके अंतिम यात्रा में शामिल हुवे उन्होंने कहा की उनके लिए एक यह कार्यकर्ता बहुत महत्वपूर्ण है उनके शुख दुःख में शामिल होना कर्तव्य बनता है। इस दुख की घड़ी में परिवार को दुख सहने की भगवान ताकत दे। लोगों के चेहरे पर जहां गम की साया स्पष्ट दिख रही थी वहीं आंखें नम थी। इसमें इतने लोग शामिल थे कि कुछ देर के लिए यातायात भी ठप हो गई। लोग जहां स्व. मंडल अमर रहे के नारे लगा रहे थे।

## जन्म प्रमाण से वंचित बच्चों का दें ब्योरा : बीडीओ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** आपके विद्यालय में अध्यनरत वैसे बच्चे जिनका अभी तक जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है उनकी सूची जल्द ब्लॉक कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सके उक्त बातें पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कही वे गुरुवार को प्रखंड कार्यालय सभागार पंडवा में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक व आंगनबाड़ी सेविका को संबोधित कर रहे थे। कहा कि कोरोना के समय बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र के लिए निबंधित नहीं हो पाया था जिस कारण बहुत से बच्चे जन्म प्रमाण पत्र से वंचित रह गए हैं। आंगनबाड़ी सेविका को कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र के मृत व्यक्ति जिनका निबंधन मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए नहीं हो पाया है कि सूची सर्वे कर कार्यालय को उपलब्ध कराएं जिससे उनका मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत हो सके। इससे पूर्व समीक्षा बैठक का शुभारंभ पंडवा प्रमुख गीता मेहता बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, उप प्रमुख धर्मवीर सिंह ऊर्फ मंटू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर मुखिया कमला देवी, सुमित्रा देवी, आशा प्रसाद, राजीव रंजन, शिक्षक अनिल कुमार सिन्हा, रामानुज प्रसाद, संजय कुमार बैठा, अशोक कुमार पाठक, अरुण तिवारी, जेपीएस मनोज कुमार मिश्रा, सीआई उमेश्वर यादव, रणविजय ठाकुर, अभय कुमार द्विवेदी, शशिभूषण सिंह, अमित कुमार, रिंनता बाला, रेखा तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## धर्म सभी जाति वर्ग को एक सूत्र में जोड़ता है : डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी

- आगामी नौ जुलाई को माता शवरी जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित
- भंडार और लालगढ़ पंचायत के नवनिर्मित मंदिरों में माता शबरी के प्रतिमा का होगा अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** माता शबरी सेवा समिति के द्वारा शबरी जयंती के अवसर पर आगामी नौ जुलाई को कई कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मुख्य कार्यक्रम विश्रामपुर प्रखंड के भंडार व लालगढ़ पंचायत के नव निर्मित मंदिरों में माता शबरी के प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दी। आरसीआईटी के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री चंद्रवंशी ने बताया कि माता शबरी का प्रतिमा स्थापित कर उसकी प्राणप्रतिष्ठा के बाद अनावरण किया जाएगा। इसके अलावा वृंदावन के रूद्र महाकाल ग्रुप के कलाकारों द्वारा धार्मिक भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम की प्रिया भक्त माता शबरी की अनुनय गाथा सनातन धर्मावलंबियों के लिए एक प्रेरणा है। सनातन धर्म सभी जाति वर्गो को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा कि नौ जुलाई के कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी करेंगे। वहीं पाटन विधायक पुष्पा देवी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे.विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने बताया कि नौ जुलाई को प्रातः सात बजे कलश शोभा यात्रा निकाला जाएगा। इसके दिन के नौ बजे प्राणप्रतिष्ठा होगा। जिसके बाद प्रतिमा का अनावरण पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम 11.30 बजे से शुरू हो जाएगा। दोपहर दो बजे से महाप्रसाद का वितरण और महाभंडारा शुरू होगा जो पूरे दिन चलेगा। मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, इदरीश हवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## व्यवसायिक शिल्प परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कौवाखोह स्थित नेशनल प्रा. आईटीआई परीक्षा केंद्र पर गुरुवार को अखिल भारतीय व्यवसायिक शिल्प परीक्षा, 2023 कदाचार मुक्त संपन्न हो गया। केंद्राधीक्षक राजीव रंजन ने बताया कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सीआई प्रगति प्रकाश, एसआई निरंजन कुमार की उपस्थिति में प्रथम सत्र एवं द्वितीय सत्र की परीक्षा का शांतिपूर्ण संचालन किया गया। उन्होंने बताया कि आईटीआई में प्रशिक्षणरत शिक्षार्थियों को यह परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक होता है। परीक्षा केंद्र पर परीक्षक नंदन कुमार, सौरभ राज सुमन, उत्तम प्रजापति, अरविंद सिंह, विमलेश पाठक आदि उपस्थित थे।

## समाहरणालय में शोक सभा का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** समाहरणालय परिसर में गुरुवार को उपायुक्त पलामू आंजनेयुलु दोड्डे समेत अन्य पदाधिकारियों एवं समाहरणालय के कर्मियों के द्वारा अपराह्न 3:00 बजे चैनपुर अंचल के राजस्व उप निरीक्षक रीता कुमारी के मृत आत्मा की शांति हेतु शोक सभा का आयोजन किया गया। विदित हो कि 6 जुलाई 2023 को सुबह दस बजे माँ रामप्यारी हॉस्पिटल रांची में रीता कुमारी का देहांत हो गया था। उनके निधन के उपरांत आज समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन कर मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया गया. तत्पश्चात कार्यालय कार्य स्थगित कर दिया गया. इस दौरान उपायुक्त पलामू, अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, वरीय कार्यालय अधीक्षक मो शकील सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाहरणालय कर्मी उपस्थित थे।

## भारतीय लोक कल्याण संस्थान द्वारा किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कधवन ग्राम में गुरुवार को एग्री क्लिनिक सेंटर कार्यान्यवन संस्थान भारतीय लोक कल्याण संस्थान द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।किसान गोष्ठी में प्रखंड समन्वयक सरोज सोनकर ने महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिट्टी जांच, बीज उपचार, उर्वरक की शुद्धता जांच,फसल रोग हेतु उपचार विधि,खरीफ फसल खेती की जानकारी, जैविक खेती, आधुनिक खेती, उद्यान विभाग की सरकारी योजना-राज्य उद्यान विकास योजना की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने महिला समूह के बीच आवेदन पत्र भी वितरण किया।एग्री क्लिनिक के उद्यान मित्र मुकेश शुक्ल ने महिला समूह के लोगो को कलम करने के लिये प्रशिक्षण दिया तथा कलम करके कलम करने की जानकारी दिया। मौके पर सबिता देवी, मायावती देवी, प्रमिला देवी, इंद्रावती देवी, खुशबुन बीबी, अफ़साना बीबी, रैतुन बीबी, रेहाना बीबी, जुलेखा बीबी, मोकिमा बीबी, असरून खातुन, शबनम खातुन, फजीलत खातुन, सबीना खातुन सहित अन्य महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

## पंचायत सचिवालय केतार में मेडिकेटेड मछरदानी का हुआ वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** गुरुवार को पंचायत सचिवालय केतार के प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2856 मेडिकेट मच्छरदानी का वितरण किया गया। स्थानीय मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि हमारे पंचायत के केतार, केतरी, पण्डितपूरा गांव के लाभुको के बीच मेडिकेटेड मच्छरदानी वितरण किया जा रहा है। जो गरीबों के हक में काफी लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि मलेरिया एक भयानक बीमारी है जो एनोफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है सरकार द्वारा मिलने वाली मेडिकेट मच्छरदानी इससे बचाव करेगी। ग्रामीणों से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु का आगमन हो चुका है आप लोग अपने घरों को साफ सफाई कर स्वच्छ रखे तथा आस पास पानी जमा नही होने दे। प्रतिदिन मच्छरदानी लगाकर सोये तथा मलेरिया बीमारी से बचे, उसी को



लेकर वर्तमान सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा गरीब परिवारों के बीच मेडिकेट मच्छरदानी का वितरण किया जा रहा है। इस मौके स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि इस मेडिकेट मच्छरदानी का उपयोग करने से पहले छाया में खोलकर चौबीस घन्टे तक रखे इसके पश्चात ही मच्छरदानी को लगाए। इस मौके पर बीटीटी अनुज कुमार,एमपीडब्लू धर्मजीत राम, स्वास्थ्य सहिया माया देवी, कविता देवी, संगीत देवी, उर्मिला देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सौतेले बेटों ने मां को पीटा मां गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुकरी मोड़ निवासी कमरुद्दीन अंसारी की पत्नी साजिदा बानो 45 वर्ष को सौतेले बेटों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह किसी बात को लेकर साजिदा बानो का अपने सौतेले बेटों से झगड़ा होने लगा। इस बीच सौतेला बेटा मुख्तार अंसारी और तजमुल अंसारी दोनों मिलकर साजिदा बानो को मारने पीटने लगे जिसमें साजिदा गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी साजिदा बेहोश पड़ी हुई है। वहीं इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी चैनपुर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## टमाटर आम आदमी की पहुंच से हुआ बाहर

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय स्थित सब्जी बाजार में लगातार बढ़ रहे टमाटर गरीबो के थाली से दूर हो गए है। इसके साथ ही अन्य सब्जियो के बढ़ते भाव आम आदमी के घर का बजट बिगाड़ कर रख दिया है। भारी बारिश की वजह से टमाटर के दामों में बढ़ोतरी बरकरार है। वहीं क्षेत्र में टमाटर और सब्जियों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसके साथ ही बाजार में कुछ सब्जियों को छोड़कर सभी सब्जियो के भाव 40 से 50 रुपये किलो बिक रही है।जब कि रॉकेट की रफ्तार से टमाटर की कीमत बढ़ रही है।

# पुलिस ने लूटपाट के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने लूटपाट कांड में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार गुरुवार को जेल भेज दिया है।इस संबंध में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि 30 मई को वादी मो( ) इरफान पिता स्व( ) मो( ) रसीद सा( ) कुंड मुहल्ला थाना शहर जिला पलामू अपने साथ मो( ) शहजाद पिता स्व0 मुन्ना खान के साथ जपला से डालटनगंज आ रहे थे तो समय करीब 10.30-11.00 बजे रात्री में बैजनाथ आश्राम के पास पीछे से टोटो गाडी से धक्का मार कर उन्हें गिरा दिया गया था तथा वादी का स्कूटी, चांदी का चैन एवं बादी से 1,40,000/- रूपया मार पीट कर लूट लिया गया था। वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार उक्त कांड में 1. दिपक कुमार उम्र 19 वर्ष पिता मुकुंद राम ग्राम डाली थाना छतरपुर जिला पलामू, 2. राहुल कुमार उम्र 24 वर्ष पिता दिनेश शर्मा सा0 अम्बेदकर नगर दक्षिण रेडमा थाना शहर जिला पलामू 3. विशाल कुमार उम्र 22 वर्ष पिता गणेश राम चन्द्रवंशी सा) निमियां थाना शहर जिला पलामू 4. उदय कुमार चौधरी उम्र करीब 25 वर्ष पिता छोटेलाल चौधरी सा0 भुसही थाना सदर जिला पलामू को पूछ ताछ करने पर इन्होने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया जिन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया। कांड में लूटे गये मोबाईल एवं स्कूटी एवं कांड में प्रयोग किये गये टोटो जप्त कर लिया गया है। कांड का योजनाकर्ता उदय कुमार चौधरी पिता छोटेलाल चौधरी था। वादी एवं उदय कुमार चौधरी के बीच पैसा का लेन देन का मामला था। उक्त चारों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। अन्य दो अभियुक्तों के विरूद्ध छापामारी किया जा रहा है। इस कांड में विशाल कुमार पिता गणेश राम का टोटो जिसका पंजीयन सं0- JH03AH 9864 प्रयोग किया गया था जिसे जब्त किया गया है।गिरफ्तार आरोपियों में 1.दिपक कुमार उम्र 19 वर्ष पिता मुकुंद राम ग्राम डाली थाना छतरपुर जिला पलामू, 2. राहुल कुमार उम्र 24 वर्ष पिता दिनेश शर्मा सा0 अम्बेदकर नगर दक्षिण रेडमा थाना शहर जिला पलामू 3. विशाल कुमार उम्र 22 वर्ष पिता गणेश राम चन्द्रवशी सा0 निमियां थाना शहर जिला पलामू 4. उदय कुमार चौधरी उम्र करीब 25 वर्ष पिता छोटेलाल चौधरी सा0 भुसही थाना सदर जिला पलामू के रहने वाले है। पुलिस ने पकड़े गए लुटेरों के पास से महिन्द्रा कंपनी का टोटो जिसका पंजीयन सं0- JH03AH 9864 बरामद किया है। छापामारी दल में एएसपी ऋषभ गर्ग, सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार एएसआई अभिमन्यु सिंह, निरंजन कुमार, देवेन्द्र रजक, गोपाल दुबे, अमित कुमार उपाध्याय, मुन्ना कुमार, सुरेश बोदरा अर्जुन राम शामिल थे।

# गरबांध पंचायत के कार्यकारणी सदस्यों ने मुखिया के खिलाफ बीडीओ को दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के गरबाँध पंचायत के उप मुखिया पार्वती देवी के नेतृत्व में वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम को मुखिया के खिलाफ आवेदन देकर 15वे वित्त से गलत तरीका से राशि निकालने का आरोप लगाया। बीडीओ के दिए गए आवेदन में वार्ड सदस्यों ने लिखा है कि मुखिया सिविस्टयानी देवी के द्वारा कार्यकारिणी में लिये गए योजना को बदल देती है। अपने मन के मुताबिक योजना का चयन कर कंप्यूटर पर लोड करवा देती है जिससे मुखिया अपने मन-माफिक कार्य कर सकें। बीडीओ को दिए गए आवेदन में साफ तौर पर लिखा गया है कि पूर्व के कार्यकारिणी में लिया गया योजना को हटाकर राजा तालाब के पास पूर्व में पीएचडी के पाइप बांध में लगाया गया था।



जबकि मुखिया ने उसी को दिखाकर एक लाख रुपए की योजना पास कर दिया। ब्राह्मणी भुइयां टोला में पीएचडी से प्रधानमंत्री नल जल योजना से 40 घरों में पाइप बिछाया गया। फिर भी मुखिया ने उसी चापाकल में 15वे वित्त से सोलर जल मीनार लगाकर राशि दुरुपयोग करते हुए गलत ढंग से राशि का निकासी कर लिया गया है।आवेदन में यह भी लिखा है कि नल जल योजना में भी अपनी मनमर्जी किया गया है और हम सभी वार्ड सदस्यों को मुखिया द्वारा यह कहा गया कि तुम लोग मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते हो।पंचायत का मालिक मैं हूँ। सदस्यो द्वारा कहा गया है कि मनरेगा में भी मुखिया एक दलाल रख लिया गया है । उन्होंने कहा कि प्रत्येक मास्टर रोल पर एक हजार रुपए लेती है। मनरेगा से किसी भी योजना की कोड कराने के लिए बोलते हैं तो प्रत्येक कोड पर दो हजार रुपए मांगती है।इसकी शिकायत पूर्व में प्रखंड विकास कार्यालय में दिया गया है। लेकिन उस पर अभी तक किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी वार्ड सदस्य कार्य योजना जो देते हैं उस पर योजना को मुखिया द्वारा बदल दिया जाता हैं। अपने मुताबिक योजना कंप्यूटर पर लोड करवा देती है इसी कारण हम सभी वार्ड सदस्य कार्यकारिणी के बैठक का विरोध कर रहे हैं। सदस्यो ने आवेदन में लिखा है कि जब तक मुखिया पर कार्रवाई नहीं होगी। कार्यकारिणी की बैठक में भाग नहीं लेंगे।मौके पर खुशबू देवी, पारसनाथ यादव, बुधनी देवी, सावित्री देवी,मीना देवी,ममता देवी,रुद्रा देवी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

**संक्षिप्त खबरें**

## सड़क दुर्घटना में मृत के आश्रितों को मिलेगा एक एक लाख का मुआवजा राशि

**रांची।** विशिष्ट स्थानीय आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को हुई क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है।आश्रित को 1-1 लाख की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।

**निम्न आश्रितों को दी जाएगी मुआवजा राशि:** नीतू देवी मृतक का नाम स्व. चरकू मांझी, ग्राम रायटोली, थाना लापुंग, जिला रांची, विश्वासी खलखो, मृतक का नाम स्व. बर्थल खलखो, ग्राम खटंगा, सरनाटोली, थाना लापुंग, जिला रांची, कौशल्या देवी, मृतक का नाम स्व. दयाल महतो, ग्राम सेरेंगहातु , थाना सोनाहातू , जिला रांची, उपायुक्त द्वारा उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, रांची एवं अनुमंडल पदाधिकारी सदर, रांची के अनुशंसा के अलोक में सड़क दुर्घटना से हुई मृत आश्रितों को क्षतिपूर्ति राशि भुगतान करने हेतु कुल राशि 3,00,000 (तीन लाख) रुपए मात्र भुगतान करने की स्वीकृति दी गई है।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिर्फ नाम ही नहीं एक विचारधारा हैं : सांसद

**रांची** : शहर के हरमू स्थित नगर निगम पार्क में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर सांसद संजय सेठ ने उन्हें माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। सांसद ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिर्फ नाम ही नहीं यह एक विचारधारा हैं। डॉ मुखर्जी ने मां भारती की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। देश हित में अनेक कार्य किए, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके जीवन तथा कार्य से प्रेरणा लेनी चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि स्वहित से बड़ा देश हित होता है।

# सुगम यातायात व्यवस्था के लिए सड़क में बने गड्ढों का मरम्मत जल्द करें : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार एवं विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय कार्यों से सड़कों पर गड्ढा आदि करने से उत्पन्न अवरोध के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राँची, कौशल किशोर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर राँची, दीपक कुमार दुबे, अपर नगर आयुक्त राँची नगर निगम राँची, कुंदन सिंह पाहन,डीज़ीज़एमज़ भारत संचार निगम लिज़राँची, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण राँची, प्रोजेक्ट डायरेक्टर (तकनीकी) जुडको लिज़ राँची, परियोजना निदेशक (प्रशासन) जुडको लिज़ राँची, महाप्रबंधक गेल राँची,महाप्रबंधक तकनीकी राँची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन लीज़ राँची, पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरिस बिन जमां, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राँची, राजेश्वर नाथ आलोक,पुलिस उपाधीक्षक ट्रैफिक राँची, जीतवाहन ऊराव, जिला परिवहन पदाधिकारी राँची, प्रवीण प्रकाश एवं सभी कार्यपालक अभियंता विधुत विभाग, सभी कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल शहरी और ग्रामीण राँची और सभी संबंधित अधिकारी शामिल हुए। जानकारी हो कि उपायुक्त राँची, राहुल कुमार सिन्हा ने पूर्व में कई बैठक कर राँची शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण बैठक की हैं। ताकि आमजनों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। इसको लेकर उपायुक्त राँची इसे अपनी मुख्य प्राथमिकता में रखा हैं। उपायुक्त ने वर्तमान में राँची शहर के विभिन्न मार्गो में सड़क चौड़ीकरण/नाली निर्माण का कार्य होने से जगह-जगह पर सड़को में बने गड्ढे में जिसमें बरसात का पानी भर जाने से वाहनों का परिचालन वन-वे के तहत किये जाने कारणों से सुगम यातायात व्यवस्था संधारण करने में कठिनाई का सामना करने पर पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक राँची, से इस संबंध में पूरे विस्तार से जानकारी ली। जिसपर उनके द्वारा बताया गया कि इन जगहों पर सड़के खराब और टूटी एवं गड्ढेयुक्त है-यातायात थाना लालपुर क्षेत्रान्तर्गत्त, बरियातू मोड़ के पास वीज़ मार्ट के सामने, बरियातू रोड में मेडिका अस्पताल के सामने इसपर जल्द से जल्द इस्टीमेट बना कर देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बूटी मोड़ के पास, डंगराटोली चौक से कांटाटोली चौक के बीच, खादगड़ा के निकास द्वार के समीप पेट्रोल पंप के पास, मुंडा चौक, शहीद चौक, ओवरब्रिज के नीचे, बहुबाजार दक्षिणी, राँची रेलवे स्टेशन रोड जिसपर उपायुक्त राँची द्वारा जल्द से जल्द संबंधित अधिकारी को सड़क बनाने का निर्देश दिया गया। यातायात थाना गोंदा क्षेत्रान्तर्गत्त शनि मंदिर के पहले पेट्रोल पंप के पास गड्ढा, विशाल मेगा मार्ट के विपरीत साइड गड्ढा, किशोरगंज चौक के पास गड्ढा, गाड़ी खाना चौक के पास गड्ढा को उपायुक्त राँची द्वारा जल्द से जल्द तय मानक से ठीक करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया। **यातायात थाना जगरनाथपुर क्षेत्रान्तर्गत्त:** मुक्तिधाम पुल के पास गड्ढा, हरमू चौक के पास गड्ढा, अरगोड़ा चौक के लगभग 50 मीटर आगे सेटेलाइट चौक की तरफ जाने वाले मार्ग में गड्ढा, अरगोड़ा चौक के लगभग 100 मीटर आगे कड़रु के तरफ जाने वालें मार्ग पर गड्ढा, धोनी कटिंग के पास गड्ढा, पीज़एसज़ मोड़ के पास गड्ढा, सेटेलाइट गेट से अलकापुरी तक पाइप लाइन बिछाने के दौरान हुआ गड्ढा, नया उच्च न्यायालय गेट संख्या-1 के पास गड्ढे, सिंह मोड़ से आगे मौलाना आजाद कॉलोनी मोड़ के पास गड्ढे, चांदनी चौक से आगे निफ्ट के पास गड्ढा, हटिया रिवर व्यू कॉलोनी के पास गड्ढा, पुराना विधानसभा चौक से शहीद मैदान के बीच गड्ढा इन सभी को जल्द से जल्द भरने का निर्देश उपायुक्त रांची ने देते हुए कहा कि सभी जगहों में गड्ढा भरने का कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। इसके लिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारी/पदाधिकारी आपसी समन्वय करते हुए इसे तय सीमा में पूरा कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को पूर्व में किए राँची शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ करने संबंधी दिए गए निर्देशों पर की गई कार्रवाई पर समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को कहा कि इस दिशा में दिए गए निर्देश की कार्य प्रगति के बारें में पूरी जानकारी लेते हुए इसे पूरा करना सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने रोड टास्क व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी राँची को निर्देश देते हुए कहा कि इससे सभी संबंधित अधिकारियों/पदाधिकारियों को इस ग्रुप पर जोड़ दे। जिससे कोई भी निर्माण/मरम्मत/अन्य कार्य की जानकारी व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से मिलती रहे जिससे सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय करके होने वालें कार्य और इसकी प्रगति की जानकारी एक दूसरे को सामूहिक रूप में दे पाएंगे। जिससे ये सभी कार्य सुनियोजित तरीके से और जल्द से जल्द हो पाए। वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर ने राँची शहर में लगने वाले जाम की समस्या पर चर्चा करते हुए कहा कि कुछ प्रमुख सड़के जहां वीवीआइपी गतिविधि प्रतिदिन होता हैं, जहाँ प्रमुख संस्थान/ अस्पताल हैं। वहाँ अगर गड्ढे हैं, उसे तुरंत भरे जाने अगर गड्ढा खोदा गया हो तो उसे तुरंत भरने के लिए संबंधित अधिकारी टाइम लाइन का निर्माण करके इसे तय समय पर भरना सुनिश्चित करें। उनकी यह नैतिक जिम्मेदारी हो कि टाइम लाइन का पालन हो एवं टारगेट पर कार्य करें। मुख्य सड़कों पर गड्ढे ना रहें इसपर ज्यादा ध्यान दे।

## 15 दिनों के बाद कचरा उठाव होने से मोहल्ले वालों ने ली राहत की सांस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड की 11 अंतर्गत कांटाटोली कुरैशी मोहल्ला में नाली निर्माण का कार्य 20 दिनों से हो रहा है। इस दौरान साफ सफाई और डोर टू डोर कचरा नहीं उठाए जाने से मुहल्ला के सड़क,गली और घरों में भी कचरा जमा हो गया और बदबू देने लगा। मोहल्ले के लोगों का नाराजगी नगर निगम के द्वारा बढ़ती जा रही थी, लेकिन इसी दौरान रांची नगर निगम को साफ सफाई कराने की सूचना देने पर गुरुवार को ट्रैक्टर से मोहल्ले का कचरा उठाव हुआ और डोर टू डोर भी कचरा उठाया गया। कचरा उठाए जाने के बाद मोहल्ले में साफ-सफाई देखने को मिल रही है। सफाई होने के बाद खुशी जाहिर करते हुए लोगों ने सुपरवाइजर से कहा है कि सप्ताह में कम से कम तीन दिनों तक कचरा उठाव कराने के लिए गाड़ी जरुर भेजे ।

## जेएमएम ने किया पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मध्यप्रदेश में एक विक्षिप्त भी आदिवासी के ऊपर प्रवेश शुक्ला द्वारा पेशाब किए जाने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। झारखंड की राजधानी रांची के शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति के द्वारा प्रवेश शुक्ला का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।रांची जिला समिति के अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि मध्यप्रदेश में एक विक्षिप्त आदिवासी युवक के शरीर के ऊपर पेशाब करने वाला भाजपा नेता और विधायक प्रतिनिधि रहे प्रवेश शुक्ला के द्वारा किया गया यह शर्मनाक घटना है, जिसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है । इससे भाजपा के चाल और चरित्र का भी पता चलता है। भाजपा वाले आदिवासी, दलितों, अल्पसंख्यकों पर आए दिन कुछ ना कुछ ऐसी घटना करते हैं , जिससे दिल दहल जाता है। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री आदिवासी युवक के घर जाते हैं उसका पैर धो कर माफी मांगते हैं यह सिर्फ दिखावा है , 2024 में आदिवासियों का वोट बैंक लेने के लिए या एक मुहिम है , जिसे आदिवासी ,दलित, पिछड़ा वर्ग ,अल्पसंख्यक कभी बर्दाश्त नहीं करेगा । आज मणिपुर जल रहा इस हिंसा की आग को बुझाने के लिए भाजपा का कोई बड़ा नेता ,विधायक, सांसद, मंत्री मणिपुर नहीं जा रहा है। इस मौके पर हेमलाल मेहता, कैटरीना तिर्की ,जितेंद्र गुप्ता, नयान तारक, लाडले खान ,सुषमा, आफताब आलम, राधा ,ललित, सुषमा , शिवनंदन मिश्रा , राधा सहित कई कार्यकर्ता गण शामिल थे।

## गिरफ्तार मोहम्मद रियाजउद्दीन को एपीसीआर की कोशिशों से मिली जमानत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** साहेबगंज रामनवमी चैती दुर्गा का विसर्जन जुलूस के दौरान शरारती तत्वों के द्वारा दंगा करवाया गया था जिसमें कई लोगों के दुकानों को तोड़ दी गई थी और काफी नुकसान पहुंचाया गया था। 35 लोगों का बाई नेम और 200 लोगों का अज्ञात एफ आईआर दर्ज किया गया था । दोनों समुदाय से लगभग 30-32 लोगों की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया था। झारखंड पुलिस ने साहिबगंज नगर थाना में एफ आईआर संख्या 27/2023 में 147, 148, 149, 341,323,353,307,295,153 ,427,435,504,506,120 ,27, आर्म्स एक्ट की संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स -एपीसीआर इन सभी और अन्य प्रदर्शनकारियों के मुकदमों की मुफ्त कानूनी पैरवी कर रही है। एपीसीआर के अधिवक्ता मोहम्मद शादाब अंसारी को सुनने के बाद जस्टिस आनंदा सेन जे झारखंड हाई कोर्ट ने मोहम्मद रियाजउद्दीन की जमानत अर्ज़ी मंजूर कर दी बाकी 12 लोगों की जमानत अर्जी झारखंड हाई कोर्ट में पेंडिंग है। एपीसीआर के महासचिव मलिक मोहतसिम खान ने कहा, एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने की अपनी विरासत को जारी रखेगा, ताकि कानून का शासन बना रहे। विभिन्न न्यायालयों में लंबित सैकड़ों अन्य मामलों में मौलिक अधिकारों को इसी तरह सुनिश्चित कराया जाएगा।

## प. बंगाल में पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस उप-महानिरीक्षक ने की बैठक



**बैठक के दौरान सीमा नाकाबंदी, अवैध शराब एवं सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध छापामारी एवं उसकी सूची तथा पुलिस पदाधिकारियों का मोबाइल नंबर आदान प्रदान किया गया।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पश्चिम बंगाल में आगामी पंचायत चुनाव जो 08 जुलाई 23 को निर्धारित है इसके संबंध में जूम एप के माध्यम से एक इंटर स्टेट बैठक आहूत किया गया। जिसमें पश्चिम बंगाल से बांकुड़ा रेंज आईजी, डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक बांकुड़ा, पुरुलिया एवं झारखंड रांची जिला से पुलिस उप-महानिरीक्षक दछोक्षेत्र राँची, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली बैठक में भाग लिए। बैठक के दौरान सीमा नाकाबंदी, अवैध शराब एवं सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध छापामारी एवं उसकी सूची तथा पुलिस पदाधिकारियों का मोबाइल नंबर आदान प्रदान किया गया।चुनाव के दिन सीमा को पूरी तरह सील करने एवं सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु निर्देशित किया गया।

## युनिफोर्म सिविल कोड का केंद्रीय सरना संघर्ष समिति ने किया विरोध

**केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि भाजपा पार्टी आदिवासी विरोधी पार्टी है, इसके झासा में आदिवासी समाज कभी नहीं आएगा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के तत्वावधान में जयपालसिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक जुलूस निकालकर युनिफोर्म सिविल कोड और मध्यप्रदेश के भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला द्वारा आदिवासी लड़के पर पेशाब करने की शर्मशार घटना का विरोध प्रदर्शन किया ।जुलूस का नेतृत्व केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने किया ।

केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि भाजपा पार्टी आदिवासी विरोधी पार्टी है, इसके झासा में आदिवासी समाज कभी नहीं आएगा ।ये आदिवासी का सम्मान नही करते है । आदिवासी समाज के युवक है एसी गिरी हुई हरकत का सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है, इससे पूरे प्रदेश शर्मशार हुआ है ।मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार निरंकुश और आदिवासी विरोधी हो गयी है , वहा के आदिवासियो को प्रताड़ित किया जा रहा है । इसे बर्दाश्त नही करेंगे । युनिफोर्म सिविल कोड लागू होता है तो आदिवासीयों का अस्तित्व खतरा मे पड़ जाएगा, परंपरा रिती रिवाज सब समाप्त हो जाएगा इसका विरोध करते है , केन्द्र सरकार इसे निरस्त करे ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आल्विन लकड़ा, अजय कच्छप, शाशि उरांव,विकास तिर्की, सती तिर्की, अनिता उरांव, कुईली उरांव, नीलम उरांव, प्रर्मिला उरांव, बसंती कुजूर , शोभा तिर्की , मीणा गाड़ी , सिटया उरांव, पर्वती टोप्पो, विरदी कुजूर,गुड्डी उरांव , कुलदीप उरांव, महादेव उरांव , मनोज उरांव, भानू उरांव, सुनिता कुजूर, पिंकी कुजूर, रीता खलखो, पर्वती लकड़ा, दुलारी उरांव शामिल थे।

## लूटपाट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मांडर थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा में टीसी का काम करने वाले तस्लीम अंसारी के साथ लूटपाट करने वाले दो युवकों को मांडर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि बीते 5 जुलाई को तस्लीम अंसारी अपने काम के लिए जा रहे थे, तभी टेढ़ी पुल की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार चार युवक आए और तस्लीम अंसारी से मोबाइल पर लूट कर भाग गए , पर्स में 500 था ,पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आशीष कुमार राम और किशन महली को गिरफ्तार किया है। इसके पास से लूटे हुए मोबाइल केटीएम मोटरसाइकिल और 500 बरामद किया गया । पुलिस को संदेह है कि मोटरसाइकिल चोरी की हो सकती है, पुलिस इसकी जांच पड़ताल कर रही है । इस पूरे मामले के उद्भेदन डीएसपी अनिमेष ठाकुर , थाना प्रभारी विनय यादव, पुअनि दीपक कुमार आदि शामिल थे।

## तसलीम अंसारी से हुई लूट का खुलासा , दो गिरफ्तार

**रांची :** मांडर थाना पुलिस ने एनएच-75 स्थित टोल टैक्स में टीसी का काम करने वाले तसलीम अंसारी से हुई लूट का खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में आशीष कुमार राम और किशन महली शामिल है। इनके पास से लूट का मोबाईल, लूटा गया पर्स, 500 रुपये नकद, आधार कार्ड और घटना में इस्तेमाल किया गया केटीएम बाइक बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने गुरुवार को बताया कि पांच जुलाई को चान्हो निवासी तसलीम अंसारी ने मांडर थाने में लूट को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## समाहरणालय में बेतरतीब लगी रहती है गाड़ियां, लोगों को होती है परेशानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची समाहरणालय में लोगों की समस्याओं को लेकर आते हैं ,साथ में वे वाहन लेकर भी आते हैं , वाहनों के लिए समाहरणालय के ए और बी ब्लॉक दोनों में पार्किंग की व्यवस्था की गई है, इसके अलावा भी बी ब्लॉक के सामने में मोटरसाइकिल रखने के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यहां अधिकारियों की गाड़ियां खड़ी रहती हैं, बावजूद इसके कुछ लोग अपनी मोटरसाइकिल और फोर व्हीलर वाहन लेकर आते हैं लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो बेतरतीब ढंग से गाड़ी लगाकर छोड़ देते हैं , जिस कारण से दूसरे वाहनों के चालक को वाहन निकलने में असुविधाएं होती है, समस्याओं का सामना करना पड़ता है । गुरुवार को भी ऐसा ही हुआ , जब झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम अपने वाहन से समाहरणालय परिसर से बाहर निकलना था, लेकिन दूसरी ओर एक और फोर व्हीलर वाहन लगी हुई थी, और उसमें चालक नहीं था ,कुछ देर इंतजार करने के बाद ही चालक आया, तब वो वाहन लेकर निकले , वहीं उन्होंने वहां पर उपस्थित ट्रैफिक के जवान को भी नसीहत देते हुए कहा कि आप लोग थोड़ा कड़ाई से काम करें, ताकि इधर उधर वाहन नहीं लगाए।

ट्रैफिक डीएसपी जीत वाहन ने कहा कि ट्रैफिक सिपाहियों को कहा गया है समाहरणालय परिसर पे गाड़ी पार्किंग ना करें, पार्किंग की व्यवस्था है, वहीं पर अपनी वाहन को लगाएं, फिर भी एक बार दिखवा लिया जाएगा, किसी को किसी तरह का को कोई परेशानी ना हो।

## ग्रीन राशन कार्ड धारियों को उपलब्ध नहीं हो रहा है अनाजः सीपीआई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**:भारत सरकार के द्वारा संचालित भारतीय खाद्य निगम की ओर से राज्य सरकार को ग्रीन राशन कार्ड धारियों के लिए अनाज उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया गया । इंकार कर देने की वजह से नवंबर 2022 से ही अनाज नहीं मिल पा रहा था। इसके बाद राज्य सरकार की ओर टेंडर निकाल कर चावल की खरीद प्रकिया पूरी किया। टेंडर छः माह के (नवंबर 2022 से आप्रैल 2023) लिए है. सरकार के इस कदम से राज्य के गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करनेवाले 24802 परिवारों जिनका ग्रीन राशन कार्ड बना हुआ उन्हे फिर से राशन मिलना शुरु हो गया है। यह योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन कार्ड से वंचित गरीब परिवारों के लिए झारखंड सरकार चला रही है। खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने बताया एफसीआई ने अचानक बिना झारखंड सरकार से बात किए हुए राशन वितरण बंद कर दिया था । एफसीआई ने अनाज देना बंद कर दिया । तब झारखंड सरकार ने राज्यहित में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर अनाज उपलब्ध करा रही है। सरकार 36 रुपये की दर से चावल की खरीद कर रही है, पैकेट व ट्रांसपोर्टेशन की कॉस्ट की वजह से एक किलो चावल की लागत 36-39 रुपये पड़ रही है।

**जिला बार कार्ड धारियोंकी संख्या**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बोकारो | 1617 | 29443 | कोडरमा | 596 | 9976 |
| चतरा | 904 | 17853 | लातेहार | 556 | 9976 |
| देवघर | 995 | 20289 | लोहरदगा | 396 | 7825 |
| धनबाद | 1618 | 40169 | पाकुड़ | 676 | 14454 |
| दुमका | 1038 | 19939 | पलामू | 1564 | 28053 |
| पूर्वी सिंहभूम | 1426 | 30241 | रांची | 2132 | 33046 |
| गढ़वा | 950 | 19441 | साहेबगंज | 957 | 16022 |
| गिरिडीह | 1948 | 31135 | सरायकेला | 743 | 17267 |
| गोड्डा | 1087 | 18906 | सिमडेगा | 485 | 7449 |
| गुमला | 726 | 12484 | प. सिंहभूम | 1213 | 29512 |
| हजारीबाग | 1381 | 20636 | खूंटी | 514 | 9291 |
| जामताड़ा | 624 | 12409 | रामगढ़ | 656 | 11215 |
| | | | कुल | 24802 | , 466591 |

## 15 से 20 वर्षों से काम करते चले आ रहें हैं मजदूर : सोनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला खाद आपूर्ति के सभी गोदाम में कार्यरत मजदूर लगभग 15 से 20 वर्षों से काम करते चले आए, करोना में बिना छुट्टी ले हुए सभी मजदूर अपनी जान की परवाह किए बगैर काम किए ,लेकिन अभी डोर स्टेप डिलीवरी का टेंडर होता है। सभी ठेकेदारों के समक्ष 6 रूपया 18 पैसे प्रति बोरा तय हुआ है। उसके दूसरे ही दिन प्रमोद राम ने मजदूरों से 6 .18 पैसा में 1 कमीशन मांग करने की बात सामने आई है, मजदूरों का नेतृत्व कर रहे इंटर के राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय खाद आपूर्ति मजदूर संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी एवं जिला के दो तीन मजदूरों के ऊपर गलत तरीके से मुकदमा भी दायर कर दिए जो निहायत ही गलत बताया है। उन्होंने कहा कि हम लोगों को उचित न्याय चाहिए यदि हमें उचित न्याय नहीं दिया गया तो हम लोग चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

# महाप्रबंधक महोदय बीमार अस्पताल का जल्द इलाज करें




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डकरा :** महाप्रबंधक महोदय अस्पताल की विधि-व्यवस्था और समस्या को समझकर उसका हल किजिए नहीं तो किसी दिन यहां बड़ा बवाल मच सकता है.क्षेत्र में रहने वाले आमलोग जिन्हें अस्पताल से पाला पड़ रहा है वैसे लोग यह पीड़ा व्यक्त कर रहे हैं.पिछले सप्ताह रहने का जगह नहीं मिलने पर जब एक चिकित्सक और छह नर्स के वापस लौट जाने संबंधी खबर जब मिडिया में आई तबसे डकरा केंद्रीय अस्पताल के भीतर कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है.महाप्रबंधक स्वयं 18 जून को अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद वहां व्याप्त अव्यवस्थाओं को मानते हुए बदलाव की घोषणा की थी.18 दिन बित जाने के बाद भी कुछ नहीं किया गया इससे समझा जा सकता है कि जो लोग यहां अपनी मनमानी चला रहे हैं उनकी लॉबी कितना मजबूत है. तीन जुलाई को स्कूल बस दुर्घटना के बाद अस्पताल के भीतर चल रहे अब्यवस्था सामने आ गया बावजूद प्रबंधन में बैठे लोग कुछ नहीं कर रहे हैं.घायल बच्चों को जब अस्पताल लाया गया था और पूरे परिसर में अफरातफरी मची हुई थी उस माहौल में कुछ अस्पताल कर्मी यह पता लगा रहे थे कि इसमें कौन इंटाईटटल और नन इंटाईटल बच्चे हैं.

यही नहीं जो दवा उपलब्ध था उसकी पर्ची भी परिजनों को देकर बाहर से दवा लेने को भेजा जा रहा था. सूत्र बताते हैं कि उस दिन संवेदनशील माहौल को भड़काने की साज़िश के तहत एसा किया गया था लेकिन समय पर महाप्रबंधक अस्पताल पहुंचकर सभी मामले को शांत कराया.इधर जिस दो घायल बच्चे को स्वस्थ बताकर घर भेज दिया गया था उन दोनों बच्चों को पुनः प्लास्टर किया गया है और इसके पहले कई तरह का नाटकीय घटनाक्रम को सुनियोजित तरीके से कराया गया.बुधवार को भी काफी हंगामा हुआ.एक माह पहले अस्पताल में कुछ लोगों ने नाराज होकर तोड़फोड़ भी किया है. 18 जून को एनके एरिया सलाहकार समिति सदस्य सुनील कुमार सिंह एक गैर सीसीएल कर्मी को इलाज के लिए जब अस्पताल लेकर गए तब ड्यूटी पर तैनात नर्स ने उन्हें नियम बताते हुए पैसा जमा करने को कहीं.जो दवा उपलब्ध था उसे भी बाहर से लाने को कहा गया.सुनील सिंह ने इसकी जानकारी महाप्रबंधक को दी है. बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान ने कहा कि हमलोग यहां की अब्यवस्था को कई बार महाप्रबंधक को बता चुके हैं.यूनियन अब धरना प्रदर्शन से आंदोलन की शुरुआत करेगी.शुक्रवार को एक बैठक कर तारीख की घोषणा करेंगे.

# सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद व निदेशक तकनीकी ने किया पिपरवार का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद और निदेशक तकनीकी आरबी प्रसाद ने पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।दोनो अधिकारियों के पिपरवार पहुंचने पर महाप्रबंधक सीबी सहाय ने पुष्प गुच्छ देकर अधिकारियों का स्वागत किया। पिपरवार दौरे पर निदेशक तकनीकी आरबी प्रसाद ने पी वन 1000 पांच केवीए के भारी शोवेल मशीन का उद्घाटन किया।इसके बाद अधिकारियों ने अशोका खदान,सीएचपी शाईलो, बीस किलोवाट के निर्माणाधीन सोलर संयंत्र का निरीक्षण किया।निदेशक तकनीकी आरबी प्रसाद के साथ महाप्रबंधक सीबी सहाय,जीएम एक्सावेशन एसके सिंह, सीएचपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार,क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार महतो,अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद थे।दौरा के बाद अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों के साथ खदान विस्तारीकरण, सुरक्षा, उत्पादन, संप्रेषण को लेकर समीक्षा की जिसमें अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# पिपरवार के किचटो में हुई रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत भवन में रैयत विस्थापित मोर्चा की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के केन्द्रीय सचिव रामचन्द्र उरांव और संचालन केंद्रीय सदस्य जितेन्द्र कुमार ने किया।बैठक में रोड सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने और ट्रक मालिकों द्वारा तय किए किए गए भाड़ा भुगतान करने पर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे वर्ष 2021-2022 मे तय किये गये भाडा को स्थाई करने पर सहमति बनी,साथ ही जुलाई महीने से तय भाड़ा भुगतान करने का निर्णय लिया गया।पुर्व मे तय किये गये भाडा पर ट्रक मालिको ने अपनी सहमति प्रदान की।बैठक में मोर्चा के द्वारा क्षेत्र के विस्थापित, प्रभावित,मजदूर, महिलाओं को रोजगार से जोड़ने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

# प्रबंधन पर मनमानी व लापरवाही का आरोप लगाकर सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डकरा :** एनके प्रबंधन के लापरवाह कार्यशैली के विरोध में सलाहकार समिति के सभी सदस्यों ने गुरुवार को सलाहकार समिति की बैठक का बहिष्कार कर दिया.बैठक का बहिष्कार करने के बाद सभी सदस्य संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पिछले दो साल से क्षेत्र में समिति की बैठक बुलाकर सिर्फ कोरम पूरा पूरा किया जा रहा है.हर बैठक सिर्फ रिव्यू के बाद समाप्त हो जा रहा है.क्षेत्र का असैनिक,ईएंडएम, कार्मिक, स्वास्थ्य और वित्त विभाग पूरी तरह से फेल है और हमलोगों को मजदूरों का आक्रोश झेलना पड़ रहा है.डकरा वीआईपी क्लब में महाप्रबंधक द्वारा यह बैठक बुलाई गई थी.बैठक शुरू होने के पहले अप्रैल में हुई बैठक का मिनट्स सदस्यों को दिया गया.सदस्यों ने पिछली बैठक का एक्शन-टेकन रिपोर्ट के बारे में जब पूछा तब संबंधित अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं था इसके बाद माहौल गरम हो गया और सभी सदस्य एक साथ बैठक का बहिष्कार कर बाहर निकल गए.बताया कि कोई भी विभागीय प्रमुख महाप्रबंधक के आदेश को नहीं मानते हैं.डकरा अस्पताल कर्मियों का अंदरूनी विवाद पूरे क्षेत्र को बदनाम कर रहा है, कार्मिक विभाग की लापरवाही से औधोगिक संबंध ध्वस्त हो रहा है, ईएंडएम विभाग के अधिकारी गैर कानूनी तरीके से स्कूल बस एवं अन्य वाहन चलवा रहे हैं, वित्त विभाग पर किसी का कोई नियंत्रण नहीं है, असैनिक विभाग प्रमुख टेंडर मैनेज करने में ब्यस्त है इस हाल में क्षेत्र के मजदूर और आम लोग परेशान हैं जिसके कारण श्रमिक संगठनों का साख खराब हो रहा है.जब तक 30त्त काम नहीं दिखेगा तब तक हमलोग सभी समिति की बैठक का बहिष्कार करेंगे.इस अवसर पर अमरभूषण सिंह,प्रेम कुमार, शैलेश कुमार,विनय सिंह मानकी, सुनील कुमार सिंह,डीपी सिंह मौजूद थे. सदस्यों ने कहा कि सुबह नौ बजे कार्यालय आने के बाद प्रतिदिन महाप्रबंधक अधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग करते हैं.एक घंटे मीटिंग के बाद जब वे अपने कक्ष में जाते हैं तब कई अधिकारी उनके साथ ही उनके कक्ष में जाकर घंटो बैठे रहते हैं जिसके कारण वे किसी श्रमिक नेता या आम लोगों से नहीं मिल पाते हैं.कोई मिलने जाता है तो उसे घंटो बैठाए रखा जाता है.

## रामलीला महोत्सव का शुभारंभ

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 05/07/2023 रात्रि 07 बजे रातू रोड बिड़ला मैदान में श्री रामलीला आयोजन समिति के तत्वावधान मे रामलीला महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर हुआ। हरिद्वार के श्रीराम कथा वाचक पूज्य श्री कृष्णानंद जी महाराज द्वारा श्री राम कथा वाचन प्रारंभ किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रमेश सिंह,गौ सेवा आयोग झारखंड के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद,अध्यक्ष राजेश पांडेय,कार्यकारी अध्यक्ष भवेश सिंह, संरक्षक सैलेश्वर दयाल सिंह,डॉ. ए. के.लाल,सचिव विजय पांडे,सूरज झा,संयोजक राजेश वर्मा,वरीय उपाध्यक्ष नीरज कुमार,सुमित कुमार,कोषाध्यक्ष सुधांशु साहा,उपाध्यक्ष विकाश सिंह,विनय वर्मा,महामंत्री अमित सोनी,प्रवक्ता आयुष वर्मा, मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा,प्रवक्ता आयुष राज वर्मा सहित बसंत दास,संदीप राणा,सूरज झा,सुबोध कुमार शर्मा, सुंदरम सिंह आदि मौजूद थे।

## ग्राम सभा की विशेष बैठक का अयोजन

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ओरमांझी प्रखंड के ग्राम सांडी के शिव मंदिर के प्रांगण में बृहस्पतिवार को ग्राम प्रधान दीपक मुंडा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में खतियानी रैयत के वंशज मजलूम अंसारी व इस्लाम अंसारी द्वारा खाता नंबर 06 प्लॉट नंबर 348,349 और 470 में 144 धारा लगाने का आवेदन कोर्ट में दिया गया। जिसकी सुचना द्वितीय पक्ष अलीम अंसारी, सलीम अंसारी, मुस्लिम अंसारी को हुई जिसके बाद उन्होंने पंचायत में लिखित आवेदन देकर बैठक रखने का अनुरोध किया। जिसे लेकर इस पर विचार विमर्श करने को लेकर बैठक किया गया। और इस बैठक में सर्व समाज के लोग मौजूद रहे। बैठक में पंचायत चाडू के मुखिया रोजलिन लकड़ा एवं पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार महतो एवं दोनो पंचायत के गणमान्य बुद्धिजीवी व्यक्तियों सहित सैंकड़ों की संख्या में सर्व समाज के ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## गणेशपुर के ग्राम प्रधान का निधन

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को प्रखंड के जयडिहा पंचायत अंतर्गत गणेशपुर के ग्राम प्रधान रामप्रसाद बेदिया का बिमारी से हो गया। मृतक के पत्नी ज्योति देवी ने बताया है कि बुधवार रात को अचानक से शरीर में खिचाव होने लगा था। वाहन की व्यवस्था नहीं रहने के कारण गुरुवार के सुबह बनखेता के हरैयटोला एक बैध के पास लेकर गया। जहां पूर्व में दवा खाने से बिमारी अच्छा हो जाता था। जो खिचाव कम ही नहीं हुआ। इसके बाद पिस्का स्थित के निजी क्लीनिक में उपचार के दौरान मृत्यु हो गया। अपने पीछे पत्नी ज्योति देवी,के साथ पांच पुत्री ममता कुमारी जो बीए पार्ट वन रामलखन यादव कालेज रांची में पढाई कर रही है। संध्या कुमारी जो एस एस +2 उच्च विद्यालय ओरमांझी में इंटर में, चांदो कुमारी जो राजकीयकृत मध्य विद्यालय बरतुआ में 8 वां में, रेणु कुमारी नव प्राथमिक विद्यालय गणेशपुर में 5 वां में, रैना कुमारी गांव के आंगनबाड़ी में पढती हैं।

## वज्रपात की चपेट में आने से एक बैल की मौत

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कलवाडीह गांव में बुधवार के दिन वज्रपात की चपेट में आने से मोहम्मद कमरुद्दीन का बैल की मौत हो गई। उन्होंने बैल की कीमत लगभग ?25000 बताया। घटना के बाद बासारूली पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव तथा वार्ड सदस्य मोहम्मद हारून रशीद भी मौके पर पहुंच कर जायजा लिया। वज्रपात की तीव्रता इतनी जोर थी कि गांव में लगे सरकारी सोलर जल गया तथा ट्रांसफार्मर में आग लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि घर में लगे समरसेबल, मोटर, वायरिंग, पंखे वगैरह भी जल गया है। वही मंजूर आलम ने बताया कि वज्रपात की वजह से जमीन में भी बिजली दौड़ने लगी जिसके कारण ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। इसी क्रम एक महिला बेहोश हो गई तथा उनका पुत्र मंजर रजा भी बिजली की चपेट में आने से बाल-बाल बचा।

## 26वीं वाहनी सशस्त्र सीमा बल डी कम्पनी ने वृक्षारोपण किया

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खुंटी जिला अंतर्गत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की भूमि अड़की प्रखंड क्षेत्र के सूदूरवर्ती गांवों में 26वीं वाहनी सशस्त्र सीमा बल डी कम्पनी उलिहातु के द्वारा गुरुवार को प्रकृति का संरक्षण का संदेश देते हुए व्यापक रूप से वृक्षारोपण किया गया।इस दौरान बाडिनेचिकल पंचायत के उलिहातु ,गेरने ,बाडिनेचिकल और इचाडीह गांव में आमजनों की भागीदारी के साथ एस एस बी के जवानों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में एस एस बी के के उप सेनाननायक अनुराग कुमार ,डी कम्पनी कमांडर विकाश कुमार और एस एस बी डी कम्पनी के जवानों मौजूद थे। इस मौके पर अनुराग कुमार ने लोगो को बताया कि आज के इस आधुनिक दुनिया और बदलते परिवेश में जिस तरह से जंगलों की कटाई की जा रही है उससे प्राकृतिक आपदाएं हो रही हैं जो सुखा और भीषण गर्मी के रुप में सामने आ रही है बारिश के मौसम में बारिश न होने से खेती बाड़ी बुरी तरह से प्रभावित हो रही है जिसका एकमात्र कारण प्रकृति के साथ खिलवाड़ करना है ऐसे में ये हम सभी के लिए निहायत जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ लगाए उसकी देखभाल अपने शिशु की तरह करे और उसे बड़ा बनाए जिससे आने वाला समय भयावह न हो।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात पुरूष का शव,
उम्र करीब–38 वर्ष

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव ओबरिया पुल के नीचे टोनको रोड़, हटिया, से बरामद किया गया है। जिसके संबंध जगरनाथपुर थाना काण्ड सं0–139/23, दिनांक–28.03.23, धारा–302/201 भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, रॉंची। –94317 06143

थाना प्रभारी, जगरनाथपुर, रॉंची। –94317 06169

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR301646 (Police)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–07/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक 14/07/2023 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 15/07/2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 15/07/2023 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UPG H.S BHUCHUNGDIH | 23,05,300.00 | 46,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 2 | UPG HIGH SCHOOL RAJRAPPA PROJECT | 23,05,300.00 | 46,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 3 | PRIMARY SCHOOL GORATU | 23,05,300.00 | 46,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 4 | UPG H.S KULHI | 23,05,300.00 | 46,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 5 | UPG M.S GARGALI | 23,05,300.00 | 46,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 6 | MIDDLE SCHOOOL PUNDI | 23,05,300.00 | 46,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 7 | UPG M.S MANJHILA CHUMBA | 23,05,300.00 | 46,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 8 | UPG M.S RATWE | 23,05,300.00 | 46,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 9 | PRIMARY SCHOOL SEMRA | 23,05,300.00 | 46,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 10 | MIDDLE SCHOOL JAINAGAR | 23,05,300.00 | 46,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 11 | UPG M.S KATIYA | 23,05,300.00 | 46,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 12 | MIDDLE SCHOOL BLOCK H.Q | 23,05,300.00 | 46,000/- | 5,000/ | 3 माह |
| 13 | **Const. of Boundary wall, Gate & Approach road of Mining office, Ramgarh** | 23,89,000.00 | 48,000/- | 5,000/ | 2 माह |
| 14 | **Renovation of District dairy development office, Ramgarh** | 24,96,000.00 | 50,000/- | 5,000/ | 2 माह |
| 15 | Const. of GYM in GM+2 High School, Ramgarh | 24,96,000.00 | 50,000/- | 5,000/- | 3 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल ,रामगढ़।

PR 301523 Building(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा**

Email ID -eerdsdkoderma@gmail.com

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/03/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोडरमा जिला के डोमचॉच प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत मधुवन में ग्राम गोलगो में भितियाही नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,04,52,500.00 | 609500.00 | 10000.00 | 18 माह |
| 2. | कोडरमा जिला के डोमचॉच प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत पुरनाडीह के ग्राम–रायडीह से ग्राम उपरवाद के बीच केशो नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 6,05,12,600.00 | 1210500.00 | 10000.00 | 24 माह |
| 3. | कोडरमा जिला के डोमचॉच प्रखण्ड में पारहो पंचायत अन्तर्गत ग्राम पुतो में पुतो नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,47,44,400.00 | 695000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.07.23 से दिनांक 24.07.23 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Bank Credit Certificate एवं Affadavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 26.07.23 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा / मुख्य अभियंता, कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0, भवन, धूर्वा, राँची।
   ii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची है।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यादिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 28.07.23 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9798127285 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नं0)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा के पदनाम से देय होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

PR 301611 Rural Work Department (23-24)_D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

**SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI**

Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 403, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**

Letter of Invitation (LOI) No.-07/2023-24

2nd Call

**e-Tender Ref No:– RCD/SID/AP/RAN/07/2023-24 Date:-04.07.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | ConsultancyServices for Preparation of Detailed Project Report (DPR) of NH-75 Dental More Road to NH-343 Nawadohari Road via Hur Charmuhan including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) in Garhwa Bloc k under Road Division Garhwain the State of Jharkhand. ***Empanelled consultant with RCD under category -I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to Bid.** |
| 2 | Tentative Length | 15.75 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tenderdocuments | Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled B ank (non-refundable fee) of Rs 5 ,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mention ed form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand) and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India duly pledge in favour of Executive Engineer, Soil Investigation Division, Advance Planning, Road Construction Department, Ranchi for a period of 45 days beyond the validity ofBid. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 07.07.2023 10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 14.07.2023 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 14.07.2023 12:00 PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 17.07.2023 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 45 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division, Advance Planning, RCD, Ranchi Mob 9905660677. |
| 13 | Previous PRNumber | 300287 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 301615 Road(23-24)D



**जिला पशुपालन कार्यालय, कोडरमा**

**समाहरणालय भवन, कोडरमा** email:- ahdkoderma@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सरकार के सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड रॉंची के राज्यादेश सं0–10 रा0 (वि0) दिनांक 14.06.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिले के ग्रामीण पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को सुधार करने तथा ग्रामीण स्तर पर युवाओं को स्व–नियोजित कर आत्मनिर्भर बनाये एवं उनके पलायन को रोकने के उद्देश्य से पशुधन विकास के लिए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का क्रियान्वयन किया जाना है।

पशुपालन प्रभाग की योजनाएँ:–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | लक्ष्य | | प्रस्तावित कुल राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 % अनुदान | 90% अनुदान | | |
| 1. | बकरा विकास योजना ब्लैक बंगाल नस्ल की 4 मादा एवं 1 नर (4+1) की ईकाई | 387 | 575 | 24,800/– (चौबीस हजार आठ सौ) | 90% अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय, विधवा औरत/दिव्यांग/निःसन्तान दम्पति जिनकी उम्र कम–से–कम 50 वर्ष हो। 75% अन्य सभी वर्ग के लिए। |
| 2. | सूकर विकास योजना T&b एवं अन्य विदेशी नस्ल का 4 मादा एवं 1 नर (4+1) की ईकाई | 108 | 73 | 57,800/– (सन्तावन हजार आठ सौ) सूकर गृह का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग (मनरेगा अभिसरण) के अन्तर्गत किया जाएगा। | |
| 3. | कुक्कुट विकास की योजना (क) बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट /लो इनपु लेयर कुक्कुट पालन की योजना 400 लेयर बर्ड (Chicks) का पालन | 60 | 37 | 1,18,200/– (एक लाख अट्ठारह हजार दो सौ) लेयर कुक्कुट शेड गृह का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग (मनरेगा अभिसरण) के अन्तर्गत किया जाएगा। | |
| | (ख) ब्रॉयलर कुक्कुट पालन योजना 500 ब्रॉयलर (Chicks) का पालन | 105 | 64 | 67,500/– (सडसठ हजार पाँच सौ) ब्रॉयलर कुक्कुट शेड गृह का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग (मनरेगा अभिसरण) के अन्तर्गत किया जाएगा। | |
| 4. | बत्तख चूजा वितरण की योजना (15 लो इनपुट बत्तख चूजा पालन) | 1070 | 701 | 1700/– (एक हजार सात सौ) | |

**लाभुकों के चयन की प्रक्रिया :–**

1. निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन प्रखण्ड स्तरीय समिति एवं जिला स्तरीय समिति द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी के सहयोग से किया जायेगा।
2. चयनित गाँवों के लाभुकों का चयन संबंधित ग्राम सभा/पचांयत स्तरीय समिति दोनों में से किसी एक द्वारा निम्न बातों का पालन करते हुए किया जाएगा
   - I- चयनित लाभुक स्थानीय निवासी होंगें तथा चयनित लाभुक द्वारा इस संबंध में आवासीय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो) जमा करना अनिवार्य होगा।
   - II- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ लेने हेतु वांछित स्थानीय और जाति/दिव्यांगता विधवा 50 वर्ष से अधिक उम्र के निःसंतान दम्पत्ति से संबंधित प्रमाण पत्र के स्थान पर निम्न प्रावधान के तहत प्राप्त प्रमाण–पत्र घोषण –पत्र भी स्वीकार्य होगा– उक्त योजना से संबंधित आवेदन पत्र में स्थानीय और जाति /दिव्यांगता /विधवा/50 वर्ष से अधिक उम्र के निः सन्तान दम्पति की घोषणा का विकल्प होगा। संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद् का सदस्य इत्यदि के द्वारा उक्त घोषण की सत्यता की जाँच करने हुए आवेदन पत्र को सत्यापित किया जायेगा। **Voter ID/Aadhar Card** आवेदन पत्र के साथ लाभुक को जमा करना होगा।
   - III- चयनित गाँवों में ऐसे परिवार जो पशुधन के गतिविधि से जुड़े हुए है उन्हें प्राथमिकता दिया जाएग।
3. ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा लाभुकों का चयन कर लाभुकों की सूची प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा से जिला को भेज दिया जाएगा।
4. प्रखण्ड स्तरीय समिति से प्राप्त लाभुकों की सूची का अंतिम रूप से अनुमोदन उपायुक्त के अध्यक्षता से जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाना है।
5. पशुपालन निदेशालय के निर्देशानुसार पूर्व वित्तीय वर्ष के योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों को पुनः योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।
6. विगत पाँच वर्षो से जिन परिवारों (SFSS/NFHS अंतर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हें पुनः अनुदान मान्य नहीं होगा।
7. लाभुकों के चयन के साथ – साथ योजना अनुसार आवश्यक पशु शेड हेतु भी अनुशंसा ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा निश्चित रूप से किय जाएगा। साथ ही संबंधित योजनान्तर्गत चयनित लाभुकों को पशु पक्षी के निवास के लिए शेड आवास आदि की व्यवस्था मरनेगा अभिसरण (CONVERGENE) के तहत की जाएगी।
8. साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त लाभुकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
9. आवेदन में किसी भी त्रुटि होने पर जिला स्तरीय समिति से अस्वीकृत किया जाएगा।
10. लक्ष्य से ज्यादा पूर्ण आवेदन प्राप्त होने पर उससे प्रतिक्षा सूची में रखा जायेगा।
11. जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन के पश्चात लाभुकों का निलंब खाता (Escrow Account)जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा के द्वारा खुलवाया जायेगा
12. चयनित लाभुकों को 1 माह के अन्दर अपना लाभुक अंशदान जमा कराते हुए संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी को सूचित किया जाएगा उसके बाद ही सरकारी अनुदान की राशि लाभुकों के निलंब खाता में हस्तांतरित किया जाएगा।

अतः योजना का लाभ लेने को इच्छुक किसान एवं पशुपालको से अनुरोध है कि ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति दोनो में से किसी एक के अनुशंसा के साथ सभी अनुलग्नकों के साथ प्रखण्ड कार्यालय में दिनांक 25.07.2023 तक आवेदन जमा कराना सुनिश्चित करें।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
कोडरमा

PR 301533 Animal Husbandry (23-24)_D

# मुख्यमंत्री ने सरकार, एमएसडी व स्माइल के साझेदारी में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स किया लांच

## मोबाइल मेडिकल यूनिट पश्चिमी सिंहभूम समेत अन्य जिलों के 2 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचेगी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर/रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल ही में एमएसडी फार्मास्यूटिकल्स और स्माइल फाउंडेशन के साथ साझेदारी में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को लांच किया। स्माइल ऑन व्हील्स नामक इस कार्यक्रम का लक्ष्य झारखंड के पश्चिम सिंहभूम, साहेबगंज, चतरा, दुमका और गढ़वा जिलों में 2 लाख से अधिक लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचाना है। इस पहल से इन जिलों के लगभग 60 गांवों को सहायता प्राप्त होगी। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य सरकार की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को मजबूत करना और ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, उपलब्धता और सामर्थ्य को बढ़ावा देना है। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट योग्य डॉक्टरों, पैरा-मेडिकल स्टाफ, प्वाइंट-ऑफ-केयर और डायग्नोस्टिक सेवाओं और दवाओं से लैस ?होगी। जहाँ यह मोबाइल मेडिकल यूनिट मुफ्त ओपीडी सेवाएं और दवाएं प्रदान करेगा, वहीं गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार करने में मदद करेगा। इस पहल के तहत टीकाकरण, गर्भवती माताओं की देखभाल के बारे में जागरूकता बढ़ेगी और माध्यमिक और यह तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच का समर्थन भी होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, मेरा मानना है कि सूचना, जानकारी, सहृदयता के साथ साथ यदि एक ठोस व्यवस्था के अंतर्गत काम किया जाए तो लोगों को समग्र स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकती है। मुझे विश्वास है कि इस मिलीजुली पहल से जो शुरुआत की जा रही है उससे राज्य द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को बहुत बल मिलेगा। एमएसडी फार्मास्यूटिकल्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर रेहान ए खान ने कहा, एमएसडी में, हम लोगों के स्वास्थ्य में सुधार करना चाहते हैं। हम स्वास्थ्य देखभाल पहुंच बढ़ाने के अपने साझा मिशन में सरकार के साथ साझेदारी करके प्रसन्न हैं। एमएसडी फार्मास्यूटिकल्स इंडिया की कार्यकारी निदेशक- पब्लिक पालिसी, कम्युनिकेशन्स व् मार्किट एक्सेस नीलिमा द्विवेदी ने कहा, हमारे कम्युनिटी प्रोग्रामों के माध्यम से, हमारा उद्देश्य विशेष रूप से नीति आयोग द्वारा आहूत आकांक्षी जिलों में सरकार के प्रयासों को मजबूत करके देश भर में स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार करना है। स्माइल फाउंडेशन के को फाउंडर व् एग्जीक्यूटिव ट्रस्टी शांतनु मिश्रा ने कहा, सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स - 3 में निहित अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना देश के विकास में एक महत्वपूर्ण रोल है। स्माइल फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विक्रम सिंह वर्मा ने कहा, हम एमएसडी फार्मास्यूटिकल्स इंडिया के समर्थन के लिए उनका धन्यवाद करते हैं और यह महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का अवसर देने के लिए और हम पर विश्वास के लिए झारखंड सरकार के आभारी हैं। मुझे यकीन है कि भारत भर में हमारा स्वास्थ्य सेवा अनुभव हमारे सामूहिक मिशन को प्राप्त करने में फायदेमंद साबित होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता; राजेश कच्छप, विधायक खिजरी; मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह; अरुण कुमार सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग; वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव; आलोक त्रिवेदी, मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में शामिल थे।

### रांची सांसद भाजयु उपाध्यक्ष के घर पहुंचे, परिजनों से मिले



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड निवासी भारतीय जनता युवा मोर्चा सरायकेला खरसावां के जिला उपाध्यक्ष मनोरंजन महतो के घर उनके परिजनों से मुलाकात करने के लिए रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ गुरुवार को पहुंचे। सांसद श्री सेठ भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनोरंजन महतो के पिता को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सांसद ने अपने समर्थकों के साथ संगठन के संबंध में भी चर्चा किया। मौके पर ईचागढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय साधु चरण महतो के पत्नी भाजपा नेत्री सारथी महतो, नीमडीह के पूर्व जिला परिषद सदस्य अनीता पारित, ईचागढ़ विधान सभा के सांसद प्रतिनिधि मदन सिंह सरदार, बलराम महतो , अनिल सिन्हा, राजेंद्र सिंह मुंडा, शिशिर प्रमाणिक, सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, दिवाकर सिंह ,नकुल गोराई ,बिमल महतो, सुशेन गोप, यदुपति गोप , धीरज महतो आदि उपस्थित थे।

### श्री चरण महतो मेमोरियल उलगुलान फाउण्डेशन ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के शहीद निर्मल महतो उच्च विद्यालय कुकड़ु में गुरुवार को श्री चरण महतो मेमोरियल उलगुलान फाउण्डेशन हेड़ेमुली द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों व कालेज के मैट्रिक व इण्टर के टाप विद्यार्थियों व अभिभावकों को फाउण्डेशन द्वारा सम्मानित किया गया। फाउण्डेशन के सचिव सह झारखंड एकेडमिक काउंसिल के सदस्य डाक्टर अरूण कुमार महतो ने कहा कि फाउण्डेशन का मकसद है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को सम्मानित कर उसका हौसला अफजाई करना है, ताकि आगे चलकर वह अपने प्रतिभा को ओर अधिक निखार सके। मौके पर फाउण्डेशन के अध्यक्ष परशुराम महतो,20 सुत्री अध्यक्ष शक्ति पद महतो, उपाध्यक्ष नव किशोर हांसदा, निरंजन महतो,सुशेन कुमार, सुनील महतो,गंगाधर सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

### सरायकेला जिला नियोजनालय परिसर में रोजगार शिविर 10 जुलाई को

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मॉडल कैरियर सेंटर सह जिला नियोजनालय, सरायकेला में 10 जुलाई को पूर्वाह्न 10 बजे से रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार से मिली जानकारी अनुसार उक्त शिविर में फाइनेंस सेक्टर की प्रतिष्ठित संस्था फ्यूज़न माइक्रोफाइनेंस लिमिटिड द्वारा रिलेसनशिप ऑफिसर एवं सीनियर रिलेशनशिप ऑफिसर के 80 पदों पर रांची, जमशेदपुर एवं खूंटी जिले में नियुक्त करने हेतु युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा 11 हज़ार से 12000 रुपये प्रतिमाह का वेतन सहित मुफ्त आवसन, पीएफ, ईएसआईसी एवं इंसेंटिव जैसी अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी। रोजगार शिविर में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों के लिए उम्र सीमा 18 से 32 वर्ष के मध्य होना चाहिए तथा शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम इंटरमीडिएट (12वीं) पास होनी चाहिए। अभ्यर्थियों के पास दोपहिया वाहन एवं ड्राइविंग लाइसेंस का होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए मॉडल कैरियर सेंटर सह जिला नियोजनालय, सरायकेला-खरसावां में कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

### भाजपा पटमदा कार्यालय में मनाई गई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त के नेतृत्व में गुरुवार को मंडल कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मंडल मंत्री बिमल कैवर्त, युवा मोर्चा के अध्यक्ष निरंजन रजक, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष सुभाष माहली,रथु महतो, विश्वनाथ दास, राजेश माहली आदि उपस्थित थे।

### ओबीसी सूची में सुवर्ण वणिक समाज को सूचिबद्ध करने की मांग ले सांसद से मिले



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चौका स्थित सांसद समाधान कार्यालय में रांची के सांसद संजय सेठ के साथ एक सूत्री मांग केंद्रीय ओबीसी की सूची में सुवर्ण वणिक समाज को सुचिबद्ध करने को लेकर समाज के उच्च स्तरीय कमिटी के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने शिस्टाचार मुलाक़ात की। इस दौरान समाज के द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मांग पत्र को सांसद ने स्वीकार करते हुए आश्वस्त किया की इस विषय के समाधान हेतु मानसून सत्र से पहले संबधित मंत्रालय से वार्तालाप करेंगे। मानसून सत्र में संसद में समाज की समस्याओं को लेकर प्रश्नोत्तर काल में प्रश्न करूँगा। प्रतिनिधिमंडल में विश्वनाथ चन्द्र, सतीश दे, संजय पोद्दार, प्रशांत पोद्दार एवं रवि माझी उपस्थित थे।

### विधायक ने नीमडीह प्रखंड में 36 लाख की लागत से बने 5 योजनाओं का किया उद्घाटन




**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक निधि से निर्मित नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में 36 लाख 76 हाजार रुपये सें निर्मित पांच विकास योजनाओं का उद्घाटन गुरुवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरन कर किया। विधायक सविता महतो ने कहा ग्रामीणों की सुविधा के लिए सभी विकास योजनाओं का निर्माण कराया गया। उन्होंने कहा विकास योजनाओं का निर्माण होने से इसका लाभ आम लोगों को मिलेगा। इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष हरिदास महतो, संकर सिंह, हरेकृष्ण सिंह सरदार, सचिन गोप, सचिन महतो, विशनाथ दास, मोहन मार्डी, समेत काफी संख्या में ग्रामीण जनता व झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विमल बैठा ने दो छात्राओं को कराया पटमदा प्लस टू हाइस्कूल में दाखिला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए इच्छुक पटमदा प्रखंड के सुंदरपुर गांव के दो छात्राओं वीणापाणि सोरेन व पूर्णिमा मुर्मू की दाखिला प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में भाजपा नेता विमल बैठा ने कराया। विमल बैठा ने बताया कि दौरे के क्रम में सुंदरपुर गांव पहुंचने पर छात्राओं के परिजनों ने उन्हें बताया कि प्लस टू हाइस्कूल पटमदा में छात्राओं की दाखिला कराने में दिक्कत हो रही है। बात को संज्ञान में लेते हुए बैठा ने छात्राओं को लेकर पटमदा हाइस्कूल पहुंचे। प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार से बातचीत करते हुए दोनों छात्राओं का दाखिला करवा दिया है। इस मौके पर एसटी मोर्चा जिला महामंत्री विजय सोए जीतू कुमार शैलेंद्र शर्मा कृष्ण चंद्र महतो आदि मौजूद रहे।

### दस सूत्री मांग को लेकर कांग्रेस नेता अंसार खान मिले विद्युत विभाग के जीएम से, सौंपा मांग पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में दस सूत्री मांगपत्र बिजली विभाग के महाप्रबंधक को बिस्टुपुर ऑफिस में जाकर सौंपा गया। मांगपत्र के अनुसार जवाहर नगर रोड नंबर (13 ए)और जवाहर नगर रोड नंबर (13 बी)में नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए, और जवाहर नगर नगर रोड नंबर (14), रोड नंबर (13), बागान शाही क्रॉस रोड नंबर (8), कपाली क्षेत्र में बिजली को दुरुस्त किया जाए। मांगपत्र के अनुसार महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया है 15 जुलाई तक सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। मौके पर अंसार खान के साथ उषा यादव, अली इमाम, नूरजमा खान, शमी, दानिश, सबा, गुड्डी वर्मा, फरहत बेगम, दानिश, मोहम्मद जावेद, नौशाद आलम, अनवर हुसैन, मोहम्मद नवाज आदि मौजूद थे।

## सांसद सेठ ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड अंतर्गत तमोलिया पंचायत के गौरी में गुरुवार को सांसद निधि योजना से दो पीसीसी पथ 6.50 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ ने किया। उन्होंने बताया कि काफी दिनों से ग्रामीण इस सड़क की मांग कर रहे थे, जिसके बाद क्षेत्र आवश्यकता को देखते हुए इस सड़क निर्माण कार्य जल्दी ही यह सड़क बन कर तैयार हो जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा नेत्री सारथी महतो, अनिता पारित, सांसद प्रतिनिधि नीमडीह मदन सिंह सरदार, दिबाकर सिंह, मंडल अध्यक्ष खगेन महतो , महेश कर्मकार, बलराम महतो,महेश कुंडू आदि उपस्थित थे।

## सरायकेला में मतदाता सूची के पन्ना वेरिफिकेशन का कार्य प्रारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त के निर्देशानुसार मतदाता सूची के पन्ना वेरिफिकेशन का कार्य प्रारंभ किया गया। जिसके तहत गुरुवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरायकेला मृत्युंजय कुमार द्वारा 51 सरायकेला विधानसभा के मतदान केंद्र संख्या 348 का भ्रमण किया गया तथा मतदान केंद्र के मतदाता सूची को लेकर एक पन्ने पर अंकित मतदाताओं से संबंधित ब्यौरा की जानकारी लेने के लिए सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर संपर्क किया गया। भ्रमण के दौरान मतदाता सूची के एक पन्ने में उपलब्ध 30 मतदाताओं की जांच की गई जिसमें कुल 3 मतदाता क्षेत्र से बाहर पाए गए जबकि कुछ मतदाताओं के नाम के स्पेलिंग में त्रुटियां पाई गई जिसे अविलंब सुधार करने हेतु फार्म 8 भरने का निर्देश उपस्थित बीएलओ को दिया गया। मतदाताओं से यह भी अपील किया गया कि जिस प्रकार की भी त्रुटियां हैं उन्हें वे आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान ठीक करा सकते हैं। इस संबंध में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी- सह- अनुमंडल पदाधिकारी, 51 सरायकेला, राम कृष्ण कुमार द्वारा बताया गया कि पन्ना वेरीफिकेशन के कार्य हेतु सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में यह कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जो लगातार जारी रहेगा।

### स्कूलों में बांग्ला भाषा पढ़ाई शुरू करने को ले उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**गम्हरिया :** कुंभकार समाज गम्हरिया की ओर से महासचिव बंकिम चौधरी के नेतृत्व में समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने सरायकेला उपायुक्त अरवा राजकमल से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन के माध्यम से राज्य के स्कूलों में बांग्ला भाषा की पढ़ाई शुरू कराने की मांग की गई है। बताया गया है कि झारखंड में बांग्लाभाषियों की संख्या करीब 20 फीसदी है। ऐसे में स्कूलों में बांग्ला भाषा की पढ़ाई होनी जरूरी है। इसके लिए उन्होंने स्कूलों में बांग्ला भाषी शिक्षकों की भर्ती करने की मांग भी की।

### न्यायालय परिसर में खुला महिला शौचालय व सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरायकेला विजय कुमार के निर्देशानुसार जिला व्यवहार न्यायालय परिसर सरायकेला में महिला शौचालय एवं नए सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन का उद्घाटन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंजू कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अन्य न्यायिक पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात कुमार , उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सहित अन्य गणमान्य अधिवक्ता गण उपस्थित थे। महिलाओं की सुविधा का विशेष ध्यान में रखते हुए व्यवहार न्यायालय सरायकेला में यह व्यवस्था की गई है।

## लघु उद्योग भारती ने उद्योग सचिव को सौंपा आठ सूत्री मांग पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह गुरुवार को अपने दौरे के क्रम में सरायकेला-खरसावां के आदित्यपुर पहुंचकर ऑटो क्लस्टर कार्यालय में उद्यमियों के साथ बैठक की। इस दौरान लघु उद्योग भारती ने उद्योग सचिव को अपनी मांगो से सम्बंधित आठ सूत्री मांग पत्र सौंप कर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन भी मौजूद थे। उद्योग सचिव ने उद्यमियों की बातों को सुन कर उसे गंभीरता से लेते हुए तीन माह के भीतर कार्रवाई कर निदान करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में लघु उद्योग भारती के जिला महासचिव समीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष संदीप मिश्रा के साथ एसिया अध्यक्ष इंदर अग्रवाल, महामंत्री प्रवीण गुटगुटिया और ऑटो क्लस्टर के एमडी एसएन ठाकुर शामिल थे। उद्यमियों की प्रमुख मांगों में औद्योगिक क्षेत्र की जर्जर सड़कें, नाली, स्ट्रीट लाइट, पार्किंग एवं अतिक्रमण से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं के साथ छोटे उद्योगों पर ई बीडिंग से बढ़ती लागत, डीओपी के वजह से लैंड ट्रांसफर में आ रही बाधा, भूमि आवंटन में इंस्टॉलमेंट खत्म होकर एकमुश्त पैसा जमा करने से पड़ रही आर्थिक बोझ, नगर निगम द्वारा होल्डिंग टैक्स वसूलने के लिए लगातार नोटिस भेजे जाने की बातें शामिल है।

### सड़क सुरक्षा टीम ने चलाया जागरुकता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु ज़िला परिवहन पदाधिकारी दिनेश कुमार रंजन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा टीम द्वारा ट्रैफिक पुलिस बल की उपस्थिति मे गुरुवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। सरायकेला चाईबासा मुख्य सड़क पर चलाए गए जागरूकता अभियान के तहत दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट के उपयोग की अपील चालकों से की गई। साथ ही उन्हें हमेशा यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य ज़िला सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुंदन वर्मा, सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक आशुतोष कुमार सिंह एवं आई टी सहायक धृत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## बांग्ला भाषा में शिक्षा के लिए काटिन के लालडूंगरी में खोला गया अपुर पाठशाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** माताजी आश्रम हाता की प्रेरणा से पटमदा प्रखंड के काटिन लालडूंगरी में बांग्ला भाषा सिखाने के लिए अपुर पाठशाला खोला गया। यहां प्रत्येक रविवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक बांग्ला भाषा सिखाई जाएगी। आदिवासियों सहित कुल 50 की संख्या में गरीब लड़के-लड़कियों ने नामांकन करवाया। माताजी आश्रम हाता और सुबोध चंद्र गोराई द्वारा वर्ण परिचय किताब, नोटबुक और पेंसिल दिए गए। राजीव मुर्मू और सुनीति मुदी बांग्ला भाषा पढ़ाएंगे। माताजी आश्रम के प्रशासक, ट्रस्टी और लेखक सुनील कुमार डे ने कहा कि किसी भी भाषा से कोई विरोध नहीं है। हम पूरे झारखंड में 1000 अपुर पाठशाला खोलना चाहते हैं। हम छात्रों को मुफ्त किताबें और नोटबुक देंगे। अंत में डॉ. मदन सरकार ने सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अचिंत्य गुप्ता, सुनील कुमार डे, सुबोध गोराई, सुभाष सिंहरॉय, पल्लब दालाल के अलावा सुनीति मुदी, राजीव मुर्मू, ज्योत्सना गोराई, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सीआईएससीई जोनल कबड्डी टीम में 32 खिलाड़ियों का हुआ चयन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** जेवियर स्कूल गम्हरिया के प्रांगण में सीआईएससीई जोनल कबड्डी टीम-2023 (अंडर 17 और अंडर 19) के चयन हेतु ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जमशेदपुर जोन के 16 स्कूलों के ने कुल 187 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले कुल 33 छात्रों का चयन क्षेत्रीय टीम के लिए किया गया। बताया गया है कि आगामी 19 अगस्त को बांका,भागलपुर में होने वाले प्रतियोगिता में जमशेदपुर जोन का प्रतिनिधित्व ये चयनित खिलाड़ी करेंगे। प्रतियोगिता की शुरुआत जेवियर स्कूल के प्रधानाचार्य फादर सेबेस्टियन एसजे ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी विद्यालय और देश का नाम रोशन करें। इस मौके पर निर्णायक की भूमिका में पूर्वी सिंहभूम कबड्डी एसोसिएशन के अधिकारी मौजूद रहे। इसके सफल आयोजन में विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य फादर दयानिधि, सिस्टर रेशमी, सिस्टर अर्चना, खेल शिक्षक विकास कुमार सिंह, आदि का अहम योगदान रहा।

## संपादकीय

# वित्तीय आचरण बदलें

**आर्थिक** परीक्षाओं में गुजर बसर करने की इच्छा शक्ति से गुजरती हिमाचल सरकार के लिए हर कदम पर चुनौतियां हैं, लेकिन यही इंतखाब है जिसे पूर्ववर्ती सरकारों ने नजरअंदाज किया। हिमाचल में पंजाब पुनर्गठन, पर्वतीय राज्य, वनाधिकार व जलाधिकार इसकी आर्थिक शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काफी है, लेकिन यही पहलू सबसे अधिक नजरअंदाज हुए। अब जबकि वाटर सेस और शानन विद्युत परियोजना पर हक जताने की बारी आई, तो हिमाचल को याद आया कि यह बंटवारा तो चंडीगढ़ की 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी को भी सुनिश्चित करता है। विडंबना यह रही कि जब हिमाचल में पंजाब के पर्वतीय क्षेत्र मिल रहे थे, इसे केवल एक भूखंड का स्थानांतरण और सियासी गठजोड़ माना गया, जबकि इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भाषायी, सामाजिक, आर्थिक पहलुओं व अधिकारों को गौण किया जाता रहा। यही विडंबना अब शूल बनकर उभरी है, तो हिमाचल को अपने पांव पर खड़ा होने की शिद्दत से कोशिश हो रही है। यह दुर्भाग्य है कि जब सुक्खू सरकार अपने दम पर प्रदेश की आर्थिक चुनौतियों के समाधान में गतिशील है, तो कहीं विपक्ष इसे राजनीतिक लाचारी में देख रहा है। मानवीय संसाधन के विकास में हिमाचल एक अग्रणी राज्य है, लेकिन इसके बरअक्स आर्थिक संसाधनों का विकास नहीं हो पाया, तो इसलिए क्योंकि हमेशा बेचारगी के आलम में राज्य ने केंद्र से पनाह मांगने की कोशिश की जबकि अधिकारों के परिप्रेक्ष्य में यथार्थ को नजरअंदाज किया गया। जिस पर्यावरण के लिए हिमाचल को बंधुआ बनाया गया, उसके एवज में आर्थिक अधिकार किसने मांगे। पौंग-भाखड़ा जैसी बड़ी बांध परियोजनाओं से हिमाचल को हासिल ही क्या हुआ। इसी संदर्भ में शानन विद्युत परियोजना को यह मान लेना कि इस पर पंजाब का कानूनी हक है, हमारी दृष्टि का दोष रहा। आजादी के बाद अगर नए राज्यों का उदय नई संभावनाओं को जन्म दे गया, तो किस पैमाने पर शानन विद्युत परियोजना को पंजाब की संपत्ति मान लिया गया। दरअसल हिमाचल की संकीर्ण राजनीति ने पंजाब पुनर्गठन के बाद राज्य के अस्तित्व को नई आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक पहचान के रूप में विकसित ही नहीं होने दिया। आज तक केवल हिस्से बंटे हैं, जबकि कानूनी हिस्सेदारियों में प्रदेश की भूमिका इक्का दुक्का मामलों में ही सामने आई है। बहरहाल सालों के दोष की दुरुस्ती इतनी भी आसान नहीं कि एकदम सब कुछ सही हो जाए, लेकिन सबसे पहले प्रदेश को सियासत की आंतरिक शुद्धि चाहिए। राजनीतिक तौर पर प्रदेश के असंतुलन पंजाब पुनर्गठन के बाद बढ़े हैं या इनके ऊपर व्यक्तिगत इच्छाएं थोप दी गईं। राज्य का नेतृत्व प्रायः सत्तारूढ़ दलों की केंद्रीय सत्ता ही तय करने लगी है जिसके कारण मुख्यमंत्री का पद भी अपनी किलेबंदी करते देखे गए। प्रदेश को अभी तक राजनीति के बीच स्वतंत्र आर्थिक सलाहकार या वित्त मंत्री नहीं मिले और न ही सरकारों ने अपनी निरंतरता से आर्थिक आत्मनिर्भरता के कदमों को आगे बढ़ाया। कमोबेश हर सरकार ने जनता से ऐसे लोकप्रिय तथा वित्तीय उदारता के समझौते किए जो इसके बूते से बाहर है। कांग्रेस की अहम गारंटियां प्रदेश को आत्मनिर्भर नहीं बना रहीं, बल्कि इससे आर्थिक व नागरिक दबाव ही बढ़ रहे हैं। भले ही सुक्खू सरकार ने इस दिशा में कड़े संदेश और आर्थिक नवाचार का पैगाम दिया है, लेकिन आर्थिक ढांचे की जिम्मेदारी विपक्ष से नागरिक समाज तक है। इसी दृष्टि से हिमाचल भवन के बाद सामान्य डाक बंगलों के कमरों का दैनिक किराया पांच सौ व सर्किट हाउस में छह सौ रुपया किया जा रहा है। यह देखने में छोटा सा प्रयोग दिखाई देता है, लेकिन यह वित्तीय आचरण बदलने का कारक हो सकता है। आश्चर्य तो यह है कि पिछले कुछ सालों में रेस्ट हाउस निर्माण केवल राजनीतिक शानो-शौकत के लिए हुआ और करीब दो हजार ऐसी संपत्तियों की वार्षिक देखभाल पर ही करोड़ों निकल जाते हैं। भले ही किराए की दृष्टि से उपाय ढूंढा गया, लेकिन इनके औचित्य, प्रबंधन और भविष्य की परिकल्पना बहुत कुछ करना बाकी है। हर विभाग द्वारा खड़े किए गए डाक बंगलों के स्थान पर महत्त्वपूर्ण शहरों में एक संयुक्त रेस्ट हाउस की परिकल्पना में दस, पच्चीस, पचास या सौ कमरों की इकाइयां स्थापित करके इनका संचालन पर्यटन विकास निगम के हाथों में दिया जाए। ऐसी इमारतों के निर्माण एवं प्रबंधन के लिए पीपीपी मोड भी अपनाया जा सकता है या पढ़े-लिखे युवाओं को स्वरोजगार के तहत सरकारी कर्मचारियों की आवासीय व्यवस्था एवं डाक बंगलों को आउटसोर्स किया जा सकता है। राज्य की नई आय के स्रोत पैदा करने से पहले फिजूलखर्चियों पर नकेल आवश्यक है और अगर इसके साथ पक्ष-प्रतिपक्ष एवं जनता एक साथ आए तो वित्तीय खानाखराबी का वर्तमान आलम तो रुकेगा।

हिमाचल में पंजाब पुनर्गठन, पर्वतीय राज्य, वनाधिकार व जलाधिकार इसकी आर्थिक शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काफी है, लेकिन यही पहलू सबसे अधिक नजरअंदाज हुए। अब जबकि वाटर सेस और शानन विद्युत परियोजना पर हक जताने की बारी आई, तो हिमाचल को याद आया कि यह बंटवारा तो चंडीगढ़ की 7 .19 प्रतिशत हिस्सेदारी को भी सुनिश्चित करता है। विडंबना यह रही कि जब हिमाचल में पंजाब के पर्वतीय क्षेत्र मिल रहे थे, इसे केवल एक भूखंड का स्थानांतरण और सियासी गठजोड़ माना गया, जबकि इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भाषायी, सामाजिक, आर्थिक पहलुओं व अधिकारों को गौण किया जाता रहा। यही विडंबना अब शूल बनकर उभरी है, तो हिमाचल को अपने पांव पर खड़ा होने की शिद्दत से कोशिश हो रही है। यह दुर्भाग्य है कि जब सुक्खू सरकार अपने दम पर प्रदेश की आर्थिक चुनौतियों के समाधान में गतिशील है, तो कहीं विपक्ष इसे राजनीतिक लाचारी में देख रहा है। मानवीय संसाधन के विकास में हिमाचल एक अग्रणी राज्य है, लेकिन इसके बरअक्स आर्थिक संसाधनों का विकास नहीं हो पाया, तो इसलिए क्योंकि हमेशा बेचारगी के आलम में राज्य ने केंद्र से पनाह मांगने की कोशिश की जबकि अधिकारों के परिप्रेक्ष्य में यथार्थ को नजरअंदाज किया गया।

## कुछ अलग

# घोटाले में आरोपित तेजस्वी

**जब** लालू यादव केंद्र की यूपीए-1 सरकार में रेल मंत्री थे, तो उनकी अर्थशास्त्रीय विद्वत्ता पर आश्चर्य होता था। उन्हें विदेश के विख्यात विश्वविद्यालयों में विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित किया जाता था। अर्थशास्त्र के केंद्रों के प्रोफेसर और विद्यार्थी लालू यादव का वह फॉर्मूला जानने के इच्छुक थे कि भारतीय रेल मुनाफे में क्यों रहती है? उसके आधार और समीकरण क्या हैं? लालू किसी भी दृष्टि से अर्थशास्त्री नहीं थे और न ही आज हैं, लेकिन देश-दुनिया के सामने रहस्योद्घाटन हो गया कि तत्कालीन रेल मंत्री गरीब लोगों को नौकरी देते थे, लेकिन बदले में उनकी जमीन का कोई टुकड़ा अपनी पत्नी, बेटा-बेटी, साले और परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी के नाम लिखवा लिया करते थे या तोहफे के तौर पर स्वीकार कर लेते थे। आरोप है कि रेलवे में 'डी' श्रेणी की नौकरी देने के बदले लालू परिवार ने एक लाख वर्गफुट से ज्यादा की जमीन मात्र 26 लाख रुपए में खरीदी। जमीन की तत्कालीन बाजार कीमत 4.39 करोड़ रुपए थी। यह तथ्य सीबीआई के आरोप-पत्र में है। 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाला लालू कुनबे के साथ चिपका है। सीबीआई ने इस मामले में एक और नया आरोप-पत्र अदालत में दाखिल किया है। लालू यादव, कुछ बिचौलियों, फर्मों और बेटे-बेटियों को तो आरोपित बनाया गया है, लेकिन इस बार बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी आरोपित हैं। वह लालू-राबड़ी के छोटे पुत्र हैं। लालू-राबड़ी दोनों ही बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। उनकी बेटियों की भूमिका भी संदिग्ध है, लिहाजा उनके आवासीय स्थलों पर छापे मार कर उनसे पूछताछ भी की गई थी। आरोप-पत्र पर अदालती कार्यवाही शुरू होगी, तो सबके नाम और मुनाफे स्पष्ट हो जाएंगे। खुद को 'सामाजिक न्याय का मसीहा' मानने वाले लालू यादव ने मंत्री पद का दुरुपयोग किया और गरीबों से ही उनके भूखंड बटोर लिए। यह काल्पनिक आरोप-पत्र नहीं है, बल्कि सीबीआई ने गहन जांच की है, साक्ष्य जुटाए हैं, गरीबों के आर्तनाद भी दर्ज किए हैं, नतीजतन दो आरोप-पत्र दाखिल किए गए हैं। क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'आरोपित सहयोगी' के साथ सरकार में काम करना चाहेंगे? उनका रिकॉर्ड रहा है कि वह आरोपित नेता को साफ-सुथरा साबित होने का निर्देश देते हैं और तब तक वह कैबिनेट या किसी भी जिम्मेदार और संवैधानिक पद से अलग रहता है, लेकिन तेजस्वी के संदर्भ में नीतीश के पास विकल्प ही क्या हैं? अभी तो यह अग्नि-परीक्षा भी होनी है कि वह तेजस्वी के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति देते हैं अथवा नहीं! राज्यपाल को अनुशंसा करेंगे या नहीं! कानूनन तेजस्वी को जेल भी भेजा जा सकता है।

## शिक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं को लागू करना और क्रियान्वित करना

# छोटे कालेजों का संघर्ष

डा. वरिंदर भाटिया

भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली समय के साथ तेजी से बदल रही है। किसी भी कॉलेज का प्रिंसीपल और शिक्षक उस संस्था का सेन्ट्रल एक्सेल होते हैं। आज उच्च शिक्षा में संस्था प्रमुख या प्रिंसिपल का महत्व बढ़ गया है। शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख यानी प्रिंसीपल के विभिन्न कार्य और जिम्मेदारियां नएपन से परिभाषित हो रही हैं। यह जिम्मेदारियां कुछ इस तरह से हो गयी हैं, आइये इन जिम्मेवारियों की एक चेक लिस्ट पर विचार करें, जैसे कि शैक्षणिक उद्देश्य के लिए नियमित विभाग की बैठकें आयोजित करना और उनका संचालन करना। संस्थान में प्रत्येक सदस्य की जरूरतों के बारे में जागरूक रहना और व्यक्तिगत सलाह देने और उनकी चिंताओं को सुनने के लिए समय निकालना।

**इस** समय हर कॉलेज में दाखिले के लिए संघर्ष हो रहा है। एक तरफ जहां नामवर कॉलेज विद्यार्थियों की संतोषजनक संख्या पर शायद ही पहुंच जाएंगे, वहीं अनेक कॉलेज ऐसे भी पाए जा रहे हैं जहां छात्रों का अकाल पड़ गया है। इनमें से अनेक कॉलेज अपने प्राध्यापकों को कई कई महीनों से वेतन देने में असमर्थ हो चुके हैं। इन स्थितियों के अनेक कारण हो सकते हैं। उदाहरण के लिए अनेक छोटे कॉलेजों में निम्न स्तर का लर्निंग इन्फ्रा होना, स्टाफ की कमी और उनको पढने के लिए अंडर पेमेंट करना, छात्रों का उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाना, कॉलेज में पेशवर प्रशासन और प्रबंध का न होना इत्यादि ऐसी स्थितियां बन सकती हैं जिससे आने वाले समय में छोटे कॉलेज बंद हो सकते हैं। भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली समय के साथ तेजी से बदल रही है। किसी भी कॉलेज का प्रिंसीपल और शिक्षक उस संस्था का सेन्ट्रल एक्सेल होते हैं। आज उच्च शिक्षा में संस्था प्रमुख या प्रिंसिपल का महत्व बढ़ गया है। शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख यानी प्रिंसीपल के विभिन्न कार्य और जिम्मेदारियां नएपन से परिभाषित हो रही हैं। यह जिम्मेदारियां कुछ इस तरह से हो गयी हैं, आइये इन जिम्मेवारियों की एक चेक लिस्ट पर विचार करें, जैसे कि शैक्षणिक उद्देश्य के लिए नियमित विभाग की बैठकें आयोजित करना और उनका संचालन करना। संस्थान में प्रत्येक सदस्य की जरूरतों के बारे में जागरूक रहना और व्यक्तिगत सलाह देने और उनकी चिंताओं को सुनने के लिए समय निकालना। संस्था की रिपोर्ट लेखन की गुणवत्ता की निगरानी करना। वर्तमान शैक्षिक सोच से अवगत रहना और यथासंभव इसमें शामिल होना। विशेष पाठ्यचर्या या शैक्षणिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठकों की व्यवस्था करना और उनमें भाग लेना। शिक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं को लागू करना और क्रियान्वित करना। प्रत्येक विभाग और संकायों के बीच संबंध स्थापित करना और संतुलन बनाए रखना। आवश्यकता पडने पर आगामी वर्ष के लिए विभाग के लिए व्यय की योजना प्रदान करना। विभाग/संस्था के वार्षिक बजट की जिम्मेदारी लेते हुए यह सुनिश्चित करना कि इसका उपयोग दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाए। संस्थान के सटीक रिकॉर्ड, सुव्यवस्थित फाइलें और बैठकों के सभी संबंधित मिनटों सहित कॉलेज दस्तावेजों के रिकॉर्ड रखना। संस्थान में कर्मचारियों और छात्रों को आवश्यकतानुसार निर्णयों को समझाना। संस्थागत सुविधाओं के बारे में भविष्य में सुधार के



लिए योजना विकसित करना। फर्नीचर, फिटिंग और कपड़े को होने वाली किसी भी दिन-प्रतिदिन की क्षति का सर्वेक्षण करना। प्रबंधन अधिकारियों को किसी भी क्षति की चिंता की रिपोर्ट करना। हितधारकों के अच्छे रिटर्न के लिए संस्थान की स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना। कॉलेज स्टाफ विकास कार्यक्रमों के एक भाग के रूप में स्टाफ के सदस्यों के मूल्यांकन में भाग लेना। नियमित शिक्षण में शामिल शिक्षण स्टाफ और हितधारकों के लिए शिक्षाविदों में उनकी अलग-अलग भूमिका के बारे में देखना। नए स्टाफ के लिए स्टाफ इंडक्शन प्रोग्राम और कॉलेज इंडक्शन प्रोग्राम की व्यवस्था करना और तैयार करना। सहायक कर्मचारियों और तकनीशियनों की पूर्ण भागीदारी के लिए उनके कार्य को व्यवस्थित करना। विभाग के सदस्यों का सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित करना। प्रत्येक छात्र की नैतिक, आध्यात्मिक, सौंदर्य, शारीरिक और बौद्धिक शिक्षा में योगदान देने वाले विषयों का विकास करना। पाठ्यचर्यागत नीतियों और विषयों को लागू करना और उन्हें विकास के कार्य में लाना। पाठ, दीवार प्रदर्शन और संसाधनों के उपयोग के संदर्भ में पूरे संस्थान में प्रेरक कक्षा वातावरण प्रदान करना। उचित समय और छुट्टियों के दौरान समाजों, यात्राओं, अतिथि वक्ताओं, भ्रमण और क्षेत्र कार्य के रूप में कक्षा से परे अवसर प्रदान करना। छात्रों को उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों पर सलाह प्रदान करना और विश्वविद्यालयों के साथ उचित संबंध बनाए रखना। यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक छात्र के साथ मिशन और विजन स्टेटमेंट के सिद्धांतों और उद्देश्यों के अनुसार व्यवहार किया जाए। अच्छे अभ्यास के उदाहरणों को समन्वित करना और शिक्षकों को अभ्यास, अध्ययन के कार्यक्रम साझा करने में सक्षम बनाना। एनएएसी, शैक्षणिक और प्रशासनिक समितियों, विश्वविद्यालय समितियों सहित बहु-विषयक समितियों को शामिल करने वाली विभिन्न समितियों का संचालन करना। एक संस्थागत पुस्तिका तैयार करना और रखना और सरकारी अधिकारियों, प्रबंधन निकायों की मांग पर समय-समय पर उत्पादन और प्रतिनिधित्व करना। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए कॉलेज/संस्थान को उसके विकास और प्रगति के लिए समय की गति के साथ परिभाषित करना। टाइम टेबल समिति द्वारा तैयार किए गए टाइम टेबल के घंटों को देखना और सुनिश्चित करना। समाज के कल्याण के लिए छात्रों जैसे कॉलेज हितधारकों के लिए कार्यान्वयन के लिए दुनिया में संभाली गई नई तकनीकों और प्रौद्योगिकियों से अवगत रहना। संबद्ध विश्वविद्यालयों द्वारा तय दिशा-निर्देशों के अनुसार कॉलेज/संस्थान में अनुशासन बनाए रखना। समाज और हितधारकों जैसे माता-पिता, छात्रों के साथ शिक्षण स्टाफ और गैर-शिक्षण स्टाफ के बीच संतुलन बनाए रखना। उच्च शिक्षा में टीचिंग स्टाफ का महत्व एवं उत्तरदायित्व भी नए आयाम ले रहे हैं। इनकी भी एक चेक लिस्ट सुझाई जा सकती है, जैसे कि संस्थानों की समय-सारिणी में निर्देशानुसार व्याख्यान, प्रैक्टिकल, कार्यशाला, सेमिनार लेना। छात्र/हितधारक के शैक्षणिक स्तर को बढ़ाना। हितधारकों के विकास के लिए बुनियादी आधार के साथ-साथ मूल्य आधारित शिक्षा को जोडना। छात्रों को रोजगार की दृष्टि से वाहक बनाना। विश्वविद्यालय अवकाश या स्प्रेडशीट के अनुसार परिणाम बनाना। हितधारकों/छात्रों को समय-समय पर महत्वपूर्ण सूचनाएं सूचित करना। व्याख्यान आयोजित करते समय छात्रों को व्याख्यान से पहले अध्ययन सामग्री तैयार करना। कक्षा कक्ष के साथ-साथ कॉलेज परिसर में अनुशासन बनाए रखना। किसी भी कदाचार/गलत व्यवहार से बचना जो जानबूझकर कॉलेज के अनुशासन और माहौल को नुकसान पहुंचाएगा। छात्रों की शिक्षा के विकास के लिए घंटों अध्ययन के माध्यम से अतिरिक्त प्रयास करना। कक्षा, धर्म और अनुष्ठानों के संबंध में समानता के सभी कोनों के माध्यम से प्रत्येक छात्र को समान बनाना। यह हमारे प्राध्यापकों के लिए एक चुनौती है। ऊपर बताए गए बिंदुओं का मकसद छोटे कॉलेज में शैक्षणिक और प्रशासनिक गति देना है। हमें प्राचार्य और प्राध्यापकों को और मजबूती देनी होगी, ताकि वे पूर्ण शक्ति और स्व-निर्भरता से उच्च शिक्षा की नई इबारत लिख सकें। हम छोटे कॉलेज बंद कर देने की तो नहीं कहते, परन्तु बगैर डिमांड और सुविधाओं के चल रहे कॉलेज सार्थकता नहीं साबित कर पा रहे हैं। इस पर सोचा जाना गलत नहीं है।

# अपेक्षित है सभ्य एवं मर्यादित परिधान

हमें कब और कहां, कैसा व्यवहार करना है, यह सभ्य, शिक्षित और संस्कारित व्यक्ति स्वयं जानता है। वैसे भी क्या पहनना है, क्या खाना है, किस तरह का व्यवहार आवश्यक है, क्या सही है, क्या गलत है, यह किसी भी व्यक्ति का निजी मामला है और इस पर कोई भी टिप्पणी नहीं की जा सकती। बंदिशें लगाकर भी किसी व्यक्ति को बलपूर्वक वांछित आचरण के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। सभी व्यक्तियों की शिक्षा, संस्कार, विचार, परवरिश, परिवेश, परिस्थिति तथा जीवन के प्रति दृष्टिकोण एक जैसा नहीं होता। इसलिए उसके चिन्तन, व्यवहार, आचरण, रुचि एवं अभिरुचि में भी भिन्नता तथा विविधता होती है, जो स्वाभाविक भी है। ईश्वर ने सभी को अलग-अलग अक्ल, शक्ल, रंग, रूप, आकार तथा बुद्धि प्रदान की है। इसीलिए यह जीवन सुन्दर तथा आकर्षक है। प्रत्येक व्यक्ति के निजी जीवन मूल्य हैं तथा उनमें किसी भी प्रकार का बाहरी दखल भी नहीं हो सकता। प्रत्येक व्यक्ति अपना स्वतन्त्र जीवन यापन करना चाहता है। यह स्वतन्त्रता प्रकृति से मिली है इसी प्राकृतिक जीवन की स्वतन्त्रता के सिद्धांत की पुष्टि हमारे संवैधानिक अधिकारों में भी की गई है।

**वैसे** तो जीवन में मर्यादित और अमर्यादित आचरण क्या है, ये तो व्यक्ति के जीवन का निजी मामला है, परन्तु सामाजिक रूप से क्या होना चाहिए, कैसे होना चाहिए तथा क्या नहीं होना चाहिए, इसे सामाजिक अलिखित नियम संहिता निश्चित करती है। हमें कब और कहां, कैसा व्यवहार करना है, यह सभ्य, शिक्षित और संस्कारित व्यक्ति स्वयं जानता है। वैसे भी क्या पहनना है, क्या खाना है, किस तरह का व्यवहार आवश्यक है, क्या सही है, क्या गलत है, यह किसी भी व्यक्ति का निजी मामला है और इस पर कोई भी टिप्पणी नहीं की जा सकती। बंदिशें लगाकर भी किसी व्यक्ति को बलपूर्वक वांछित आचरण के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। सभी व्यक्तियों की शिक्षा, संस्कार, विचार, परवरिश, परिवेश, परिस्थिति तथा जीवन के प्रति दृष्टिकोण एक जैसा नहीं होता। इसलिए उसके चिन्तन, व्यवहार, आचरण, रुचि एवं अभिरुचि में भी भिन्नता तथा विविधता होती है, जो स्वाभाविक भी है। ईश्वर ने सभी को अलग-अलग अक्ल, शक्ल, रंग, रूप, आकार तथा बुद्धि प्रदान की है। इसीलिए यह जीवन सुन्दर तथा आकर्षक है। प्रत्येक व्यक्ति के निजी जीवन मूल्य हैं तथा उनमें किसी भी प्रकार का बाहरी दखल भी नहीं हो सकता। प्रत्येक व्यक्ति अपना स्वतन्त्र जीवन यापन करना चाहता है। यह स्वतन्त्रता प्रकृति से मिली है इसी प्राकृतिक जीवन की स्वतन्त्रता के सिद्धांत की पुष्टि हमारे संवैधानिक अधिकारों में भी की गई है। यह जीवन यापन स्वतन्त्रता हमें तब तक छूट देती है जब तक कि हमारी स्वतन्त्रता किसी दूसरे के जीवन के लिए हानिकारक न हो। हम मनुष्य हैं, पशुओं से परिष्कृत हैं। हमें सभ्य बनने में शताब्दियां लगी हैं। परमात्मा ने हमें बुद्धिमत्ता से परिपूर्ण किया है। हमारी सोचने-समझने की शक्ति अन्य चर-अचर जीवों से शतप्रतिशत बेहतर है। हमें कब, क्या, कैसे और क्यों करना है, हम विचार कर निर्णय कर सकते हैं। मनुष्य ने शिक्षित होकर ज्ञान प्राप्त किया है, लेकिन शिक्षित होने के बावजूद वह सभ्य, सुसंस्कृत एवं संस्कारी बनने में असफल ही रहा है। वह अपनी असुरी वृत्तियों पर लगाम लगाने में नाकामयाब ही रहा है। ऐसा लगता है कि हम समय, स्थान तथा स्थिति के अनुरूप व्यवहार नहीं कर पाते। यह परिवर्तन वर्तमान में व्यक्ति के व्यवहार, वार्तालाप, संस्कार, खानपान, परिधान तथा आचरण में देखा जा सकता है। भौतिकवाद की छाया में हम पल-पल अपने जीवन की मर्यादाओं को भंग करते हैं। अपार धन-सम्पदा हमारे जीवन मूल्यों का हनन करने के लिए हर पल विवश करती है। भौतिक संसाधनों का नशा, पैसे की गर्मी, अहंकार तथा दम्भ ने हमारे जीवन मूल्यों का ह्रास किया है और हम अपनी मर्यादाओं तथा सीमाओं से बाहर होते रहते हैं। निजी जीवन में छोटे कपड़े या कम कपड़े पहनना कोई गुनाह नहीं है। परन्तु समय, स्थान तथा स्थिति के अनुसार शिष्ट एवं सभ्य आचरण किसी भी व्यक्ति के लिए आवश्यक है। सुन्दरता तथा आकर्षण मर्यादित कपड़ों में ही होता है। वास्तविकता में तो हम सब नंगे ही हैं। यह भी ठीक है कि गन्दगी हमारे परिधान में नहीं बल्कि हमारे कुविचारों, चिन्तन तथा मानसिकता में होती है। उदाहरणार्थ यदि कोई व्यक्ति विशेष खुशी के अवसर पर पहनने वाले वस्त्रों में किसी की मृत्यु के अवसर पर शोक विचार देने जाए या फिर सामान्य अवसर पर पहनने वाले वस्त्रों में किसी के जन्म या विवाह समारोह जैसे शुभ अवसर पर जाए तो कैसा लगेगा? इसी तरह भक्ति भाव में ईश्वर की प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना करने में भी भावानुरूप उसी प्रकार के सभ्य परिधान की आवश्यकता है ताकि धार्मिक परिसरों में भक्ति भाव का विशिष्ट वातावरण बना रहे। प्रदेश एवं देश में कई गुरुद्वारों, गिरिजाघरों, मन्दिरों में वहां की नियम संहिता के अनुरूप समय समय पर निर्देश दिए जाते हैं। अनेक शिक्षण संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं, व्यावसायिक संस्थानों में भी विशेष वस्त्रों में प्रवेश करने के लिए निर्देश दिए जाते हैं जो उन संस्थाओं की नियम संहिता है। अभी बिहार सरकार ने शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को टी-शर्ट तथा जींस जैसे कैजुअल कपड़े पहन कर कार्यालय में आने को कार्य संस्कृति के विरुद्ध बता कर आपत्ति जताई है। कुछ वर्ष पहले हिमाचल प्रदेश के माननीय उच्च न्यायालय ने भी सभ्य, शिष्ट तथा उचित परिधान में न्यायालय में उपस्थित होने की व्यवस्था दी थी। अभी हाल ही में ऊना जिला के द्रोण महादेव शिव मन्दिर अम्बोटा में छोटे वस्त्र पहन कर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मन्दिर के गर्भ गृह में जाने पर रोक लगा दी गई है। इसी प्रकार पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के एक जैन मन्दिर की प्रबंधन समिति ने अमर्यादित कपड़े पहन कर मन्दिर में दर्शन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। मन्दिर प्रशासन ने एंट्री गेट पर पट्टिका लगाकर, छोटे वस्त्र, कैप्री, नाइट सूट, फ्रॉक, हाफ पैंट, मिनी स्कर्ट, बरमूडा तथा कटी-फटी जींस पहनने वाले श्रद्धालु पुरुषों तथा महिलाओं को मन्दिर में 'नो एंट्री' के निर्देश लागू कर दिए हैं। सामान्य रूप से इसी प्रकार के निर्देश गुरुद्वारों, गिरिजाघरों तथा दक्षिण भारतीय मन्दिरों में सामान्य रूप से दिए जाते हैं। इससे पूर्व कांगड़ा जिले के मसरूर मन्दिर में भी इस प्रकार के दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं। वर्तमान में जहां धर्म एक धंधा बन चुका है, वहीं पर श्रद्धालु भी भावनात्मक रूप से भक्तिभाव से दूर हो चुके हैं। पर्यटन और धार्मिक पर्यटन का व्यवसाय भी एक सा हो चुका है। प्रभु दर्शन तथा मन्दिर दर्शन के नाम पर भगवान को ठगा जाता है। पर्यटन तथा धार्मिक पर्यटन की आड़ में अनेकों असामाजिक तत्वों द्वारा अनैतिक धंधे चल रहे हैं। लूट-खसूट, चेन स्नैचिंग, ठगी, लूटमार, डकैती, चोरी, जिस्मफरोशी इन धर्म स्थलों के पास निरंतर होती रहती है। धार्मिक मेलों के दौरान पुलिस के पास अनेकों मामले पंजीकृत होते हैं। बाबा बालकनाथ, माता चिंतपूर्णी, मां ब्रजेश्वरी तथा माता चामुण्डा देवी के दर्शन करने पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा जम्मू कश्मीर से अनेक अवैध वैवाहिक जोड़े मोटर साइकिलों तथा गाडियों में हर वर्ष आते हैं जो वास्तव में पति-पत्नी होते ही नहीं। यह खुला सत्य है कि नये नवेले दूल्हा-दुल्हन दिखने वाले तथा सज-धज कर प्रदेश में आने वाले ये धार्मिक पर्यटक एक या दो दिन के ही प्रेमी जोड़े तथा पति-पत्नी होते हैं। स्वच्छ समाज के निर्माण में उपरोक्त सभी बातों पर विचार करना आवश्यक है। मन्दिर दर्शन के लिए व्यक्तियों की वेषभूषा तथा सभ्य आचरण भी आवश्यक है। व्यक्तिगत जीवन में कौन व्यक्ति क्या करता है, इससे किसी का कोई सरोकार नहीं।

## नागरिक बोध

# चरणजीवी भव! चिरंजीवी भव!

**वे** मेरे वैसे ही साहित्यिक गुरु हैं जैसे ये वे इनके उनके। जब जब मन साहित्य के पतन के लिए नियुक्त अफसरों से आहत होता है, मैं उनकी साहित्यमयी गोद में चला जाता हूं। मत पूछो उनकी गोद में जाकर मुझे कितना साहित्यिक रिलीफ मिलता है! इतना तो बचपन में मां की गोद में बैठकर भी नहीं मिलता था। अबके फिर साहित्यिक विभागियों की ओर से मैं और मेरा साहित्यिक मन बहुत जलील हुआ। जलील ही होता तो भी मन मार लेता। वैसे साहित्यकार होता ही जलील होने के लिए है। जो साहित्यकार जलील न हो वह चर्चित साहित्यकार ही कैसा? क्योंकि सफल साहित्यकार की मुक्ति जलील होने में है। सो अबके फिर मैं उनके पास उनकी गोद में अपनी साहित्यिक शंका निवारण हेतु जा पहुंचा। तब मुझे अपनी गोद में आए देख वे मुझे गुदगुदाते बोले, 'हे मेरे साहित्यिक वत्स! कैसे आना हुआ?' 'सर! बहुत साहित्यिक परेशान हूं। महीनों से किसी भी सरकारी साहित्यिक प्रोग्राम में जाने को तरस गया हूं। अगर किसी सरकारी साहित्यिक कार्यक्रम में बुला ही लिया जाता हूं तो वहां से मिलने वाला पारिश्रमिक सालों खाते में नहीं आता। हे साहित्यिक अनाथों के नाथ, आप ही कहो, अब मैं क्या करूं?' तब वे एकाएक विराट साहित्यिक रूप धारण करते बोले, 'हे मेरे कदम कदम पर अपमानित होने वाले बचे सौ ग्रामिए संवेदनशील शिष्य! सबसे पहले तो तुम एक बात अपने दिमाग में क्लीयर कर लो कि तुम साहित्यकार न होकर भी अब साहित्यकार हो, साहित्यबड्डूस नहीं। साहित्य रचने से पूर्व साहित्यिक दुनिया जितनी सतरंगी दिखती है, उतनी वास्तव में है नहीं। यहां कदम कदम पर अपनों के वेश में दुर्योधन घात लगाए सद्साहित्य रचते रहते हैं। शुरू शुरू में लेखन को लेकर लेखन में एक अलग ही टाइप का पैशन दिखता है। पर साहित्य से निकाह हो जाने के बाद स्थिति पूरी तरह बदल जाती है। वत्स! यह समाज कर्म प्रधान नहीं, चरण प्रधान है। यहां सफलता कर्म ढुलाई से नहीं, चरण धुलाई से मिलती है। यहां निष्काम कर्म करने वाले को भी देर सबेर चरण पकडने ही पड़ते हैं। चाहे वे गधे के ही क्यों न हों। सफल चरणजीवी चिरंजीवी बन गधे के चरणों को भी भगवान के चरण मान उन चरणों में सोए सोए भी लोटता है। वैसे, चरण तो चरण होते हैं वत्स! क्या भगवान के तो क्या शैतान के! सफल चरणजीवी देह त्याग सकता है, पर चरण नहीं। उसे और कुछ ज्ञान हो या न, पर इस बात का पूरा ज्ञान होता है कि चरणों का दास हुए ही भरपूर मस्ती की जा सकती है। भले ही उन चरणों से गटर की दुर्गंध ही क्यों न आ रही हो। चरणों की उस दुर्गंध को भी वह इत्र की तरह फील करता है। करना पड़ता है वत्स! अगर वह फील नहीं करेगा तो दूसरे ही दिन उससे ही दुर्गंध आने लग जाएगी। वत्स! इस संसार में चरणजीवी होने से महत्वपूर्ण और कुछ नहीं।

## देश दुनीया से

# सफल महिला पति से अलग हो रही है

**अगर** लड़की घरेलू है, नौकरी नहीं करती है या बहुत ऐवरेज किस्म की जॉब करती है तो कोई टेंशन नहीं। समाज को प्रॉब्लम तब हो रही है जब लड़की ने कुछ हासिल कर लिया है और वह अपने पति से अलग होने का फैसला कर रही है। हम कितने ही जेंडर की बराबरी के लेख लिख लें और कितने ही सेमिनार कर लें लेकिन पैट्रियार्की अब भी कुछ लोगों की रगों में खून बनकर धड़क रही है और हाल ही में दो मामले ऐसे हुए जिनमें लड़कियों के चरित्र का जमकर हनन किया गया, क्योंकि उन्होंने अपनी खुशी या दिमागी शांति के लिए अपनी लाइफ का फैसला खुद कर लिया। पहला तूफान उठा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, कमीडियन और ऐक्ट्रेस कुशा कपिला के अपने पति से अलग होने के ऐलान के साथ। तीन मिलियन यानी तीस लाख के करीब फॉलोअर्स वाली कुशा अब तक अपनी रील्स के जरिए लोगों को हंसाने वाली कमीडियन थीं, लेकिन जिस दिन उन्होंने तलाक का पोस्ट डाला उस दिन से वह विलन बन गईं। तलाक लेना हमारे समाज में बहुत बड़ा टैबू है और घरवाले हमेशा इसके खिलाफ रहते हैं। कुशा और उनके पति के तलाक पर पहले तो किसी को ऐतराज नहीं होना चाहिए लेकिन अगर किसी को हक है भी तो वह उनके परिवारों को है जो उनके इस फैसले से दुखी होते। लेकिन इंस्टाग्राम की जनता कुशा पर ऐसे टूट पड़ी जैसे कुशा के खर्चे पानी का बोझ अब उन पर आने वाला हो। एक यूजर का कहना था कि जैसे ही कुशा ने कामयाबी का स्वाद चखा, वैसे ही पति को धोखा दे दिया। कुशा को कोसने वालों के मुंह पर तमाचा लगाने का काम उनके पति जोरावर ने ही किया। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि कुशा के चरित्र पर उंगली उठाने वालों को शर्म आनी चाहिए। मैं उनके खिलाफ होने वाली बातों को सुनकर बहुत दुखी और निराश हूं। हैरान करने वाली बात ये है कि जो ट्रोलिंग कुशा की हो रही है, वह हर उस खबर के बाद होती है जिसमें कोई भी जोड़ा अलग होने का ऐलान करता है। गलती अक्सर महिलाओं की ही ठहराई जाती है इसलिए मलाइका अरोड़ा से लेकर सुज़ैन खान और सामंथा रुथ प्रभु तक लोगों ने किसी का मजाक उड़ाने में कसर नहीं छोडी है। दूसरा केस यूपी की एक प्रशासनिक अधिकारी का है जिन पर उनके पति ने आरोप लगाया है कि वह कामयाब होने के बाद उनसे तलाक लेना चाहती हैं। पति का कहना है कि मैंने पैसों के अभाव में किसी तरह पत्नी की कोचिंग का खर्च उठाया और अब जब वह अधिकारी बन गई हैं तो तलाक लेना चाहती हैं, क्योंकि वह अब किसी और अफसर से प्यार करती हैं। पत्नी के कामयाब होने के बाद तलाक लेने की बात हमारे उसी समाज को भला कैसे पच जाती जो अभी अभी कुशा को गाली देकर फुर्सत में बैठे थे। उनका मानना है कि महिला को पति ने ही इस लायक बनाया तो अब उनकी जुर्रत कैसे हो रही है तलाक लेने की। सवाल ये है कि अब तक न जाने कितने अफसर, नेता, अभिनेता और आम आदमी तक इस तरह कामयाब होने के बाद तलाक लेने की घटनाएं नहीं हुईं? हुई हैं तो क्या उन पर इस तरह की राष्ट्रीय बहसें हुई हैं? सलमान खान के पिता सलीम खान हों या धर्मेंद्र, दोनों ही कामयाब होने से पहले शादी शुदा थे और बाद में दूसरी शादियां कीं। इसी तरह आमिर खान, सैफ अली खान, जावेद अख्तर से लेकर न जाने कितने सफल पुरुषों की लंबी लिस्ट है जिन्होंने पहली पत्नी से तलाक लेकर दूसरी शादी की। लेकिन कभी भी ये देश की चिंता का विषय नहीं बना। तलाक लेने की वजहें दो लोगों के आपसी रिलेशनशिप में आई कड़वाहट से उपजी होती हैं, उसमें महिला की कामयाबी या पुरुष की कामयाबी को मसला बनाकर उन्हें जज करना छोड़ना होगा। और पढ़ाओ इन्हें कहकर महिलाओं की कामयाबी को कोसने वालों को भी समझना चाहिए कि बेगानी शादी में तो क्या बेगाने तलाक में आपको दीवाना बनने की जरूरत नहीं है।

हम कितने ही जेंडर की बराबरी के लेख लिख लें और कितने ही सेमिनार कर लें लेकिन पैट्रियार्की अब भी कुछ लोगों की रगों में खून बनकर धड़क रही है और हाल ही में दो मामले ऐसे हुए जिनमें लड़कियों के चरित्र का जमकर हनन किया गया, क्योंकि उन्होंने अपनी खुशी या दिमागी शांति के लिए अपनी लाइफ का फैसला खुद कर लिया। पहला तूफान उठा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, कमीडियन और ऐक्ट्रेस कुशा कपिला के अपने पति से अलग होने के ऐलान के साथ। तीन मिलियन यानी तीस लाख के करीब फॉलोअर्स वाली कुशा अब तक अपनी रील्स के जरिए लोगों को हंसाने वाली कमीडियन थीं, लेकिन जिस दिन उन्होंने तलाक का पोस्ट डाला उस दिन से वह विलन बन गईं।

## संक्षिप्त खबरें

### शुल्क कम नहीं हुआ तो विश्वविद्यालय घेराव करेंगे : गौतम महतो

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के प्राचार्य आवेदन पत्र दिया। जिसमें विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के जेनेरिक पेपर क्व. ष्टश्रह्व एवं क्वस्र. ष्टश्रह्व के परीक्षार्थियों का एक ही विषय के जीई का परीक्षा लेना तय हुआ है जो छात्र सेमेस्टर एक से लेकर सेमेस्टर चार तक एक अतिरिक्त जीई विषय की परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया।परीक्षा शुल्क रू. 650/- रूपये लेने का निर्णय लिया गया है जो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने यह मांग करती है कि यह विश्वविद्यालय की गलती के कारण हुआ है और छात्रों से क्यों पैसा लिया जा रहा है 650 से अगर शुल्क विश्वविद्यालय कम नहीं करती है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्वविद्यालय घेराव करेंगे।गौतम कुमार महतो ने कहा कि यही कुलपति जब रांची विश्वविद्यालय रांची में 200 लेकर जेनेरिक का परीक्षा लिए हैं और वहीं कुलपति जब बिनोवा भावे विश्वविद्यालय आते हैं तो 650 लेते हैं ऐसा क्यों एक आंख में काजल और एक आंख में सुरमा लगाने का काम करते हैं अगर शुल्क कम नहीं होता है तो विश्वविद्यालय घेराव का घोषणा जल्द करेंगे प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश एसएफडी संयोजक गौतम कुमार महतो, जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर, हेमंत कुमार महतो, मंटू कुमार, राहुल ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पत्रकार सोमनाथ से मिला वरिष्ठ कांग्रेसियों का दल

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड केफ्रीडम फाइटर के स्थानीय संवाददाता सोमनाथ ठाकुर से गुरुवार को सुबह वरिष्ठ कांग्रेस नेता यमुना यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों का दल पीड़ित के निजी आवास पर मुलाकात की।कांग्रेस नेताओं ने पत्रकार के साथ घटित घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है।मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुणाल कतरियार ने घटना पर क्षोभ प्रकट करते हुए कहा, विश्व राजनीति में राष्ट्रीय अस्मिता को अक्षुण्ण बनाए रखने में पत्रकारिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वहीं कांग्रेस नेता नरेश सिंह ने कहा पत्रकारिता में जीवन को बदलने और इतिहास की दिशा को आकार देने की शक्ति है यदि वह सुरक्षित नहीं तो आम जनमानस का क्या होगा।पूर्व कांग्रेस जिला महासचिव विनोद यादव के पुत्र मंजीत यादव ने कहा मेरे पापा ने पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित कर पत्रकारों को सम्मानित करने का काम किए हैं। मैं उनके द्वारा छोड़े गए अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेंग।पत्रकार से मुलाकात करने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुणाल कतरियार,यमुना यादव,वासुदेव यादव, नरेश सिंह, मास्टर शरीफुल हक ,मंजीत यादव, प्रमोद सिंह,एवं अन्य शामिल रहे।

### रोमी वाहन दुर्घटना के मृतक परिजनों को मुआवजा दें सरकार : डॉ आरसी प्रसाद मेहता

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पदमा थाना के ग्राम रोमी में राष्ट्रीय राजमार्ग के लापरवाही से 6 लोगों की दर्दनाक मृत्यु हुई एवं 3 जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं राष्ट्रीय राजमार्ग एवं रामकी सड़क निर्माण कंपनी के अनुसार कुआं अधिग्रहण के बाद कुआं भरने नहीं दिए गया यह हास्यपद थोथी दलील है यह बात किसी को हजम नहीं हो रहा है अधिग्रहण के बाद मंदिर मस्जिद मॉल दुकान घर मकान को तोड़ा गया। झारखंड में हृदय विदारक घटना के बाद अपनी जिम्मेदारी से भागने के लिए ऐसा बयान सड़क निर्माण कंपनी रामकी के मैनेजर द्वारा दलील दिया जा रहा है साथ हि साथ पदमा प्रशासन के द्वारा कुआं भरने का जिम्मेवारी बनता था जो अपने जिम्मेवारी का निर्वहन नहीं किया । यह बातें हजारीबाग विधानसभा के उपविजेता एवं कांग्रेस प्रमंडलीय स्वास्थ्य अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने कहा। डॉ मेहता ने कहां की भीषण सड़क दुर्घटना हजारीबाग मंडय खुर्द गांव निवासी डॉ गणेश गुंजन राणा मुकेश मेहता गीता देवी परमेश्वर कुशवाहा उनकी पत्नी चिंता देवी बेटी परी और ससुर, सूर्यपुरा मुखिया सीताराम महतो सड़क किनारे अधिकृत कुआं मे समा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिसमें 6 लोगों की मृत्यु हुई, जिसमें के बाद आज राष्ट्रीय राजमार्ग एवं रामकी कंपनी द्वारा कुआं को भरा जा रहा है जिसमें कोई विरोध करते नजर नहीं आ रहे हैं ऐसे लापरवाह राष्ट्रीय राजमार्ग पदाधिकारियों एवं कंपनी पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो।मैं राष्ट्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करता हूं कि लापरवाह पदाधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए, मृतक परिवार के परिजनों को प्रति मृतक 25-25 लाख मुआवजा राशि देते हुए पीड़ित परिवार के साथ न्याय किया जाए।

### वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य पूजा अनुष्ठान हुआ संपन्न

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दक्षिणी शिवपुरी स्थित माँ काली मंदिर की वार्षिकोत्सव के अवसर पर आचार्य जगदीश दास सहित ग्यारह विद्वतगण के द्वारा विधि विधान से पूजा संपन्न कराया गया। पूजा में मुख्य यजमान के रूप में प्रशांत कुमार प्रधान, प्रभात कुमार प्रधान शामिल हुए पूजन के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजमान हुआ । शिवपुरी मंदिर के पहले वर्षगांठ के अवसर पर माता रानी को छप्पन भोग लगाया गया साथ ही साथ महाप्रसाद का वितरण किया गया, वहीं महिलाओं के द्वारा कीर्तन किया गया। संध्या में महाआरती किया गया वर्षगांठ के अवसर पर शिवपुरी सहित हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों से आये हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा पाठ किया । ज्ञात हो की बीते वर्ष आज ही के दिन मां काली के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की पूर्णाहुति हुई थी, दक्षिणी शिवपुरी में स्थित मंदिर में 10 महाविद्या, शिव परिवार, पंचमुखी हनुमान, बटुक भैरव, मां दुर्गा, राम दरबार, नवग्रह सहित दर्जनों देवी-देवताओं की प्रतिमा को स्थापित किया गया था। प्राणप्रतिष्ठा के बाद से दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर आस्था का प्रतिक बन गया जहाँ प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता के दरबार में हाजरी लगाते हैं । पूजा प्रभारी व प्रसाद वितरण दायित्व का निर्वहन अमर कुमार सिन्हा , मिताली रश्मि प्रधान ने निभाया।

# उपायुक्त ने किया चितरपुर व गोला प्रखंड का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने चितरपुर एवं गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम चितरपुर प्रखंड अंतर्गत चितरपुर रजरप्पा फोरलेन मार्ग पर बाकी बचे कार्यों को पूर्ण करने हेतु दिए गए निर्देश के आलोक में अब तक किए गए कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रामगढ़ को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं सुरक्षा दृष्टिकोण से उपायुक्त ने चितरपुर रजरप्पा फोरलेन मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे क्रॉसिंग के समीप हाइट बैरियर लगाने सहित आवश्यकता अनुसार अन्य सुरक्षा उपबंध करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए वहीं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से उपायुक्त ने फोरलेन मार्ग अंतर्गत पड़ने वाले डिवाइडरों पर वृक्षारोपण व सुरक्षा संबंधित अनुबंध करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।



दौरे के क्रम में चितरपुर प्रखंड के उपरांत उपायुक्त ने गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भारतमाला परियोजना के तहत गोला ओरमांझी पथ निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

मौके पर परियोजना निदेशक एनएचएआई रामगढ़ के द्वारा उपायुक्त को अब तक किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई वहीं उपायुक्त ने कार्यों के दौरान सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने व योजनाबद्ध तरीके से ससमय कार्य पूर्ण करने को लेकर कई निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, महाप्रबंधक सीसीएल रजरप्पा, परियोजना निदेशक एनएचएआई रामगढ़, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## शोकाकुल परिवार को सदर विधायक ने दिया नमो श्राद्ध राशन किट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर सदर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार ने बुधवार की शाम को सदर प्रखंड स्थित गुरहेत पंचायत के ग्राम धवैया निवासी स्व.द्वारिका यादव के शोकाकुल परिजनों को विधायक मनीष जयसवाल की ओर से यह नमो श्राद्ध राशन की सौंपा। इस राशन किट में करीब डेढ़ सौ लोगों की खिलाने भर का कच्चा राशन होता है। जिसमें चावल, आटा, दाल, तेल और मसाला है। शोकाकुल परिवार जनों ने विधायक मनीष जायसवाल के इस पवित्र सोच को सलाम किया और दुख की घड़ी में सहयोग के लिए उनके प्रति आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया ।

## पतरातू डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 120वीं जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** भारतीय जनता युवा मोर्चा पतरातू मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 120 वी जयंती मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा पतरातू मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति एवं संचालन भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत अगरबत्ती धूप एवं पुष्प अर्पित कर मनाया गया और भारत माता की जय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे का नारा गुंजा इस कार्यक्रम में दुर्गा चरण प्रसाद ने कहा शहीद डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की परिकल्पना थी एक ध्वज एक निशान एक राष्ट्र एक विधान जिसे हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर से 370 धारा हटाकर पूरा किया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की दी हुई शहादत आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेगी वही किशोर कुमार महतो ने कहा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म 6 जुलाई 1901 में कोलकाता में हुआ था मृत्यु 23 जून 1953 श्रीनगर में हुआ था। इन्होंने जनसंघ के संस्थापक थे और लोकसभा के सदस्य भी थे इनका सपना भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरा होता दिख रहा है। मौके पर उपस्थित प्रिय नाथ मुखर्जी,युवा मोर्चा रामगढ़ जिला कार्यक्रम संयोजक त्रिलोकी गिरी,भाजयुमो पतरातू मंडल महामंत्री अंबर कुमार, शुभम ठाकुर,राजीव कुमार,रामप्रवेश प्रसाद,बमबम रजक,कपूर राकेश कुमार उपस्थित थे।



## हजारीबाग में थमने का नाम नही ले रहा है अवैध लॉटरी का धंधा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहरी क्षेत्र में चोरी छिपे सुनियोजित तरीके से लॉटरी का अवैध धंधा संचालित हो रहा है। धंधे में करीब पांच दर्जन लोग शामिल हैं जो कचहरी, झंडा चौक, मोहन सिनेमा, पोस्ट ऑफिस चौक, जिला परिषद चौक, झंडा चौक, पैगोडा चौक, सहित इंद्रपूरी आदि क्षेत्रों में गुपचुप तरीके से ऑन डिमांड लॉटरी टिकट बेच रहे हैं। जबकी झारखंड में लॉटरी के टिकट की ब्रिकी पर पूर्ण प्रतिबंध है। बावजूद इसके हजारीबाग जिले में लॉटरी के टिकट की ब्रिकी बड़े पैमाने पर हो रही है। मीडिया में खबर छपने के बाद यदा-कदा खानापूर्ति के लिए छापेमारी की जाती है, लेकिन इस खेल के बड़े खिलाड़ियों को हाथ भी नहीं लगाया जाता है। पूरा जिला लॉटरी की चपेट में है।




## दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है सड़क किनारे मौजूद कुआं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर चौक के पास एनएच 2 से सटा 20 मीटर की दूरी पर एक खुला कुआं है, जिसमें वर्तमान में कूड़ा करकट भरा हुआ है। उक्त कुआं मुख्य सड़क के बिल्कुल नजदीक है, जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना से परहेज नहीं किया जा सकता है। यूं कहे कि यह कुआं सड़क दुर्घटना को खुला आमंत्रित कर रही है। पिछले कुछ दिनों पूर्व पदमा के एक सड़क किनारे स्थित कुआं में एक बुलेट एवं एक कार गिर जाने से छः लोगो को अपनी जान गवानी पड़ी थी। इस मामले को लेकर धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पूर्व की हुई घटना से स्थानीय प्रशासन एवं एनएचएआई को सबक लेनी चाहिए। एवं तत्काल उक्त कुआं को भर देना चाहिए या कोई सुरक्षा मानक स्थापित कर आम लोगो को इसकी जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन व एनएचएआई से उक्त कुआं को भरवाने का अपील किया ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटना को रोका जा सकें।



# स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पहला 15 दिवसीय शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के कुपोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पहला 15 दिवसीय शिविर पतरातू प्रखंड में बुधवार को संपन्न हुआ। स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू पंचायत के दुर्गा मंडप पतरातू, पतरातू बस्ती, भुइया टोला पतरातू, ब्लॉक मोड़ पतरातू एवं शांति मोहल्ला पतरातू क्षेत्र में रह रहे बच्चों को कुपोषण जांच एवं ग्रामीणों व अन्य को टेलीमेडिसिन सेवा उपलब्ध कराई गई। शिविर के दौरान शुरुआत के 3 दिनों में पूरे क्षेत्र में व्यापक सर्वे किया गया इस दौरान कुल 229 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई जिनमें कुल 39 बच्चों को कुपोषित पाया गया जिसके उपरांत उनके उपचार की प्रक्रिया शुरू हुई।




उपचार के दौरान सभी कुपोषित बच्चों को तीन समय का पौष्टिक आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराया गया वही महिलाओं को अपने बच्चे कुपोषण की स्थिति को समझने, बच्चे के जन्म के उपरांत शुरुआती 1000 दिनों तक बच्चे के पालन पोषण में ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां सहित कई अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया गया। नियमित रुप से पौष्टिक आहार मिलने व अन्य उपचार के कारण शिविर के आखिरी दिन तक 39 में से 35 बच्चों में सकारात्मक बदलाव देखा गया एवं उनके वजन में बढ़ोतरी हुई।

गौरतलब हो कि शिविर समाप्ति के उपरांत भी परियोजना के तहत कुपोषित बच्चों की स्थिति पर नजर रखी जाएगी वही समय-समय पर आवश्यकतानुसार उनके उपचार हेतु कार्य किया जाएगा। स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के माध्यम से कुपोषण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी बड़ा कार्य किया गया। 15 दिवसीय शिविर के दौरान कुल 162 ग्रामीणों को टेलीमेडिसिन सेवा के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराते हुए उनके रोग के उपचार हेतु कार्रवाई की गई।

### बाबूलाल मरांडी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पतरातू भाजपा में खुशी की लहर

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पीटीपीएस में भाजपा एवं भाजपा युवा मोर्चा के तत्वधान में संयुक्त रूप से झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री वर्तमान भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा पतरातू के कार्यकर्ताओं के द्वारा सामूहिक रूप से बधाई दी गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा पतरातू मंडल अध्यक्ष सह जिला पार्षद राजाराम प्रजापति एवं संचालन भाजयुमो पतरातू मंडल अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर के द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुर्गा चरण प्रसाद उपस्थित थे। मौके पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर कि गई।तथा पतरातू के कार्यकर्ताओं पर नया उमंग देखने को मिला लोगों ने पतरातू के समस्याओं पर भी चर्चा किया और उस समस्या को दूर करने के लिए 8 जुलाई को रांची बाबूलाल मरांडी से मिलकर पतरातू के समस्याओं से अवगत कराने का निर्णय लिया गया। मौके पर प्रियनाथ मुखर्जी,त्रिलोकी गिरी,अंबर कुमार,शुभम ठाकुर, राजीव कुमार,रामप्रवेश प्रसाद,अमित कुमार सिंह,बमबम रजक,रणधीर कपूर,प्रकाश महतो,राकेश कुमार, विजय रजक,रितिक कुमार,आर्यन कुमार,रमेश महतो,रूपलाल महतो, गोपाल महतोदशरथ महतो,मनोज रजक आदि उपस्थित थे।

### रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का आभार व 65वां पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का आभार एवं 65 वां पदभार ग्रहण समारहो का आयोजन रांची रोड स्थित सिद्धि विनायक बैंक्विट में भव्य रूप से किया गया। यह आयोजन दो भाग में किया गया। प्रथम भाग में सत्र 22-23 के आभार सम्मान का आयोजन किया गया। तथा दूसरे सत्र में 65 वां पदभार ग्रहण का आयोजन किया गया। दोनो सत्र की मुख्य अतिथि पुर्व रोटरी जिलापाल आरटीएन बिंदु सिंह तथा गेस्ट ऑफ ऑनर डीजीएन आरटीएन नम्रता थी। इस प्रथम सत्र में सबसे पहले दीप प्रज्जवलित करके प्रोग्राम की विधि पूर्वक शुरुवात किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल गर्ग ने किया। साथ ही अनिल गर्ग एवम राहुल जैन ने पुष्पगुच देकर अतिथियो का स्वागत किया उषा गर्ग एवम प्रियंका जैन ने शॉल देकर अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन आरटीएन विजय कुमार ने किया। सेक्रेटरी 22-23 राहुल जैन ने सत्र 22-23 मे किए गए प्रोग्राम कि जानकारी दी।समाज सेवा मे सराहनीय कार्य के लिए रोटेरियंस, डॉक्टर्स एवम सामाजिक संस्था को सम्मानित किया गया।बेस्ट रोटेरियन संजय जैन, आउटस्टैंडिंग रोटेरियन मदन माहेश्वरी, पीलर ऑफ क्लू प्रदिप सिंह, टरीएमप आवड् सुरेश पी अग्रवाल एवम डी पी सिंह, बेस्ट प्रोजेक्ट चेयरमैन विजय पोद्दार , आईकैंप अवार्ड विजय कुमार, अटेंडेंस अवार्ड कमलेश्वर सिंह, राजेश मेहता को मिला। डाक्टर ए के बरलिया, डाक्टर के चन्द्रा , डाक्टर आलोक रतन , डाक्टर सुधीर आर्य को रोटरी हॉस्पिटल मे निशुल्क सेवा देने के लिय समानित किया गया दूसरे सत्र मे आरटीएन आलोक रतन ने अध्यक्ष एवम आरटीएन जेपी सिंह ने सेक्रेटरी का पदभार ग्रहण किए। मुख्य अतिथि पीडीजी बिंदु सिंह ने पद एवम गोपनीयता का सपथ दिलाया अध्यक्ष आलोक रतन ने सत्र 23 24 के बोर्ड मैंबर्स का परिचय करवाया। डाक्टर आलोक रतन ने अध्यक्ष भाषण दिया। पीडीजी बिंदु सिंह न रोटरी के बारे मे अनेक जानकारी दिया, रोटरी समाज हित मे कार्य करती रहेगी सत्र2022-2023 मे डिस्ट्रिक्ट की ओर से क्लब को मेगा हेल्थ चेकअप कैंप,कैटरेक्ट ऑपरेशन,रोटरी हॉस्पिटल के लिए अवार्ड मिला।अरुण रॉय एवम संजीव सिंह संजू को डिस्ट्रिक्ट की ओर से अवार्ड दिया गया।मंच संचालन अरुण कुमार रॉय ने किया।धन्यवाद ज्ञापन जेपी सिंह ने दीया।इस कार्यक्रम में उपस्थित अनिल गर्ग, राहुल जैन, डाक्टर आलोक रतन, जेपी सिंह, डीपी सिंह, प्रदीप सिंह,राजेश मेहता, सुनिता जैन, खुशबू जैन, संगीता अग्रवाल, संजना अग्रवाल, रेणु सिंह, सीमा सिंह, आदि लोग उपस्थित थे।

## केवी पतरातू के छात्र मास्टर उत्सव भारती जापान ओसाका हुऐ रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** केन्द्रीय विद्यालय पतरातू के छात्र मास्टर उत्सव भारती जापान-एशिया यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम इन साइंस के तहत जापान के ओसाका के लिए रवाना हुए । प्रभारी प्राचार्य आमोद कुमार सिंह ने प्रातःकालीन सभा में मास्टर उत्सव भारती को शुभकामनाएं दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय पतरातू के लिए आज गौरवशाली दिन है । उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सकुरा साइंस एक ऐसा प्रोग्राम है । जो युवा वैज्ञानिकों को जापान में वैज्ञानिक अध्ययन और अनुभव के लिए एक मंच प्रदान करता है । हम सभी को गर्व है ढ्ढ हमारे विद्यालय के छात्र को यह मौका मिला है। सकुरा साइंस प्लान का मुख्य उद्देश्य एशियाई देशों के युवा वैज्ञानिकों के बीच सहयोग, विश्वास और संवाद को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवीनतम विकासों को साझा करने का एक मंच प्रदान किया जाता है। मास्टर उत्सव भारती के सपनों को मानों जैसे पंख लग गये हैं। अपनी बात रखते हुए उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया। मास्टर उत्सव काफी खुश और आत्मविश्वास से लबरेज थे। इस प्रोग्राम में भाग लेने के बाद जापानी संस्थानों के कार्यकला, अनुशासन, नई वैज्ञानिक पद्धतियों को देखने का अवसर मिलेगा। सनद रहे कि यह प्रोग्राम एक बड़ी संख्या में युवा वैज्ञानिकों को आमंत्रित करता है । उन्हें युवा वैज्ञानिकों के बीच नेटवर्किंग और सहयोग प्रदान करता है। यह वैज्ञानिक और सांस्कृतिक मानव संबंधों को मजबूत करके जापान और एशिया के अन्य देशों के बीच सहयोग और सद्भाव उत्पन्न करता है। इस वर्ष संपूर्ण भारत से बीस छात्र एक सप्ताह जापान में बितायेंगे।



## अदाणी फॉउंडेशन ने अच्छी फसल के लिए किसानों के बीच किया खाद का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** अदाणी फॉउंडेशन ने गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत गुरुवार को ग्रामीणों के बीच विभिन्न प्रकार के खाद का वितरण किया। बड़कागांव स्थित कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के गाली, बलोदर और गोंदलपुरा के ग्रामीणों को 50 किलोग्राम डीएपी खाद, 50 किलोग्राम यूरिया और दस किलोग्राम धान का बीज प्रदान किया गया। इस अवसर पर करीब 35 से अधिक किसान मौजूद थे। कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि खाद और दवाओं के सही प्रयोग करने से अच्छी फसल मिलेगी। डीएपी खाद पौधों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही यह तिलहन और दलहन फसलों के लिए अत्यधिक उपयुक्त है। पौधों के पोषक तत्वों के लिए भी यह अत्यधिक उपयोगी माना जाता है। खाद के उपयोग से मिट्टी में वायु संचार बढ़ने के साथ-साथ मिट्टी के जल सोखने की क्षमता भी बढ़ती है। पौधों की जड़ों का विकास अच्छा होता है। खाद और बेहतर खेती के टिप्स पाकर सभी किसान बेहद खुश नजर आए। किसानों ने अदाणी फॉउंडेशन का आभार जताते हुए कहा कि लगातार फॉउंडेशन की ओर से सीएसआर के तहत कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है, जो स्वागत योग्य है। किसानों के बीच खाद वितरण कार्यक्रम के अवसर पर परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दूबे, डीजीएम संजय कुमार, सेवानिवृत डीएसपी सूर्य कुमार सिंह, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता, शरद मिश्रा, उप प्रबंधक संतोष तिवारी और चेतन साई सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023 के परिणामों की घोषणा की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त चौथी तिमाही के लिए अपने एकल ऑडिटेड वित्तीय नतीजों की घोषणा की, जिसके बाद निदेशक मंडल ने 16 मई, 2023 कोमुंबई में आयोजित बैठक में इसे मंजूरी दे दी।31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही के लिए वित?तीय प्रदर्शन पर एक नजरवित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में कुल वितरण 16027 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2022 की इसी अवधि के लिए यह राशि 19315 करोड़ रुपये थी। इसमें से इंडीविजुअल होम लोन सेगमेंट की हिस्सेदारी 12406 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में 16341 करोड़ रुपये थी। वहीं प्रोजेक्ट लोन 1554 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही में 428 करोड़ रुपये था। परिचालन से कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के 5299.66 करोड़ रुपये से बढ़कर 6415.11 करोड़ रुपये हो गया, जो 21.05त्न की वृद्धि दर्शाता है। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) पिछले वर्ष की समान अवधि के 1629.87 करोड़ रुपये की तुलना में 22.11त्न बढ़कर 1990.30 करोड़ रुपये हो गई। तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के 2.64त्न की तुलना में 2.93त्न रहा।

## केनरा रोबेको ने इक्विटी अवसरों का लाभ उठाने के लिए 'केनरा रोबेको मल्टी कैप फंड' लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के दूसरे सबसे पुराने म्युचुअल फंड, केनरा रोबेको म्युचुअल फंड ने आज केनरा रोबेको मल्टी कैप फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ऐसा समाधान है, जो निवेशकों को इक्विटी बाजारों का लाभ उठाने में सक्षम बनाने के साथ ही लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में विविध निवेश के माध्यम से दीर्घकालिक अवधि में पूंजी वृद्धि करता है।नया फंड ऑफर विभिन्न बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों में निवेश करता है। पोर्टफोलियो का सक्रिय प्रबंधन अच्छा रिटर्न हासिल करने में मदद कर सकता है, वहीं विविधीकरण पोर्टफोलियो के संपूर्ण जोखिम को कम करने में मदद करने का काम करता है।केनेरा रोबेको म्युचुअल फंड के सीईओ रजनीश नरुला ने कहा, फ्केनरा रोबेको मल्टी कैप फंड निवेश के एकमुश्त और एसआईपी दोनों तरीकों के माध्यम से दीर्घकालिक धन बनाने के अच्छे अवसरों में से एक हो सकता है। म्युचुअल फंड निवेशक जो जोखिम और रिवॉर्ड के बीच एक अच्छा संतुलन तलाशते हुए विभिन्न बाजार चक्रों के माध्यम से पांच साल या उससे अधिक की अवधि के लिए निवेश में बने रहना चाहते हैं।

## आवेदक ने राशि वापसी और निःशुल्क सूचना के लिए बीडीओ : डीसी व डीडीसी को भेजा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत रायपुरा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता बिनू कुमार महतो ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (आरटीआई) के तहत जिले के गोला प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सन् 2020 से 2023 तक में 14वीं एवं 15वीं वित आयोग मद में हुए कार्यों की 74500 पृष्ठों की सत्यापित सूचनाएं के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह- जन सूचना पदाधिकारी , गोला के पास 1 लाख 49 हजार रुपए की राशि जमा करने के बाद भी आरटीआई एक्ट की धारा - 7(1) में निर्धारित समय-सीमा के अंदर याचित सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई गई और उल्टे प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा आवेदक को धमकी भरा पत्र प्रेषित किया गया,



जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक बिनू कुमार महतो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोला को एक पत्र प्रेषित कर सूचना क़ानून की धारा -7(6) के नियमानुसार सभी सूचनाएं को निःशुल्क उपलब्ध कराते हुए जमा राशि 1.49 हजार रुपए को अविलंब लौटाने को कहा है । पत्र में इन्होंने कहा है कि 06-05- 2023 के पांच बिंदू का सूचना आवेदन पर पत्रांक - 874, दि0 24-05-23 में 745000 पृष्ठों की सूचना के लिए दो रू0 प्रति पृष्ठ की दर से 149000 रू0 जमा करने को कहा तथा मेरे द्वारा ससमय राशि जमा कर प्रखंड विकास पदाधिकारी को संसूचित कर याचित सूचनाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। किन्तु सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराकर बैकडेटेड ज्ञापांक - 1077,दि 27-06-2023 का कार्यालय कार्य में बाधा डालने संबंधी पत्र को मुझे 03-07-2023 को देकर 24 घंटे के अंदर कार्यालय में उपस्थित होकर अनापत्ति पत्र देने के लिए दबाव दिया जाता है जो सूचना क़ानून की माखौल उड़ाते के साथ-साथ मुझे अपमानित करने जैसा प्रखंड विकास पदाधिकारी का कृत्य है। जो बिल्कुल असंवैधानिक व अलोकतांत्रिक है ।

## भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई पदाधिकारियों की बैठक, प्रभारी शशिभूषण भगत रहे उपस्थित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ में संपन्न हुई भाजपा की बैठक,लोकसभा चुनाव एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा।भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला एवं मंडल पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यालय मंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी हेमंत दास उपस्थित हुए जिनका स्वागत सत्यजीत चौधरी ने अंगवस्त्र देकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ने एवं मंच संचालन महामंत्री खिरोधर साहू ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण एवं डॉक शयाम प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए किया गया। इस अहम संगठनात्मक बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सफलता पूर्वक 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में पिछले एक माह से चल रहे देशव्यापी महा जनसंपर्क अभियान की सफलता पर चर्चा करते हुए आगे आने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा हुई।कार्यक्रम का विषय प्रवेश करवाते हुए जिला प्रभारी शशिभूषण भगत ने सर्वप्रथम अल्पकालिक विस्तारक के रूप में अपने सात दिनों के छत्तीसगढ प्रवास से लौटे जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी एवं आईटी सेल प्रभारी प्रवीण सोनू का अभिनंदन करते हुए कहा की पूरे देश भर से अल्पकालिक विस्तारक के रूप में सैकड़ों कार्यकर्ता प्रवास पर गए थे जिसमे रामगढ़ जिले के भी दो पदाधिकारी शामिल थे। परंतु इन दोनों ने जिस प्रकार अपने सात दिवसीय प्रवास में अपने कार्यो के साथ झारखंड,उड़ीसा और असम से पहुंचे सैकड़ों विस्तारकों की टोली को भी इनका मार्गदर्शन और सहयोग बराबर मिला ये रामगढ़ जिले के साथ झारखंड प्रदेश के लिए भी गर्व की बात है साथ हीं इसलिए दोनो का अभिनंदन है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हेमंत दास ने महा जनसंपर्क अभियान के तहत हुए कार्यक्रमों का जायजा लेते हुए जनसंपर्क अभियान पर होने वाले टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम को आगे भी जारी रखने का निर्देश दिया।साथ हीं संपर्क से समर्थन कार्यक्रम पर जोर देने का निर्देश देते हुए कहा की आगामी लोकसभा चुनाव तक ये दोनो कार्यक्रम निरंतर चलते रहेंगे।इस बैठक ने मुख्य रूप से महामंत्री रंजन फौजी, उपाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद,खुशिलाल महतो,बलराम महतो,सरिता चौधरी,आनंद बेदिया,मंत्री राजेंद्र कुशवाहा, वसुध तिवारी,रमेश वर्मा, दिलीप सिंह,किरण देवी,संजीव बावला,कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार,मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, आईटी सेल प्रभारी प्रवीण सोनू,सोशल मीडिया संतोष शर्मा, धीरज साहू,ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कार्यसमिति सदस्य विजय जयसवाल, महेंद्र प्रजापति, कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो, मनोज गिरी, गणेश स्वर्णकार, अशोक कुमार,जितेंद उपस्थित थे।

## मंझलाचुंबा के वार्ड सदस्यों ने मांडू बीडीयो को मुखिया के द्वारा अवैध वसूली विकास कार्य पति से करवाने, अवैध निकासी को लेकर सौंपा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** मांडू के मंझलाचुम्बा पंचायत के वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मांडू को गुरुवार पंचायत मंझलाचुंबा मुखिया के द्वारा अवैध वसूली, विकास कार्य पति से करवाने, अवैध निकासी को लेकर आवेदन पत्र सौंपा। साथ ही उचित कार्रवाई नहीं होने पर 8 वार्ड सदस्यों ने एक साथ त्यागपत्र देने की घोषणा कर डाला हैं। इससे पूरे पंचायत मंझलाचुंबा में ग्रामीणों के बीच हड़कंप व्याप्त हैं। पत्र में कहां है कि ग्राम पंचायत मंझला चुम्बा मुखिया लक्ष्मी देवी अपने पति बबलू साव उर्फ झारिंद्र साव द्वारा पंचायत का संचालन मनमानी ढंग से करवा रही है। योजना देने के नाम पर लाभुकों से मोटी रकम वसूली हो रहा है। जबकि पंचायत में वार्ड सदस्यों के माध्यम से ग्राम सभा की पंजी में योजनाएं चढ़ाई जाती हैं। परंतु बबलू साव कार्यकारिणी सदस्यों से विचार विमर्श नहीं करते हैं और मुखिया एवं उसके पति योजना का चयन अपनी इच्छा एवं लाभ के अनुसार करते हैं। पंचायत में मुखिया अपने वोटर तथा अपने ही जाती को योजना देते हैं। आज तक मुखिया वार्ड सदस्यों को मनरेगा योजना के बारे में एवं 15 वीं वित्त का खर्चा के बारे में नहीं बताया, 15वें वित्त का पैसा मूलभूत कार्यों में न लाकर स्ट्रीट एवं मास्क लाइट में खर्च कर दिया। मनरेगा में लाभुक के योजना से मजदूर का पैसा निकाला जा रहा है और वसूली करके रख दिया जा रहा है एवं लाभुकों को धमकाया जाता है। पंचायत में सभी चालू योजनाओं से मजदूर का पैसा बबलू साव दूसरे के खाते से पैसा निकलवा कर अपने ही पास रख रहे हैं। लाभुक को विरोध करने पर ग्राम रोजगार सेवक को डिमांड न करने का आदेश दिया जाता है। मंझला चुम्बा पंचायत भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। यहां तक की पिछले कार्य काल का कूप एवं शैड का काम लाभुक द्वारा कर लिया गया है। लेकिन उनको सामग्री का पैसा भुगतान ना करके चालू वित्तीय वर्ष की नई योजनाओं का सामग्री का पैसा निकासी किया गया है। जिसमें काफी गड़बड़ियां पाई गई है। जिसका विरोध ग्रामीणों द्वारा लिखित आवेदन भी दिया है जो दर्शाता है की सरकारी पैसा की अवैध निकासी कर गबन किया गया है। सभी वार्ड सदस्य या मांग करते हैं। भ्रष्ट मुखिया लक्ष्मी देवी पर कार्यवाही करते हुए वित्तीय शक्ति का जांच किया जाए। अन्यथा हम सभी आठ वार्ड सदस्य अपने पद से त्यागपत्र दे देंगे। पत्र में हस्ताक्षर करने वालों में मंझलाचुम्बा उप मुखिया अशोक मुंडा, वार्ड सदस्या लक्ष्मी देवी, वार्ड सदस्या काजल देवी, वार्ड सदस्या अंजू देवी, वार्ड सदस्या माधुरी देवी, वार्ड सदस्य समीउल्लाह अंसारी आदि शामिल हैं।

## विद्यालय के हर समस्याओं का किया जाएगा समाधान : सुनीता चौधरी

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुकरीगढ़ा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत डीएमएफटी मद से लगभग 14 लाख की लागत से बनने वाली चाहरदीवारी निर्माण का गुरुवार को शिलान्यास किया गया। शिलान्यास समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, सकरीगढ़ा मुखिया दिल्ली देवी, पंसस आशु देवी द्वारा संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण व नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय के बच्चों को हो रही समस्या को देखते हुए यहां चाहरदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि बच्चे विद्यालय के अंदर सुरक्षित ढंग से रहकर पढ़ाई कर सके। क्योंकि यहां चाहरदीवारी नही रहने के कारण बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही यहां दो कमरे का भवन का भी निर्माण कराया जाएगा। ताकि बच्चों को पढ़ाई में सुविधा मिल सके। वहीं विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्ष ने संवेदक से समय से पूर्व व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत माल्यार्पण व बुके देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रोज शोभा मिंज व स्वागत भाषण विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेंद्र सिंह ने किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मलेश्वर नायक, संवेदक संतोष महतो, कोलेश्वर महतो, मजूषा कलेमी खलखो, सीमा प्रभाकर, अनिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, विद्यालय के अध्यक्ष माला देवी, संयोजिका शीला देवी, सरिता देवी सुजीत महतो राजकुमार प्रसाद , टिंकू प्रसाद ,हिरालाल महतो, शंकर महतो, मिथुन कुमार, राजकुमार, रानू दुबे, अनिल प्रसाद, सतीश प्रसाद, किशोर प्रसाद, विक्की प्रसाद, राहुल कुमार सहित कई मौजूद थे।

## AFFIDAVIT

**1.** I Asif Iqbal, S/O Mohammad Nisar, Date of Birth 04/05/1987, by faith Islam, by occupation - unemployed, resident of Shamsher Nagar, Pander Pala, Near Alfa Medical, P.O.'B' Polytechnic, district - Dhanbad (Jharkhand), do hereby solemnly affim on oath and declare as follows:-

**1.** That, I have a Passport, being no. N8853816,

**2.** That, the said passport has been lost/misplaced on 30.06.2023 at about 12.30 Noon at between Bhuli More, to Arrah More. Inspite of my best efforts it could not be traced out.

**3.** That, my statements made above are true and correct to the best of my Knowledge and I have concealed nothing.

**4.** That, I am swearing this affidavit to produce it before the authority concerned for needful.

**Asif Iqbal**
**Deponent**

## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

**सूचना सं.: आरई–डीएनआर–160kmph-डब्लूटी–02**

मुख्य परियोजना निदेशक (इंजीनियरिंग), रेल विद्युतीकरण, दानापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य की ई–निविदा अनुभवी, आर्थिक तथा तकनिकी रूप से सक्षम ठेकेदारों से आमंत्रित करते हैं, जो दिनांक 31.07.2023 को खोली जायेगी।

**1. कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के प्रधानखंता – मानपुर सेक्शन और पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मानपुर – पं. दीनदयाल उपाध्याय सेक्शन में गति सीमा को 160 कि.मी. प्र.घं. तक बढ़ाने के सम्बन्ध में पं. दीनदयाल उपा. मंडल के सोननगर स्टेशन एवं करामनासा स्टेशन पर नियंत्रण भवन के साथ प्रबलित सीमेंट कंक्रीट का चारदीवारी एवं LILO के प्रावधान के लिए अन्य कार्य करना। **2. अनुमानित लागत:** रु. 3,89,28,546.20 **3. बयाना राशि:** रु. 3,44,700.00 **4. निविदा जमा करने की तिथि एवं खुलने का तिथि:** जमा दिनांक 17.07.2023 को 00:00 बजे से 31.07.2023 को 14.00 बजे तक एवं दिनांक 31.07.2023 को 14:00 बजे खोला जाएगा। **5. वेबसाइट विवरण, सूचना पट का स्थान, जहाँ पर निविदा सूचना का पूर्ण विवरण देखा जा सके और कार्यालय पता, जहाँ से निविदा फॉर्म खरीदा जा सके:** वेबसाइट https://ireps.gov.in सूचना पट का स्थान और कार्यालय पताः– मुख्य परियोजना निदेशक (इंजी), रेल विद्युतीकरण, दानापुर का कार्यालय, (जगजीवन स्टेडियम के पास), पोस्ट–खगौल, पटना–801105 (बिहार)।

कृते मुख्य परियोजना निदेशक (इंजी)
रेल विद्युतीकरण/दानापुर

पीआर/00685/आरई/ईएनजीजी/टी/23–24/44

## समाहरणालय, चतरा

(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)

sport.chatra@gmail.com

### आम सूचना

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के अनुपालन में कहना है कि खेल कैलेण्डर, 2023–24 के अनुसार विभाग द्वारा सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेन्ट–2023 का आयोजन किया जाना निर्धारित है। यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका दोनो वर्गो में होगी। सभी मैच नॉक आउट आधार पर खेले जायेंगे।

अतः उक्त टूर्नामेन्ट खेल कैलेण्डर, 2023–24 के अनुसार विभाग द्वारा निम्नवत् विवरणी अनुरूप प्रखण्ड स्तरीय, जिला स्तरीय एवं प्रमण्डल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023–24 (U-14/17/Boys & U-17 Girls) का आयोजन निर्धारित की गई हैः–

| क्र0 सं0 | स्तर | आयोजन की तिथि | आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड स्तरीय | 10 जुलाई से 18 जुलाई 2023 तक | सभी प्रखण्डों में |
| 2. | जिला स्तरीय | 20 जुलाई से 25 जुलाई 2023 तक | जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा |

- इस प्रतियोगिता में केन्द्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय/कस्तुरबा विद्यालय/आवासीय विद्यालय के बच्चे भाग ले सकते हैं।
- इस आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु जिला खेलकूद कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती हैं।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी
चतरा

PR 301626 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)_D

## GOVT. OF JHARKHAND
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG

e – Quotation No. 01/2023 – 24

**Letter No:- 699** **Dated :- 05 /07 /2023**

Rate through e – quotations are invited for "Material" category annexed as 5 H.P. DC Solar Pump,VFD, Solar Panel, Steel Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacturer/Supplier having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the M.N.R.E. specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Hazaribag, Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in.

Details of work experience and list of materials are available on the above e – tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from **13.07.2023 at 2.00 P.M.** to **18.07.2023 at 4.00 P.M.** The technical envelope will be opened on **19.07.2023 at 1.00 PM.**

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Division, Hazaribag.

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Hazaribag**

PR 301590 Minor Irrigation(23-24)D

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

51वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–खूँटी

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–27<br>2. आवेदक–सरन होरो<br>3. पिता–बरनाबस होरो<br>4. ग्राम–कोटलो पोस्ट–तिलमी<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निषान | नहीं | नहीं | कारणः– झारखण्ड पार्टी से संबंधित सत्यापित रसीद एवं 'दिल्ली चलो' का बैज।<br>पार्टी–झा0पा0 | 2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–149<br>2. आवेदक– हेमन्त तोपनो<br>3. पिता–मंगरा मुण्डा<br>4. ग्राम–जलटन्डा पोस्ट–जलटन्डा<br>5. थाना–कर्रा प्रखण्ड–कर्रा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने कलाई में घाव का निषान | नहीं | नहीं | कारणः– झारखण्ड पार्टी से संबंधित सत्यापित पार्टी कागजात एवं 'दिल्ली चलो' का बैज।<br>पार्टी–झा0पा0 | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 301547 Home(23-24)D

## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

51वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–पलामू

| आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|
| 1. आवेदन क्र0–425<br>2. आवेदक– मो0 सुलेमान अंसारी<br>3. पिता–स्व0 सखावत अंसारी<br>4. ग्राम–पोखराह खुर्द पोस्ट–रजवाडीह<br>5. थाना–सदर मेदनीनगर प्रखण्ड–मेदनीनगर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–59 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बॉया ऑख पर कटा निषान | नहीं | नहीं | कारणः– कारणः– झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित अखबार कतरन में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–अन्य | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.301565 Home(23-24):D

## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालीन पुन:निविदा आमंत्रण सूचना सं0-11, वर्ष 2023–24)

### सूचना

जिला योजना पदाधिकारी चतरा के पत्रांक 25/जि0यो0, दिनांक 31.01.2023 के आलोक में जिला अनाबद्ध निधि अन्तर्गत अधोलिखित सारणी में वर्णित कार्यो का Rate Quotation की आवश्यकता है।

| क्र | कार्य का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | सदर प्रखण्ड में जलछाजन भवन चतरा में 5KWH का सोलर रूफ टॉप अधिष्ठापन कार्य। | |
| 2 | बैडमिंटन कॉम्पलेक्स, चतरा में 5KWH का सोलर रूफ टॉप अधिष्ठापन कार्य। | |
| 3 | गोपनीय शाखा (उपायुक्त चतरा) में 5KWH का सोलर रूफ टॉप अधिष्ठापन कार्य। | |

अतएव ऊपर वर्णित परिप्रेक्ष्य के आलोक में उपरोक्त सभी कार्यो का अपना Rate quotation दिनांक 14/07/2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, चतरा

PR 301601 District (23-24)_D

## GOVT.OF. JHARKHAND
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla

**Very Short e-Quotation No. 07/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for Materiel category for (A) repairing and maintenance of 10 HP C/F motor pump set , 17.5 HP VT pump set, S/F Control panel etc. and other allied works at Rural W/S scheme NADIYA (B) Estimate for repairing and maintenance of 50 HP C/F motor pump set No-2, 10 HP VT pump set No-1, FASD starter etc. and other allied works at Rural W/S scheme Kuru (C)Estimate for complete repairing and rewinding of 10 HP and 7.5 HP Submersible motor and pump sets, its panel and other allied works for Raw water supply scheme Senha (D) Estimate for repairing and maintenance of 40 HP VT pump set no-1, 30 HP C/F pump set No-1, ,FASD starter etc. and other allied work at Rural W/S scheme Kairo(E) Estimate for supplying fitting and commissioning 7.5 HP submersible pump motor set and other allied works at Rural W/S scheme Hesal Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 10.07.2023 at 3.30 hrs. to 18.07.2023 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 18.07.2023 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

**Executive Engineer,**
**D.W. & S. Mechanical Division,**
**Gumla**

PR 301580 Water Resource (23-24)_D

## JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.

**MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010.**
**(CIN – U855100JH2013SGC001276)E-mail:jmhidpc2014@gmail.com**
**Website: https://jmhidpcl.jharkhand.gov.in/**
**GST NO: 20AADCJ4293L2ZH, PAN NO: AADCJ4293L**

JMHIDPCL

Bid Ref. No. JMC/NIT-23/M&E-SPH/25 Date: 06.07.2023

**Tender for Supply of Machine and Equipments Under the state plan Head for different categories of facilities**

The Managing Director, Jharkhand Medical & Health Infrastructure Development & procurement Corporation Limited(JMHIDPCL), Ranchi hereby invites separate Technical Bid and Financial Bid (two envelope system) through e-procurement from eligible Manufacturer/ their Authorized Dealer /Distributors/ Authorized Stockiest for health facilities of the State of Jharkhand.

The Bid documents with detailed conditions can be viewed and downloaded through website http://jharkhand tenders.gov.in and should be submitted through e-procurement system only. The eligible Bidder(s) willing to participate must be registered in e-procurement portal.

| Particulars | Date & Time |
|---|---|
| Name of Work | Tender for Supply of Machine and Equipments Under the state plan Head for different categories of facilities |
| Time of Completion | Within 60 days after issue of work order |
| Date of Publication of Bid | 07-07-2023 |
| Bid Submission Start Date | 21-07-2023 |
| Bid Submission Closing Date & Time | 27-07-2023 03:00 PM |
| Bid Opening Date for Technical Proposal | 28-07-2023 03:00 PM |
| Application Fee (Non-Refundable) | 5000/- (Rupees Five Thousand Only) |
| Earnest Money Deposit | Rs 100,000/- (Rupees One lakh only) for each item of a group subject to maximum 500000/-(Five Lakh). |
| Contact/ Helpline No. of E-Procurement Cell | +91-8709368893 |
| Pre-bid meeting Date & Time | 14.07.2023 at 03:00 PM |

Note: The above dates may change due to declaration of holidays. In the event of any of the dates being declared as a holiday for the office of the JMHIDPCL, the Bids will be opened on the next working day at the appointed time.JMHIDPCL reserves the right to amend or withdraw any of the terms and conditions contained in the Bid document including quantity/ number of items to be supplied or to reject any or all Bids without giving any notice or assigning any reason. The decision of the Managing Director, JMHIDPCL in this regard shall be final.
only, hard copies of Technical Bid & Financial Bid will not be entertained except original Application Fee & Earnest Money Deposit.

Sd/-
**Cell Head (PROCUREMENT)**
**JMHIDPCL**

PR 301651 Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd (23-24)_D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## मध्यप्रदेश भाजपा का मूत्र कांड से इंसानियत हुई शर्मसार : सतपाल ब्रोका

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता



सतपाल सिंह ब्रोका ने मध्य प्रदेश के सीधी जिले के कुबरी बाजार में भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला के पुर्व विधायक प्रतिनि छहधि सह भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला के घिनौना कुकृत्य कि कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि सत्ता की हनक में मानसिक रूप से विक्षिप्त आदिवासी युवक के ऊपर अमानवीयता कि सारी सीमाएं पार कर मुत्र त्याग कर हाथों में सिगरेट पीते हुए दबंगई कि परिकाष्ठा दुस्साहस दिखा रहा है इन्सानियत को इतना शर्मसार कर भाजपा का आदिवासी हितैषी चेहरा उजागर हुआ है जब वीडियो वाइरल हुआ उसे फेक बताने के लिए उक्त युवक के पिता से एफिडेविट कर लिखवा लेते हैं कि प्रवेश शुक्ला एक राजनीतिक व्यक्ति है उसे बदनाम करने के लिए वीडियो वायरल किया गया ।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को जियो कार्यालय बरगंडा



में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । लाइफ सेवर, राँची के अपील पर बरगंडा स्थित जियो कार्यालय में श्रेय क्लब एवं जियो कार्यालय में कार्यरत कर्मियों के द्वारा शिविर के माध्यम से स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। गुरूवार को इस रक्तदान शिविर में अभिनित कुमार सिंह, मंटू कुमार, श्याम बाबू, मनोज कुमार, गुड्डू कुमार ठाकुर, मोश सिद्दीकी, सारिक रजा, संदीप कुमार, श्याम कुमार, विजय कुमार, रणवीर सिंह एवं आशीष कुमार वर्मा कुल 12 लोगों ने अपना रक्तदान किया। मौके पर गिरिडीह रक्त केंद्र के प्रभारी चिकित्सक डॉश सोहेल अख्तर अंसारी, टेकनीसियन संत कुमार, रंजीत कुमार, रक्त केंद्र के कर्मी जोगेंद्र पासवन एवं सुधीर वर्मा तथा श्रेय क्लब के सचिव रमेश यादव, जियो कार्यालय के विशाल कुमार आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौके पर उपस्थित श्रेय क्लब के सचिव रमेश यादव ने बताया कि जियो कार्यालय में श्रेय क्लब के प्रयास से निरंतर समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है तथा जरुरत पड़ने पर सीधे तौर पर भी मरीजों के लिए यहाँ के लोग रक्त केंद्र में आकर रक्तदान करते रहते हैं।

## हर बच्चा सुरक्षित हो इसके लिए मिलकर करना होगा प्रयास : अरुणा उरांव

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन,



सहयोगिनी तथा रेलवे पुलिस सुरक्षा बल के सहयोग से आज बोकारो रेलवे स्टेशन में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल की सब इंस्पेक्टर अरुणा उरांव ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए हमें हमेशा सचेत रहने की जरूरत है। बच्चों का ट्रैफिकिंग ना हो इसके लिए जबतक हमारा समाज संवेदनशील रहेगा , तब ही इस पर रोक लग सकती है, हर बच्चा सुरक्षित हो इसके लिए मिलकर करना होगा प्रयास। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि बाल तस्करी, बाल यौन हिंसा तथा बाल विवाह को लेकर संस्था द्वारा बोकारो जिले में लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । इस दौरान सहयोगिनी की कार्यकर्ता प्रतिभा मिश्रा ने बाल विवाह रोकने को लेकर के उपस्थित रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों सहित आम यात्रियों को शपथ दिलवाया।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के अन्तर्गत 8 जुलाई को मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुख्यमंत्री सारथी योजना के अन्तर्गत धनबाद जिला के युवक/युवतियों को कौशल प्रशिक्षण/ आई.टी.आई/पोलीटेक्निक/ मैट्रिक/ इंटर/ स्नातक आदि से संबंधित प्रतिभागी हेतु 8 जुलाई 2023 को एक दिवसीय कौशल मेला प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन संयुक्त श्रम भवन परिसर (नियोजनालय परिसर) बरटांड में किया जा रहा है। जिला कौशल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में माननीय सांसद धनबाद पशुपति नाथ सिंह मुख्य अतिथि होंगे। वहीं सांसद गिरिडीह चन्द्र प्रकाश चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही धनबाद जिला के सभी माननीय विधायक एवं माननीय अध्यक्ष जिला परिषद की गरिमामई उपस्थिति रहेगी। इस एक दिवसीय कौशल रोजगार मेला में जिला कौशल कार्यालय, धनबाद के माध्यम से स्थानीय एवं बाहरी लगभग 28 कंपनीयों द्वारा सभी श्रेणी के लगभग 2000 रिक्त पदो पर बेरोजगार युवक/युवतियों को 10000 रुपए से 20000 रुपए तक के मासिक वेतन पर रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने सभी युवक, युवतियों से मुख्यमंत्री सारथी योजना के अन्तर्गत 8 जुलाई को आयोजित होने वाले मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने का अनुरोध किया है।

# उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण


## राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण

### ईवीएम के रख-रखाव का लिया गया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह द्वारा आज दिनांक 06 जुलाई 2023 को कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस के आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोल आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा उपायुक्त द्वारा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त संदीप सिंह ने ईवीएम के रख-रखाव से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा।

ज्ञातव्य है कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य



निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त संदीप सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी पुर्णिमा कुमारी समेत सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि एवं वेयर हाउस की ड्यूटी पर लगे कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# बिजली पानी की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पिछले कई दिनों से झमाडा से जलापूर्ति नहीं हो रही है। पानी के लिए लोगों में हाहाकार मचा हुआ हैं। झमाडा कि विभागीय लापरवाही के चलते आए दिन जलापूर्ति कि व्यवस्था में व्यवधान उत्पन होते रहती है। बिजली व्यवस्था में भी लगातार तकनीकी गड़बड़ियां आती रहती हैं, जिसका खामियाजा तथा जनता के आक्रोश का कोपभाजन झामाडा को बनना पड़ता है। झामाडा और विद्युत विभाग कि लापरवाही के चलते झरिया कि जनता को एक सप्ताह से पानी नहीं मील रहा हैं। लोगों का धैर्य जवाब देने लगी है।इसी को लेकर जामाडोबा रमजानपुर के लोगों ने काली मंदिर के समीप सड़क जामकर झमाडा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वहीं दुसरी ओर पानी बिजली उपभोक्ता मंच शालीमार के लोगों ने कांग्रेस नेता शमशेर आलम, पत्रकार शुभाशीष राय एवं समाजसेवी किशोर कुमार के नेतृत्व मे जोरापोखर थाना प्रभारी बिनोद उरांव से मिलकर झामाडा कर्मियों पर जलापूर्ति कराने में विभागीय लापरवाही बरतने का आरोप लगाया तथा शिकायत पत्र देकर थाना मोड़ पर नौ जुलाई को धरना देने कि चेतावनी दी है। प्रभारी ने झमाडा अधिकारियों से वार्ता कर जलापूर्ति नियमित कराने का लोगों को आश्वासन दिया है।

# झामाडा एसडीओ ने झरिया क्षेत्र का किया दौरा, शीघ्र होगी जलपूर्ति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** झरिया नगर काँग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के तत्वाधान में कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड संख्या 44, 36 बालू गद्दा, खटाल पट्टी कुष्ठ कॉलोनी फतेहपुर स्टेशन रोड में विगत 3.7.2023 को जन समस्याओं को लेकर बैठक हुई थी। बैठक मे मुख्य रूप से धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं झरिया प्रभारी सतपाल सिंह ब्रोका उपस्थित थे। दउक्त बैठक में संतोष सिंह ने आश्वस्त करते हुए संबंधित अधिकारियों से दूरभाष से वार्ता की जिसके तहत यहां की मुख्य जल की समस्या का निराकरण करने के लिए झामाडा एसडीओ ने आज इन क्षेत्र का अवलोकन किया और आश्वस्त किया कि जल्द ही इनकी समस्याओं का निदान किया जाएगा। मौके पर झरिया प्रभारी सतपाल सिंह ब्रोका, जितेंद्र मोदक, भगत सिंह, पप्पू सिंह, अशोक लाल बर्नवाल, कुंदन मोदक, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, अरविंद सैनी सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिये रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सूर्या हाई लैंड सिटी धनबाद से कांवरियों का एक जत्था देवघर बाबा धाम के लिये प्रस्थान किया। जत्था का नेतृत्व राजेश सिंह कर रहें हैं। जत्था के प्रस्थान से पूर्व मंगल टीका लगा कर सारे कांवरियों को श्री राजु लाला ने रवाना किया। इस जत्था को रवाना करने मे राजु लाला का सराहनीय योगदान रहा। वहीं मौके पर उपस्थित ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सभी की यात्रा मंगलमय हो इसकी कामना की। साथ ही देश मे अमन, शांति, खुशहाली, एकता, भाईचारा और सौहार्द कायम रहे, इसके लिये सभी से प्रार्थना की भी अपील की।

# थोड़ी सी बरसात से सड़क पर जलजमाव की समस्या से ग्रामीण परेशान

राजमणि पांडे@प्रभात मंत्र

**गावां :** प्रखंड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत के मानपुर आजाद चौक के पास जो कि मानपुर होते हुए प्रखंड मुख्यालय जाने का मुख्य मार्ग है पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण पहेली एवं हल्की बरसात से ही मानपुर मुख्य पथ लबालब पानी से भरकर तालाब में तब्दील हो गया। जिससे ग्रामीणों वहां के स्थानीय दुकानदारों एवं वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सड़क पर जल जमा होने के कारण कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं यह मुख्य पथ प्रखंड मुख्यालय ,थाना एवं मार्केट को जोड़ता है, अगले वर्ष भी मानपुर मुख्य पथ पर जलजमाव होने के कारण काफी परेशानी का सामना



करना पड़ा था कई जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मिलकर भी इसका समुचित निराकरण नहीं निकाल सके और आज के समय में भी थोड़ी सी बरसात में सड़क की स्थिति नदारद हो जाती है। वहीं राहगीरों एवं स्थानीय ग्रामीणों और वाहन चालकों ने विभाग एवं अधिकारी से सड़क पर जलजमाव की समस्या से छुटकारा दिलाने हेतु आग्रह किया स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर जलजमाव होने से ग्राहक इस मार्ग से नहीं गुजरते हैं जिससे हम लोगों की दुकानदारी भी प्रभावित होता है वही दो चकिया वाहन चालकों ने कहा कि सड़क जलजमाव के कारण स्पष्ट रूप से दिखता नहीं है और हमेशा दुर्घटना एवं गिरने का डर बना रहता है प्रत्येक दिन इस मुख्य मार्ग से हजारों लोग प्रखंड मुख्यालय एवं थाना की ओर सफर करते हैं विभाग के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि और नेता जी भी इसी मार्ग से गुजरते हैं लेकिन शायद किसी को परवाह नहीं थोड़ी सी बरसात बन जाता है ग्रामीणों के लिए आफत और इस आफत से ग्रामीण त्राहि-त्राहि करने लगते हैं मौके पर कई ग्रामीणों ने और राहगीरों ने विभागीय पदाधिकारियों जनप्रतिनिधि से इस समस्या का निदान के लिए मांग किया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को किया लांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल ही में एमएसडी फार्मास्यूटिकल्स और स्माइल फाउंडेशन के साथ साझेदारी में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को लांच किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता, राजेश कच्छप, विधायक खिजरी मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह, अरुण कुमार सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव आलोक त्रिवेदी, मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में शामिल थे।



कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य सरकार की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को मजबूत करना और ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच,

उपलब्धता और सामर्थ्य को बढ़ावा देना है। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट योग्य डॉक्टरों, पैरा-मेडिकल स्टाफ, प्वाइंट ऑफ केयर और डायग्नोस्टिक सेवाओं और दवाओं से लैस ?होगी। जहाँ यह मोबाइल मेडिकल यूनिट मुफ्त ओपीडी सेवाएं और दवाएं प्रदान करेगा। वहीं गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार करने में मदद करेगा। इस पहल के तहत टीकाकरण, गर्भवती माताओं की देखभाल के बारे में जागरूकता बढ़ेगी और माध्यमिक एवं तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच का समर्थन भी होगा।

मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन ने कहा, मेरा मानना है कि सूचना, जानकारी, सहृदयता के साथ साथ यदि एक ठोस व्यवस्था के अंतर्गत काम किया जाए तो लोगों को समग्र स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकती है। मुझे विश्वास है कि इस मिलीजुली पहल से जो शुरुआत की जा रही है उससे राज्य द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को बहुत बल मिलेगा।

## चैम्बर के सदस्य मिले सहायक विधुत अभियंता से, बिजली की बदतर स्थिति से कराया अवगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** चैम्बर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार संचालन समिति के सदस्यों द्वारा सहायक विधुत अभियंता सुजीत कुमार से मिल कर बिजली की बदतर स्थिति से अवगत करवाया गया जिसे उन्होने सहर्ष स्वीकार किया। प्रतिनिधि मंडल से हुई वार्ता में पुराना बाज़ार की बिजली समस्या सम्बंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई और समस्या के समाधान हेतु सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुआ। प्रतिनिधि मंडल में राजेश गुप्ता, सोहराब खान, पवन सोनी, विजय सैनी, इमरान अली, नवनीत रिटोलिया, दीपक झा, इंदरजीत सिंह आदि चैंबर ऑफ़ कॉमर्स पुराना बाज़ार के संचालन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस पार्टी ने जन संपर्क के साथ धन्यवाद ज्ञापन के लिए किया क्षेत्र भर्मण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** विधानसभा के देवरी प्रखंड अंतर्गत चतरो ,गादी, बाँसडीह इत्यादि क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी ने जन संपर्क के साथ धन्यवाद ज्ञापन अभियान के तहत क्षेत्र भर्मण किया। कुछ दिन पूर्व ही जमुआ के पूर्व विधायक चन्द्रिका महथा ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम कांग्रेस के साथ अपने कार्यकाल के उपलब्धियों को लेकर क्षेत्र भर्मण पर है। इस दौरान लोगो के समस्याओ से अवगत हुवे वही काफी संख्या में लोगो ने कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ली। आने वाले दिनों में लोकसभा चुनाव के साथ राज्य में भी चुनाव है और चुनाव को लेकर सभी पार्टी लोगो के बिच जा रहे है वही कांग्रेस पार्टी को चन्द्रिका महथा का साथ मिला जो वर्तमान में क्षेत्र भर्मण कर रहे है। चन्द्रिका महथा ने कहा की बीते 3 जुलाई को हमने हजारो कार्यकता के साथ कांग्रेस पार्टी में आया हु कांग्रेस से जो भी उम्मीदवार होंगे उन्हें जिताने के लिए हम पूरी मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा की लोग वर्तमान विधायक के खिलाप है लोगो में आक्रोश है और लोगो को चंद्रिका महथा से काफी उम्मीद है। वही देवरी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार राय ने कहा की चंद्रिका महथा का साथ मिलने से जमुआ विधानसभा में कांग्रेस पार्टी और मजबूत हुई है आने वाले दिन में जमुआ विधायक कांग्रेस पार्टी का होगा और यहाँ की जनता भी यही चाहती है।

# रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित 60 प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा 'रेल कौषल विकास योजना' के अन्तर्गत युवाओं को उद्योग आधारित प्रषिक्षण प्रदान कर कुषल एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाने के प्रयास के तहत युवाओं को दिनांक 06.06.2023 से 28.06.2023 तक पर्यवेक्षक प्रषिक्षण केंद्र एवं यांत्रिक कारखाना/समस्तीपुर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत तथा इलेक्ट्रिक ट्रैक्षन प्रषिक्षण केंद्र/पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 21वें बैच तथा सिगनल एवं दूरसंचार प्रषिक्षण केंद्र/दानापुर में 19वें बैच के रूप में प्रषिक्षण दिया गया । प्रषिक्षणोंपरांत कुल 60 प्रषिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी । इस योजना के तहत पूर्व मध्य रेल के इन प्रषिक्षण केंद्रों द्वारा अब तक कुल 1521 युवाओं को प्रषिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है ।

पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केन्द्र तथा यॉत्रिक कारखाना समस्तीपुर में 21वें बैच में फिटर ट्रेड में प्रषिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उतीर्ण 25 युवकों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार के माप, कटिंग, फाइलिंग, ड्रिलिंग, चुड़ी कटिंग इत्यादि कार्य का प्रषिक्षण दिया गया। इसी क्रम में सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत में 21वें बैच के रूप में प्रषिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उत्तीर्ण 16 युवकों को प्रषिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विद्युत कर्षण प्रषिक्षण केंद्र में 21वें बैच में प्रषिक्षण के उपरांत सुयोग्य एवं उत्तीर्ण 08 युवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । प्रषिक्षण के दौरान इन्हें विद्युत आयरन, विद्युत हीटर,स्टेयर केस वायरिंग, सीलिंग फैन, विद्युत बोर्ड बनाना एवं कनेक्षन करना, विभिन्न उपकरणों के बारे में प्रषिक्षण दिया गया।

# एमपी की घटना के खिलाफ झामुमो ने किया भाजपा का पुतला दहन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले में झामुमो जिला युवा समिति द्वारा बीते दिन मध्यप्रदेश में हुई आदिवासी व्यक्ति दसमत जी के साथ अमानवीय घटना को लेकर एक आक्रोश प्रदर्शन शहर के टावर चौक मोड़ पर किया गया। जिसकी अध्यक्षता झामुमो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप मंडल एवं संचालन युवा मोर्चा के जिला सचिव कौलेश्वर सोरेन ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में झामुमो जिलाध्यक्ष सह जिला बीससूत्री के जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह उपस्थित थे। सबसे पहले झामुमो के लोग जिला



कार्यालय पहुंचे वहाँ से जुलूस की शक्ल में भाजपा मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए टावर चौक पहुँच कर भाजपा का पुतला दहन किये। सिंह ने कहा कि भाजपा की यही चाल-चरित्र है और भाजपा का आदिवासी विरोधी, दलित विरोधी, अल्पसंख्यक विरोधी तो कभी महिला विरोधी चरित्र समय समय पर उजागर होता रहता है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा वहां नौटंकी करने से आदिवासी समाज की इज़्ज़त नही आ जायेगी इन पिछड़े लोगो को दिल से आत्मसात करना होगा तभी हम आदिवासी और दलित के दिल मे जगह पाएंगे। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप मंडल ने कहा कि भाजपा शुरू से ही आदिवासी-दलित विरोधी कार्यो में रही है इनके इस कुकर्मों से समस्त आदिवासी समाज के सम्मान को कलंकित किया है आदिवासी समाज इन्हें कभी माफ नही करेगी। कौलेश्वर सोरेन ने कहा कि जिस तरह से भाजपा के एक नेता ने आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब किया यह अमानवीय अपराध है,इंसानियत शर्मशार हुई है।

## अपग्रेड डिग्री कॉलेज में उर्दू की पढ़ाई नहीं होना चिंताजनक : अब्दुल करीम अंसारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** झारखंड प्रदेश काँग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन से राज्य में अपग्रेड डिग्री कॉलेज में उर्दू की पढ़ाई नहीं होने पर गहरी चिंता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि झारखंड से उर्दू को समाप्त करने की साजिश तो नहीं है। अंसारी ने कहा कि नया अपग्रेड डिग्री कॉलेज आरएसपी प्लस टू जामाडोबा झरिया, डिग्री कॉलेज टुंडी, डिग्री कालेज गोमिया में अविलंब उर्दू विद्यार्थियों का नामांकन दाखिल करने का आदेश दिया जाए। सभी पुराने कॉलेजों में उर्दू शिक्षकों की भारी कमी है, जिससे छात्र उर्दू की शिक्षा हासिल करने से वंचित हो रहे हैं।

## भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को बरटांड मंडल अंतर्गत सिटी सेन्टर चौक पर भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मतिथि पर बरटांड मंडल अध्यक्ष राजकुमार मंडल के अध्यक्षता में बरटांड मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद के विधायक राज सिन्हा के द्वारा सर्वप्रथम माल्यार्पण कर अपने संबोधन में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के उनके अमूल्य विचारो एवं उनके द्वारा त्याग और बलिदान को धनबाद विधायक ने कार्यकर्ताओ के सामने रखा।

**संक्षिप्त खबरे**

## डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांत वादी थे : लक्ष्मण बड़ाईक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें याद कर उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। डॉक्टर मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छ से अलख जगाने हेतु राजनीति में प्रवेश किया डॉक्टर मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांत वादी थे उन्होंने बहुत से गैर कांग्रेसी हिंदुओं की मदद से कृषक पर गया पार्टी से मिलकर प्रगतिशील गठबंधन का निर्माण किया इस सरकार में वित्त मंत्री बने उन्होंने बंगाल के विभाजन के मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नाकाम किया। मौके पर महामंत्री दीपक पुरी अनूप प्रसाद संजय शर्मा राकेश रविकांत ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश साहू नवीन सिंह नीरज बड़ाईक उपस्थित थे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में मनाई गई डॉ. मुखर्जी की 122 वीं जयंती

## भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता राष्ट्रभक्त है : ओमप्रकाश सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला के तत्वाधान में भाजपा जिला कार्यालय लोहरदगा में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 122 वी जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि आज हम महान क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 122 वी जयंती मना रहे हैं। डॉक्टर मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1964 को कोलकाता के एक संभ्रांत परिवार में हुआ था उनके पिता आशुतोष मुखर्जी अपने जमाने के प्रसिद्ध शिक्षाविद थे। डॉक्टर मुखर्जी ने 22 वर्ष की उम्र में द्व.डु. की परीक्षा पास की और 24 वर्ष की उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय मिस सीनेट के सदस्य बने। आगे की पढ़ाई के लिए वह लंदन भी गए और वहां से आने के बाद वर्ष 1939 में राजनीति में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति का विरोध किया। 1947 में आजादी प्राप्त होने के बाद पहली मंत्रिमंडल में वित्त मंत्री के रूप में वह शामिल हुए। डॉक्टर मुखर्जी ने चितरंजन में रेल का कारखाना, विशाखापट्टनम में जहाज का कारखाना एवं बिहार में खाद का कारखाना स्थापित करवाएं। 1950 ईस्वी में भारत की दशा दयनीय थी इसे देखकर उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया और विपक्ष की राजनीति में भाग लिया। उन्होंने कश्मीर में दो झंडे दो निशान का मुखर विरोध किया एवं जम्मू के प्रजा परिषद पार्टी के साथ मिलकर जम्मू कश्मीर में आंदोलन कियाा। उन्होंने यह आंदोलन अटल बिहारी बाजपेई वैद्य गुरुदत्त डॉक्टर बर्मन और टेकचंद को लेकर 8 मई 1953 को लेकर जम्मू गए। जम्मू-कश्मीर सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया और 40 दिन के अंतराल में उनकी संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई। आज भी भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर मुखर्जी की विचारधारा के अनुसार राष्ट्र के लिए काम कर रही है वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने एक देश एक झंडे और एक विधान के अनुरूप कार्य करते हुए जम्मू कश्मीर में लागू धारा 370 को हटाने का काम किया। भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि भाजपा व्यक्तिवादी पार्टी नहीं है देश के अधिकांश राजनीतिक दल आज परिवार वाद व्याप्त है और व्यक्तिवादी के राजनीति से ओतप्रोत है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रभक्ति की भावना से कार्य करते हैं जिसकी वजह से आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में भारतीय जनता पार्टी को जाना जाता है। कांग्रेस का गठन से आज तक कांग्रेस तुष्टीकरण की नीति, जात पात की नीति, अवसरवादीता, भ्रष्टाचार में लिप्त रही है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1950 में मंत्रिमंडल से इस्तीफा हिंदुओं के धार्मिक स्थलों में गैर हिंदुओं को सदस्य बनाने का विरोध एवं 1950 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली के साथ दिल्ली समझौते का विरोध में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी का भारतीय राजनीति से गहरा रिश्ता था। उन्होंने हमेशा हिंदुओं के हित की रक्षा में आवाज उठाई और कश्मीर से धारा 370 हटाने का विरोध किया। भारतीय संसद में उन्होंने पुरजोर तरीके से कहा कि राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्यय की न्यू रखी जा सकती है।

## आनेवाले समय में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराकर लोगों की प्यास बुझाएगा जलमीनार : गंगोत्री देवी



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडु प्रखण्ड के उडुमुडु गाँव में जिला परिषद अध्यक्ष रीना देवी और कुडु पूर्वी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य गंगोत्री देवी ने संयुक्त रूप से वहाँ नौ लाख निन्यानब्बे हजार रुपये की लागत से बनने वाले जलमीनार का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में यह जलमीनार लोगों के लिए जीवनदायी बनेगा। जल ही जीवन है और पेयजल की परेशानी को देखते हुए इस जलमीनार की माँग बहुत समय से यहाँ की जनता के द्वारा की जा रही थी। लोगों की माँग और उनकी आवश्यकता को देखते हुए इस हेतु काफी समय से प्रयास कर रही थी,आपके सहयोग, आशीर्वाद और हमारी परिश्रम से आज यह माँग पूरी हुई है। आनेवाले समय में शीघ्र ही यह बनकर तैयार हो जायेगा और आपलोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करेगा। अभी से लेकर आनेवाले समय में इसकी उचित देखभाल का कर्तव्य आपका होगा। आप जितने अच्छे से इसकी देखभाल करेंगे, यह उतने अधिक समय तक आपकी सेवा करेगा। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना देवी, कुडु पूर्वी जिला परिषद सदस्य गंगोत्री देवी, चीकू सिंह, मनु सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कैरो मंडल भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122 वी जयंती समारोह मनाई



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 06 जुलाई गुरुवार को कैरो भारतीय जनता पार्टी ने मंडल अध्यक्ष लखन उराँव की अध्यक्षता मे भारतीय जनसंघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवाद डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122 वीं जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित कर मनायी गयी। कार्यक्रम मे सर्व प्रथम मंडल अध्यक्ष व उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डा0 मुखर्जी के चित्रो पर पुष्पार्चन कर उम्हे नमन किया। तत्पश्चात अध्यक्ष लखन उराँव ने कहा जयंती महापुरुषों की मनायी जाती है,डा0 मुखर्जी देश के महापुरुषों मे एक थे। आज ही के दिन 06 जुलाई 1901 को कोलकाता मे डा0 मुखर्जी का जन्म हुआ था। 24 वर्ष की आयु मे वे कोलकात्ता विश्वविद्यालय सीनेट के सद्स्य बने। सन्न 1939 मे वे भारतीय राजनीति मे सक्रिय रूप से भाग लिये। डा0 मुखर्जी ने गांधी और नेहरु के तुष्टिकरण नीति का सदैव विरोध किया था,और यही कारण था कि डा0 मुखर्जी को संकुचित व साम्प्रदायिक विचार का द्योतक समझा जाता था। डा0 मुखर्जी के जयंती पर अन्य वक्ताओं ने भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पश्चात्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सूशासन और गरीब कल्याण के 09 साल की पुस्तक सेवानिवृत्त सैनिक धनंजय राम वर्मा को भेंट की गई। इस अवसर पर जिला कार्यसमिति सद्स्य विशेश्वर प्रसाद दीन, राजेन्द्र महतो, प्रखंड महामंत्री मनोज साहू, मंत्री शिवचरण तुरी, राजेश सोनी, विनोद राम, ओम सोनी इत्यादि कार्यकर्ता जयंती समारोह कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित बिंदुओं पर की समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आकांक्षी जिला अंतर्गत लोहरदगा जिला के केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी कमल किशोर सोन, संयुक्त सचिव, श्रम एवं नियोजन मंत्रालय, भारत सरकार का लोहरदगा जिला का भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 07-09 जुलाई 2023 तक निर्धारित है। इसे लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित बिंदुओं की समीक्षा समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में कृषि व जल संसाधन, स्वास्थ्य, पोषण, वित्तीय इनक्लूजन, पेयजल, स्वच्छता, मूलभूत संरचना, समाजिक विकास और शिक्षा अंतर्गत कुल 33 बिंदुओं की समीक्षा की गई। इसमें निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि की समीक्षा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर निदेश दिये गये। इसमें एफपीओ का गठन की स्थिति, मृदा परीक्षण केंद्र, मृदा कार्ड की स्थिति, पीएम किसान योजना, पशु टीकाकरण, स्वास्थ्य अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व परीक्षण, गर्भवती महिलाओं को पोषाहार आपूर्ति की स्थिति, कुपोषित बच्चों की स्थिति, आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति, बैंक शाखाओं की संख्या, गांवों में बैंक शाखाओं की स्थिति, पेयजल अंतर्गत घरों में पेयजल कनेक्शन की स्थिति, स्वच्छता अंतर्गत ओडीएफ गांवों की स्थिति, ग्राम पंचायत में भारतनेट इंटरनेट कनेक्टिविटी, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति, स्वयं सहायता समूह को कोष उपलब्धता, शिक्षा अंतर्गत प्राईमरी स्कूल से अपर प्राईमरी स्कूल जानेवाले बच्चों की समीक्षा की गई। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस0, अनुमंडल पदाधिकारी समेत सभी विभागों के कार्यालय प्रधान उपस्थित थे।

## ठेठईटांगर घुटबहार बडिंगटोली में झारखंड पार्टी ने किया ग्रामीणों के साथ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखंड केघुटबहार बडिंगटोली गांव में गुरुवार को झारखंड पार्टी के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मतीयस बागे के द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का,झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का प्रखंड सचिव जोलेन लुगून मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया इस दौरान पूर्व मंत्री ने उन्हें कहा कि 14 वर्षो के लंबे वनवास के बाद आपका बेटा आप लोगों के बीच फिर से एक बार सेवा करने के लिए पहुंचा है इसलिए आप निश्चिंत रहें जो इस क्षेत्र के वर्तमान विधायक और सांसद आपके लिए नहीं कर रहे हैं वह काम झारखंड पार्टी करेगी क्योंकि यह माटी की पार्टी है और माटी की पार्टी होने के साथ-साथ आप की जमीनी तकलीफ और दुखों को अच्छे से जानती है इसलिए इस बार चुनाव में इनके बहकावे में नहीं आना है भाजपा और कांग्रेस सिर्फ लोगों को लड़ाने का काम करती है और वोट लेती है और वोट लेने के बाद भूल जाती है इसलिए झारखंड पार्टी का सहयोग करें। झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि नई सोच और जोश के साथ काम करना है। इसके लिए सभी लोगों का सहयोग चाहिए आप सभी क्षेत्र में झारखंड पार्टी का सहयोग करें पार्टी आपके लिए दिन रात काम करने के लिए तैयार है इस मौके पर पंचायत महिला समिति का गठन किया गया जिसमें संध्या बडिंग अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष सुमन लुगुन का चुनाव किया गया साथ ही जल्द ही इसका विस्तार करने के निर्देश दिए।मौके पर अधीन लुगून, संध्या डाँग, आंकित सुरीन, रसाल ख़लखो आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## डॉक्टर मुखर्जी के पथ चिन्हों पर चल राष्ट्र हित में काम करें कार्यकर्ता : अमरेश भारती




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी,नगर मण्डल ने देश के महापुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता अमरेश भारती ने किया। अटल भवन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अमरेश भारती ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश और धर्म की रक्षा में अपना प्राण न्योछावर कर दिया। एक देश,एक कानून और एक निशानइनका सिद्धान्त था। इनकी 122 वीं जयन्ती पर भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को देश सेवा में लग जाना होगा।तभी भारत विश्व गुरु के पद पर स्थापित कर पायेंगे।कहा कि विगत 1 जून से 10 जुलाई तक पार्टी का महाजनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिसे सफलता पूर्वक सम्पन्न करना होगा।आज विपक्ष के द्वारा भोली भाली जनता को समान नागरिक सहिंता कानून पर बरगलाया जा रहा है।जिससे सबको सच्चाई से अवगत कराना होगा। गुमराह करने वाले से जनता को बचाना होगा। नगर भाजपा के संयोजक राजेश महतो ने धन्यवाद देते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद संगीता कुमारी, अशोक कांस्कार, ज्ञानेश गुप्ता, बिजय अग्रवाल, विकी कुमार, अनूप वर्मा, दीपक साहू, राजू जी, सुरेश महतो, क्षितिज गोस्वामी आदि उपस्थित हुए।

## उप विकास आयुक्त समीरा एस ने पथ प्रमंडल पदाधिकारी के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में आज पथ निर्माण की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में पथ-प्रमण्डल अंतर्गत भण्डरा-सेन्हा पथ के मजबूतीकरण, ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत सनई-हपात पथ में तीन उच्च स्तरीय पुलों की योजना की स्थिति, नारी-धुर्वामोड़-सांगोडीह पथ की स्थिति, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की स्थिति, पांच वर्षों से पुरानी ग्रामीण सड़कों की मरम्मति के लिए मिले प्रस्ताव की स्थिति, विधायक की अनुशंसा पर सड़क मरम्मति के प्रस्ताव की स्थिति, भक्सो-रामपुर-ईरगांव पथ की स्थिति, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल अंतर्गत उच्च स्तरीय पुलों की स्थिति, राष्ट्रीय उच्च पथ अंतर्गत कुडू-घाघरा पथ में नाली निर्माण की स्थिति, कड़ाक में भूमिअधिग्रहण की स्थिति, भण्डरा-सेन्हा पथ में भूमि अधिग्रहण की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई और आवश्यक निदेश संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को दिये गये। आज की बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## केंद्र की भाजपा सरकार आदिवासी विरोधी है : मुजम्मिल अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति लोहरदगा ने आज जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद के नेतृत्व में भाजपा पार्टी का पुतला दहन किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मध्य प्रदेश के सीधी में आदिवासी युवक के साथ किया गया कुकृत भारतीय जनता पार्टी की चाल है और चरित्र को उजागर करता है। भारतीय जनता पार्टी के उक्त मानसिकता साफ दिख रहा है की भाजपा पार्टी यहाँ के गरीब आदिवासी मूलवासी को को पैरो तले रौंदना चाहती है। इससे यह बात साफ पता चलती है कि केंद्र की भाजपा सरकार आदिवासी विरोधी है। सत्ता के हनक में भाजपाई इस कदर मदहोश हो चुके है, की वो आदिवासियों के साथ अप्राकृतिक तरीके से पेश आ रही है, अब वक्त आ गया है कि भाजपा को सत्ता से जड़ से साफ किया जाय।

## भारतीय हॉकी टीम में हुई सिमडेगा की बेटियां चयनित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** हॉकी इंडिया ने जर्मनी दौरे और स्पेन में चार देशों के टूर्नामेंट के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जिसमे हमारे सिमडेगा जिला के सलीमा टेटे, सगीता कुमारी सहित खूंटी जिला की निक्की प्रधान चयनित। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को जर्मनी दौरे और स्पेन में 100 वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। दोनों प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण हांग्जो एशियाई खेल 2023 से पहले टीम की तैयारियों का हिस्सा होंगी। इस बीस सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में हमारे सिमडेगा जिला के दो खिलाड़ी सदर प्रखंड के बरकिछाप की सलीमा टेटे और केतसई प्रखंड के करगागुड़ी की संगीता कुमारी तथा खूंटी जिला की निक्की प्रधान भी सामिल है।ये तीनो ही खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे है और भारतीय टीम के नियमित सदस्य है। एक सप्ताह पूर्व ही जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए सिमडेगा जिला के चार खिलाड़ी दीपिका सोरेन, महिमा टेटे, रोपनी कुमारी और काजल बड़ा चयनित की गई। और अब इस विदेशी दौरे के लिए सिमडेगा से 02खिलाड़ी का चयन होना जिला के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी,सुनील तिर्की, पंखरासियूस टोप्पो, कमलेश्वर माझी, एलशन किड़ो, कोच प्रतिमा बरवा, सोहन बड़ाइक, तारिणी कुमारी, करिश्मा परवार प्रतिमा तिर्की, वेद प्रकाश,बसंत बा, बलबीर प्रसाद, सोनू ठाकुर, राहुल मिंज, बिनोद कुल्लू, टिंटस बड़ा, फादर पौलुस बागे, विजय तिर्की, उम्लेन समद गोपाल डांग,पौलस किड़ो सहित हॉकी सिमडेगा के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है। भारतीय टीम सबसे पहले 16 से 19 जुलाई 2023 तक जर्मनी में तीन टेस्ट मैच खेलेगी, एक चीन के खिलाफ और दो जर्मनी के खिलाफ, इसके बाद स्पेन का दौरा होगा, जहां वे 25 जुलाई से दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और मेजबान टीम के खिलाफ खेलेंगे। 30 जुलाई को टेरासा में 100 वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-इंटरनेशनल टूर्नामेंट में।

# अवैध लकड़ी तस्करी की सूचना पर वन विभाग व पुलिस प्रशासन ने किया संयुक्त कारवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र के बॉर्डर में अवैध रूप से लकड़ी काट कर धड़ले से जंगल कटाई का कार्य बड़े पैमाने पर सुदुर्वर्ती पहाड़ी क्षेत्र में जारी है। वही पेड़ कटाई कर चरहु में साल का बोटा चिराई किए जाने की गुप्त सूचना वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार को प्राप्त हुआ था। जिसके आधार पर त्वरित कारवाई करते हुए छपेमारी टीम गठित कर पुलिस प्रशासन के संयुक्त पहल से चरहु गांव में वन विभाग की टीम और बगडू थाना प्रभारी द्वारा छापेमारी अभियान के तहत रेड किया गया। जिसमें 2 पीस साल का चौपहल और लगभग 25 पीस साल का चौखट जप्त किया गया। चौपहल एवं चौखट जप्त करने के पूर्व सरकारी कार्य में पुरुष के इशारे पर महिलाओं ने गठित टीम के साथ उलझ गई और छपेमारी में बाधा पहुंचाने का प्रयास लगतार किया जा रहा था। जिसको लेकर वन विभाग के टीम इसकी सूचना डीएफओ अरविंद कुमार को दिया। साथ ही बगडू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा भी दलबल के साथ मौजूद थे। उनके लाख समझाने के बावजूद कारवाई पर रोक लगाने का प्रयास किया गया। परंतु पुलिस प्रशासन सभी को चिन्हित करते हुए इमारती लकड़ी को जप्त करने में सफलता प्राप्त की। साथ ही जिसके इशारे पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का कार्य जिन लोगो द्वारा किया गया है। उसके विरुद्ध करवाई किया जायेगा बताया जाता है। कि चरहु ग्राम में मंसूर अंसारी के घर के बाहर साल के बोटा का चिराई काम चल रहा था। और कुछ चौखट घर के अंदर रूम में बन्द कर रखा गया था। जिसको जप्त करने के लिए घर का ताला खोलने के लिए बोला गया तो प्रशासन से लोग उलझ गए। फिलहाल मंसूर अंसारी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 के धारा 33 एवं 42 के तहत कारवाई की जाएगी इसके अलावे उन सभी पर भी कारवाई किया जाएगा जो प्रसाशनिक कारवाई में ग्रामीणों द्वारा रेड को रोकने तथा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा था। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी और थाना प्रभारी की सूझ बूझ एवं कड़ी मशक्कत के बाद सफलता पूर्वक मंसूर अंसारी के घर से अवैध साल लकड़ी को बरामद किया गया। छापेमारी टीम में रेंजर अरुण कुमार, वनपाल जाया उरांव, वनरक्षी रवि विमल मिंज, रमेश भगत, गौतम राम किशोर, नंद कुमार, प्रदीप साहू, सुमित लकड़ा तथा बगडू थाना प्रभारी पंकज शर्मा, महिला पुलिस बल, मोटरसाइकिल दस्ता सहित होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## कोराम्बे में मिला भटकता अबोध बच्चा चौकीदार के माध्यम से ग्रामीणों ने किया थाना को सुपुर्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** कोराम्बे स्थित युकलिप्टस बगान के समीप छोटा बच्चा को देख ग्रामीण महिला अपने साथ बड़का टोली लेकर पहुंची बच्चे का परिजन का नही मिला सुराग तो थाना को किया सुपुर्द। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोराम्बे स्थित युकलिप्टस बगान के समीप कोराम्बे बड़का टोली के महिला एक बच्चा को रोते देख उससे पूछताछ किया परंतु वह बच्चा अपना नाम पता बताने में असमर्थ है। काफी प्रयास के बाद भी भटकता हुआ बच्चा का कोई सुराग नही मिला तो चौकीदार संदीप कुमार के माध्यम से सेन्हा थाना को सुपुर्द किया गया। बताया जाता है कि बच्चा किसी गाँव से भटक कर कोराम्बे युकलिप्टस बगान के समीप पहुंचा जहां खेत में काम करने जा रही महिला को इस बच्चा पर नजर पड़ा तो रोते देख बच्चा को महिला अपने घर ले गई और आसपास के लोगो को सूचना करते हुए पहचान करवाने का प्रयास किया परंतु पहचान नही होने पर सेन्हा थाना को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि बच्चा छोटा है और अबोध होने के कारण अपना नाम नही बता रहा है। फिलहाल उसे सुरक्षित रखने के दिशा में प्रशासन कार्य कर रही है। साथ ही अपील किया गया कि किसी को इस बच्चे के बारे में सूचना प्राप्त हो तो स्थानीय थाना को सूचित कर परिजनों तक खबर पहुंचाने की बात कही गई।

## पाकरटांड के केंउंदडीह बाजार में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने ग्रामीणों की सुनी समस्या



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाकरटांड प्रखंड के केंउंदडीह बाजारटांड गांव में गुरुवार को पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुनने के लिए विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में आज भी बिजली की समस्या चरम पर है इसके अलावा पानी तथा सड़क एवं मूलभूत सुविधा जो अब तक हमें प्राप्त नहीं हुए इन सभी को सुनने वाला कोई नहीं गांव में आज भी लोग आवास पेंशन राशन कार्ड सहित कई जटिल समस्याओं से घिरे हुए लेकिन इन समस्याओं का निदान नहीं हो रहा है। मौके पर ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद पूर्व मंत्री ने कहा लंबे समय से इस क्षेत्र के लोगों को यहां के जनप्रतिनिधियों ने छलने का काम किया है चाहे भाजपा हो या कांग्रेस हो सभी लोगों ने यहां के लोगों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है और जब सुविधा देने की बात हो तो मुंह मोड़ लिया है लेकिन अब झारखंड पार्टी क्षेत्र का जो भी समस्या है उसे दूर करने का प्रयास करेगी इसके लिए आप सभी को सहयोग करना है इस मौके पर उनकी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया गया। इधर बैठक से पूर्व ग्रामीणों के द्वारा पूर्व मंत्री का पारंपरिक तरीके से पूरे ढोल नगाड़े के साथ स्वागत करते हुए उन्हें बैठक का स्थल तक ले जाया गया जहां पर माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। मौके पर केलेमेट कच्छप, जतान कच्छप, सिलबिना कच्छप, महिमा कुल्लु, नेमि कुल्लु, रैक्युवार कुल्लु, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चलते चलते एक नजर

### मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आबकारी घोटाला मामले में हाई कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 3 जुलाई को मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इससे पहले 28 अप्रैल को राऊज एवेन्यू कोर्ट मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। ईडी के मुताबिक मंत्री समूह के मुखिया होने के नाते सिसोदिया को कैबिनेट के बारे में सारी जानकारी थी। वे आबकारी नीति के बदलाव में मुख्य भूमिका में थे। ईडी के मुताबिक आबकारी नीति में फायदा पहुंचाने के बदले रिश्वत ली गई। ईडी के मुताबिक कोई भी नीति हवा में नहीं बनाई जाती है। मंत्री समूह की बैठक में लाइसेंस फीस और प्रॉफिट मार्जिन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। याचिका में सिसोदिया की ओर से कहा गया है कि सिसोदिया के खिलाफ मनी लांड्रिंग का कोई मामला ही नहीं बनता है। ईडी का पूरा केस सीबीआई के केस पर ही आधारित है।याचिका में कहा गया है कि मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा 3 के तहत किसी भी तरह का अपराध सिसोदिया ने नहीं किया। कोर्ट को यह देखना होगा कि क्या धारा 3 के तहत कोई उल्लंघन किया गया है। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

### भाजपा ने साधा छत्तीसगढ़ सरकार पर निशाना शराब बिक्री से 2,161 करोड़ रुपये लूटने का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ सरकार पर निशाना साधा है। गुरुवार को भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि आज कल शराब के माध्यम से अवैध कमाई करने का गैर भाजपा सरकारों का महत्वपूर्ण औजार बन गया है। दिल्ली की सरकार के उप मुख्यमंत्री इसी मामले में जेल में हैं और चार बार उनकी जमानत खारिज हो चुकी है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी शराब की बिक्री से 2,161 करोड़ रुपये की लूट की है। यह राशि शराब की बिक्री पर प्रदेश को ड्यूटी के रूप में मिलती, जिसे एक सिंडिकेट बनाकर लूट लिया गया।उन्होंने आरोप लगाया कि इस लूट का एक बड़ा हिस्सा वहां के सत्तासीन राजनीतिक लोगों को जाता था। कल जांच के बाद एक व्यापक शिकायत कोर्ट के सामने फ़ाइल की गई। इस लूट का मास्टरमाइंड अनवर ढेबर है, जो कांग्रेस नेता और रायपुर मेयर एजाज ढेबर का भाई है। एजाज ढेबर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बहुत नजदीकी हैं।रविशंकर ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से आशीर्वाद प्राप्त लोगों द्वारा राज्य के कोष की भयंकर लूट की गई। इतनी बड़ी लूट सरकार के प्रत्यक्ष आशीर्वाद के बिना संभव नहीं है। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा राज्य में शराब का प्रबंधन और मॉनीटिरिंग की जाती है। उन्होंने कुछ अधिकारी और अनवर ढेबर ने 800 आउटलेट पर अपने लोगों को पोस्ट कर दिया।

# मेदिनीनगर बाजार क्षेत्र से हटाया गया सड़कों का अतिक्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के आदेशानुसार शहर थाना प्रभारी, अभय कुमार सिन्हा, यातायात प्रभारी, रामजीत सिंह टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा के साथ मेदिनीनगर बाजार क्षेत्र में विष्णु मंदिर रोड एवं पंच मुहान हनुमान मंदिर रोड में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। मालूम हो कि पलामू जिला प्रशासन और यातायात पुलिस के द्वारा सभी तरह के जागरूकता अभियान चलाने और यातायात संबंधी सुरक्षा और नो ट्रैफिक जोन में वाहन लगाने या दुकान लगाने के तमाम निर्देशों के बावजूद भी कई लोग अपने दुकान को सड़कों पर एवं वाहन को भी सड़कों पर लगा रहे । जिसके कारण आम नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसकी शिकायत बराबर जिला प्रशासन और यातायात प्रभारी को मिल रही थी। इसके बाद मेदिनीनगर शहर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा, यातायात प्रभारी रामजीत सिंह और टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा



को पलामू पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि आम नागरिकों को यातायात में कोई कठिनाई नहीं हो इसके लिए यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाया जाए पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश मिलते ही मेदिनीनगर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, यातायात प्रभारी रामजीत सिंह और टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा सक्रिय हुए और मेदिनीनगर बाजार क्षेत्र में जो भी सड़कों पर अतिक्रमण था उसे हटाया गया और लोगों को चेतावनी दी गई कि अगर आने वाले दिनों में अगर उन्होंने सड़कों का आवागमन बाधित किया सड़कों का अतिक्रमण किया तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दार्जिलिंग से नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोपित रांची से गिरफ्तार

**रांची :** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग से नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोपित पिठौरिया के काटमकुली निवासी हबीब अंसारी को इटकी के त्रिवेंदा चौक के समीप से बंगाल पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। साथ ही नाबालिग को सकुशल बरामद किया है। उसे रांची के सिविल कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश किया गया। ट्रांजिट रिमांड के बाद बंगाल पुलिस उसे ले गयी। दार्जिलिंग में शादी कई नियत से नाबालिग के अपहरण की प्राथमिकी उसके परिजनों ने दर्ज कराया था। बंगाल पुलिस नाबालिग का मेडिकल जांच और 164 का बयान भी वहां दर्ज करायेगी।

## बदरीनाथ हाइवे खुला, यात्रियों को मिली राहत



**एजेंसी**

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के बदरीनाथ हाइवे पर छिनका के पास पहाड़ी से भारी मलबा आने के कारण बाधित हो गया था। इसे अपराह्न बाद खोल दिया गया है। सूचना विभाग और स्थानीय पुलिस की ओर से बताया कि आ सुबह छिनका के पास मलबा आने के कारण बंद हाइवे के दोपहर बाद खुलने से यहां फंसे तीर्थ यात्रियों ने राहत की सांस ली है। मार्ग खुलने पर बदरीनाथ से आने जाने वाले तीर्थ यात्रियों के वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है।

## तीन शार्ट फिल्में दिखाई गई, किया गया राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का पोस्टर विमोचन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** शहर के होटल निर्वाणा के हॉल में गुरुवार को पलामू में बनी तीन शार्ट फिल्मों को दिखाया गया. साथ ही चित्रपट भारती द्वारा आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर विमोचन भी किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल अग्रवाल और फेस्टिवल के पलामू प्रभारी राकेश रमण मौजूद थे. डॉ राहुल अग्रवाल ने कहा की पलामू में बन रही फिल्मों को अब बाहर भी पुरष्कार मिल रहा है. यह काफी महत्वपूर्ण बात है.पलामू में फिल्म बनाने वालों को हर संभव मदद की जाएगी. राकेश रमण ने इस अवसर पर कहा की चित्रपट



भारती का उद्देश्य है की फिल्म निर्माता अच्छी फिल्में बनाये. साथ ही उन फिल्मों से समाज पर एक सकारात्मक परिवर्तन आ सके. इसी उद्देश्य को लेकर फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है. निर्देशक पुलिन मित्रा ने बताया की अभी पलामू में उनके द्वारा और भी कई फिल्मों का निर्माण किया जाएगा जिसमे स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाएगा. कार्यक्रम में भूमिका फिल्म्स और मेलोडी थियेटर एंड फिल्म्स के द्वारा बनाये गए तीन फिल्म का प्रदर्शन किया गया. फिल्मों का नाम लौ, लापरवाही और थैंक्यू था. फिल्म थैंक्यू में डॉक्टर की भूमिका निभा रहे डॉ राहुल अग्रवाल और मुस्लिम युवक की भूमिका में अभिनय के लिए चन्दन कुमार को दर्शकों ने काफी पसंद किया. फिल्म लौ में मास्टर रोहित ने सभी को प्रभावित किया. पिछले दिनों रांची में आयोजित चित्रपट भारती के फिल्म फेस्टिवल में चन्दन कुमार, रोहित कुमार व कमल रंजीत को अभिनेता, बाल कलाकार व निर्देशक पुरस्कार भी मिल चुका है. फिल्म लौ को भी इस फेस्टिवल में पुरष्कार मिला था. कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार ने किया. इस अवसर पर पुलिन मित्रा, कमल रंजीत, प्रसिद्ध राम,अब्दुल हमीद,शर्मीला वर्मा, प्रतिमा रानी, सुधीर मिश्रा, अविनाश तिवारी,प्रकाश कुमार,गौतम घोष, वर्षा रानी, राखी सोनी,रेणु शर्मा,तारक चौधुरी,योगेंद्र मेहता आदि मौजूद थे.

# तस्करी रोकने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकताः डीजीपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, उपभोक्ता स्वास्थ्य और सुरक्षा की सुरक्षा के लिए जालसाजी और तस्करी के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। उपभोक्ताओं को इससे जुड़े खतरों के बारे में सूचित करने में शैक्षिक कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।÷ अवैध उत्पादों के साथ, उन्हें सूचित निर्णय लेने और संभावित जोखिमों से खुद को बचाने के लिए सशक्त बनाना। जागरूकता को बढ़ावा देकर और सतर्क मानसिकता को बढ़ावा देकर, हम उपभोक्ताओं को नकली उत्पादों को पहचानने और उनसे दूर रहने के लिए आवश्यक ज्ञान और संसाधन प्रदान कर सकते हैं। अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क विभाग ने भारत में



अवैध व्यापार के व्यापक प्रभावों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह मुद्दा चिंताजनक है क्योंकि इससे न केवल सरकार को पर्याप्त वित्तीय नुकसान होता है बल्कि नागरिकों की भलाई और सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण जोखिम पैदा होता है। तस्करी और जालसाजी का कार्य न केवल हमारे देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है बल्कि हमारे देश की प्रगति और विकास में भी बाधा डालता है। अवैध व्यापार से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मजबूत जागरूकता अभियानों को प्राथमिकता देने और सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। आरपीएफ, एनसीआरबी, नागरिक सुरक्षा, होम गार्ड और अग्निशमन सेवाओं और बीपीआरएंडडी के पूर्व महानिदेशक राजीव रंजन वर्मा ने तस्करी और जालसाजी की व्यापक समस्याओं से निपटने में युवाओं के महत्वपूर्ण महत्व पर प्रकाश डाला। महानिदेशक ने तस्करी से मुक्त भारत बनाने में युवाओं की भूमिका विषय पर फिक्की कैस्केड द्वारा आयोजित अंतर-स्कूल प्रतियोगिता के लिए स्कूली बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

**छात्रों को सम्मानित किया गया:** खुशी प्रधान, एस एस डोरंडा गर्ल्स हाई स्कूल, एलिस बिलुंग सेंट जोन स्कूल, प्रियंका उरांव कस्तूरबा आवासीय विद्यालय चान्हो,न शाहगुफ्ता कासिफ शांकरी +2 हाई स्कूल आकाशीय तिर्की,, नगरी, नेहा कुमारी, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय ओरमांझी , अनिता कुमारी कस्तूरबा आवासीय विद्यालय सिल्ली,साहिबा, सरकार. गर्ल्स हाई स्कूल आदि शामिल रहा। भारत में पांच प्रमुख उद्योगों - मोबाइल फोन, एफएमसीजी-घरेलू - और व्यक्तिगत सामान, एफएमसीजी-पैकेज्ड खाद्य पदार्थ, में अवैध व्यापार के प्रभाव की जांच करती है। तम्बाकू उत्पाद, और मादक पेय पदार्थ।

### झारखंड हाई कोर्ट ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों पर जिला जजों से रिपोर्ट मांगी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और आनंद सेन की खंडपीठ में गुरुवार को राज्य के अलग-अलग जिलों में पुलिस हिरासत में हुई मौतों के मामलों में न्यायिक जांच नहीं होने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने झारखंड के सभी जिला जजों से रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने सभी जिला जजों को पूछा है कि हिरासत में हुई मौत मामलों में न्यायिक जांच कराने के लिए उनके पास कितने आवेदन लंबित हैं। इस जनहित याचिका पर अब हाई कोर्ट 26 जुलाई को सुनवाई करेगा। इस संबंध में धनबाद के मुमताज अंसारी ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। उनकी ओर से अधिवक्ता शदाब अंसारी पैरवी कर रहे हैं।

## भारत इस साल तंजानिया के जांजीबार में खोलेगा पहला आईआईटी कैंपस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इस साल के अंत तक भारत के बाहर अपना पहला कैंपस तंजानिया के जांजीबार में खोलेगा। इसमें अक्टूबर 2023 में प्रोग्राम लॉन्च करने की योजना है।


यह भारत के बाहर स्थापित होने वाला पहला आईआईटी परिसर होगा।तंजानिया के जांजीबार में आईआईटी मद्रास के परिसर की स्थापना के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, आईआईटी मद्रास और तंजानिया के शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्रालय (एमओईवीटी) के बीच बुधवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस मौके पर जांजीबार के राष्ट्रपति हुसैन अली मविनी और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर मौजूद रहे।जयशंकर ने गुरुवार को एक



ट्वीट में कहा कि यह ऐतिहासिक कदम ग्लोबल साउथ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि जयशंकर तंजानिया की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को कहा कि आईआईटी मद्रास- जांजीबार परिसर की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक शुरुआत है। यह पहल दक्षिण-दक्षिण सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ अफ्रीका के साथ लोगों के बीच मजबूत संबंध बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ज्ञान को द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख घटक बनाने के साथ-साथ वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

# संजय सिंह हत्याकांड में पुलिस की छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सुखदेवनगर थाना पुलिस जमीन कारोबारी कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय कुमार सिंह की हत्या के मामले में लगातार छापेमारी कर रही है। हत्याकांड में शामिल बदमाशों का सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगा है लेकिन तस्वीर साफ नहीं है। इस मामले में पुलिस छह से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

संजय कुमार सिंह हत्याकांड मामले में एसएसपी किशोर कौशल ने सिटी एसपी शुभांशु जैन के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया है। इसमें कोतवाली डीएसपी और सुखदेव नगर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। पुलिस को शक है कि संजय की हत्या में जमीन कारोबारी कमल भूषण के हत्यारे शामिल हैं।

जमीन कारोबारी कमल भूषण की 30 मई, 2022 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में रांची पुलिस ने चार अपराधी राहुल कुजूर, डब्लू कुजूर, ख्वाइश अदनान और मुनव्वर अफिक को गिरफ्तार किया था। दो मुख्य आरोपित छोटू कुजूर और विशाल मामले में अबतक तक फरार हैं। पुलिस को आशंका है कि फरार दोनों आरोपितों ने खुद या दूसरे से संजय कुमार सिंह की हत्या करवाई है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार की शाम को सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के गैलेक्सिया मॉल के सामने स्थित काली मंदिर रोड में अपराधियों ने संजय कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। संजय राजधानी के जमीन कारोबारी कमल भूषण (अब मृत) के अकाउंटेंट थे। स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो अपराधियों ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे।

# मुख्यमंत्री के समक्ष पांच आदिवासी संगठनों के सदस्यों ने हथियार सौंपे

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा की मौजूदगी में पांच संगठनों के 1,182 सदस्यों ने अपने हथियार सौंपकर राष्ट्र की मुख्य धारा में लौटने की शपथ ली। मुख्यमंत्री ने आदिवासी कल्याण और विकास परिषद के गठन की घोषणा की।गुरुवार को स्थानीय श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसीएमए, बीसीएफ, आनला, एसटीएफ और एपीए संगठन के 1,182 सदस्यों ने अपने हथियार सौंपकर राष्ट्र की मुख्य धारा में लौटने की शपथ ली। सभी सदस्य अपने पूरे पोशाक में उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आदिवासी कल्याण और विकास परिषद के गठन की घोषणा की। दरअसल, इस परिषद के गठन पर गत 15 सितम्बर, 2015 को पांच आदिवासी सशस्त्र संगठनों के सरकार के साथ हुए ऐतिहासिक शांति समझौते के दौरान सहमति बनी थी।इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से असम में विद्रोह को समाप्त कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हस्ताक्षर किये गये आदिवासी समझौते ने आदिवासियों की आकांक्षा को प्रतिबंबित करने के लिए एक कल्याण और विकास परिषद की स्थापना की गयी है। शपथ ग्रहण समारोह के साथ सभी ने अपनी वचनबद्धता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम ने शांति का प्रयास रंग लाया है। पूर्वोत्तर में शांति और प्रगति के मिशन में शामिल होने वाले विभिन्न आदिवासी विद्रोही संगठनों के 1,182 सदस्यों का हार्दिक स्वागत करता हूं।शांति समझौते के तहत गुरुवार को राज्य में सामूहिक रूप से संगठनों को भंग करने का औपचारिक रूप से ऐलान किया गया। कार्यक्रम में कोकराझार जिला



के गोसाईगांव स्थित माटियाजुरी स्थित शहीद भवन में संगठन को पूरी तरह से भंग करने की औपचारिकता निभाई गयी। इस मौके पर संगठन के सदस्य पूरे परिधान में अपने परिजनों के साथ मौजूद थे। वहीं, कोकराझार जिला के नायेक गांव में आनला के अस्थायी शिविर में गुरुवार को फ्लैग डाउन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आज हुए ऐतिहासिक समझौते को अस्थायी शिविर में आनंद और उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम स्थल पर पांचों संगठनों के सौंपे गये हथियारों की एक प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी। कार्यक्रम के दौरान पांचों संगठनों के 16 प्रमुख नेताओं ने आदिवासी कल्याण और विकास परिषद के नाम से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद आज औपचारिक रूप से शपथ ग्रहण भी किया। इस मौके पर असम सरकार के मंत्री संजय किसान, पियूष हजारिका, राज्य सभा सांसद कामाख्या प्रसाद तासा, पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह के साथ ही अन्य कई विधायक एवं असम पुलिस के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे।उल्लेखनीय है कि वर्ष 1996 में राज्य में विशेष दो जनगोष्ठियों के बीच संघर्ष शुरू हुआ था। इसके बाद अपने अधिकार की मांग करते हुए आदिवासी जनगोष्ठियों के पांच सशस्त्र संगठनों का जन्म हुआ था। इसमें एक प्रमुख संगठन आदिवासी कोबरा मिलिटेंट आफ असम (आकमा) भी शामिल हैं। उक्त संगठन के कई सदस्यों ने वर्ष 2012 में युद्ध विराम की घोषणा की थी। उसके बाद राज्य और केंद्र सरकार के साथ चर्चा करते हुए 2015 में कई संगठनों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये थे।